
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



राज्य सरकार द्वारा सरकारी विज्ञापनों के लिए अधिकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

# जागरूक जनता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

पौष, पक्ष - शुक्ल, तिथि - चतुर्दशी, संवत 2077 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-6, अंक-48, 27 जनवरी - 2 फरवरी, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## हिंसा फैलाने में ये नेता शामिल

**राष्ट्रीय** राजधानी में हिंसा फैलाने के मामले में दिल्ली पुलिस ने जिन किसान नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है उनमें- राकेश टिकैत, योगेंद्र यादव, वीएम सिंह, विजेंदर सिंह, हरपाल सिंह, विनोद कुमार, दर्शन पाल, राजेंद्र सिंह, बलवीर सिंह राजेवाल, बूटा सिंह, जगतार बाजवा, जोगिंदर सिंह उगराहां के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं।

# दिल्ली हिंसा के बाद आंदोलन में फूट

## 37 किसान नेताओं पर FIR के 3 घंटे के भीतर दो संगठन आंदोलन से अलग, चिल्ला बॉर्डर से टेंट उखाड़ने शुरू किए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**नई दिल्ली।** 26 जनवरी को दिल्ली में ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के 24 घंटे के भीतर दो किसान संगठनों ने खुद को आंदोलन से अलग कर लिया। दिल्ली पुलिस ने हिंसा मामले में बुधवार को 37 किसान नेताओं पर FIR दर्ज कर 200 उपद्रवियों को हिरासत में लिया। इस एक्शन के करीब 3 घंटे बाद राष्ट्रीय मजदूर किसान संगठन और भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने खुद को आंदोलन से अलग कर लिया। भानु गुट ने तो चिल्ला बॉर्डर से अपने टेंट उखाड़ने भी शुरू कर दिए हैं। सबसे पहले शाम करीब साढ़े 4 बजे राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने खुद को आंदोलन से अलग किया। संगठन के चीफ वीएम सिंह ने कहा कि दिल्ली में जो हंगामा और हिंसा हुई, उसकी जिम्मेदारी भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को लेनी चाहिए। हम ऐसे किसी शख्स के साथ विरोध को आगे नहीं बढ़ा सकते, जिसकी दिशा कुछ और हो। इसके महज 15 मिनट बाद भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने भी प्रदर्शन खत्म करने का ऐलान कर दिया। इसके अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मंगलवार को दिल्ली में जो कुछ भी हुआ, उससे मैं बहुत दुखी हूं और 58 दिनों का हमारा प्रोटेस्ट खत्म कर रहा हूं। भानु प्रताप सिंह का संगठन चिल्ला बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहा था।

## परेड में हिंसा के बाद पुलिस और प्रशासन के 3 एक्शन

### 1. जानलेवा हमले, डकैती की धाराओं में 22 केस, 37 किसानों पर शर्तें तोड़ने का मामला

**दिल्ली** पुलिस ने हिंसा, तोड़फोड़ और नियम तोड़ने की घटनाओं में 22 एफआईआर दर्ज की हैं। इनमें जानलेवा हमले, डकैती, सरकारी काम में रुकावट डालने और नियम तोड़ने जैसी धाराएं लगाई गई हैं। इनमें से एक एफआईआर में 37 किसान नेताओं को आरोपी बनाया गया है। इनमें राकेश टिकैत, मेधा पाटकर, योगेंद्र यादव, दर्शन पाल, राजिंदर सिंह, बलबीर सिंह राजेवाल, बूटा सिंह बुर्जगिल और जोगिंदर सिंह भी शामिल हैं। किसान नेताओं के खिलाफ ट्रैक्टर रैली की शर्तें तोड़ने का केस दर्ज किया गया है। इन्हीं लोगों ने उस NOC पर साइन किए थे, जो पुलिस ने ट्रैक्टर रैली के लिए जारी की थी। रैली से पहले टिकैत का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इसमें टिकैत लोगों से कह रहे थे कि लाठी साथ रखना अपनी, झंडा लगाने के लिए, समझ जाना सारी बात।


### 2. लाल किले पर आरएएफ तैनात, ड्रोन से निगरानी

किसानों ने मंगलवार को लाल किले में भी तोड़-फोड़ की थी। पुलिस ने उन्हें 3 घंटे के अंदर खदेड़ दिया। लाल किले पर बुधवार को भी भारी सुरक्षाबल तैनात है। यहां रैपिड एक्शन फोर्स लगाई गई है। ड्रोन से नजर रखी जा रही है। सरकार भी हालात पर नजर रखे हुए है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल ने लाल किले पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने अफसरों से रिपोर्ट मांगी है।

### 3. हरियाणा में सीकरी हिंसा मामले में 2000 से ज्यादा किसानों पर एफआईआर

फरीदाबाद के सीकरी बॉर्डर पर ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा के बाद बुधवार को पुलिस ने 2 हजार से ज्यादा किसानों पर केस दर्ज किया है। उन पर हत्या की कोशिश समेत कई दूसरी धाराएं लगाई गई हैं। उन किसानों की पहचान की जा रही है, जिन्होंने पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिश व पथराव किया था। फरीदाबाद में धारा-144 लागू कर दी गई है।

## सीने में दर्द के बाद गांगुली दोबारा अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष सौरव गांगुली की तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई है। उन्हें कोलकाता के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों के मुताबिक, गांगुली को फिर से सीने में दर्द की शिकायत हुई है। उनकी आर्टरी में दो और ब्लॉकेज हैं। इससे पहले उन्हें 2 जनवरी को कार्डियक अरेस्ट के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तब उनकी एक आर्टरी से ब्लॉकेज को हटाया गया था। इसके बाद उन्हें 7 जनवरी को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया था।

**2 जनवरी को कार्डियक अरेस्ट आया था**

### गांगुली की एंजियोप्लास्टी हुई थी

पिछली बार तबीयत खराब होने के बाद गांगुली की एंजियोप्लास्टी की गई थी। 5 जनवरी को सीनियर कार्डियक सर्जन डॉक्टर देवी शेट्टी ने कहा था, "गांगुली को कोई बड़ी समस्या नहीं है। कोरोनरी आर्टरी में ब्लॉकेज की दिक्कत सभी भारतीय को आती है। उनके दिल में कोई प्रॉब्लम नहीं है। 48 साल के गांगुली का दिल 28 साल पहले जैसा था, अब भी वैसा ही है।" पिछली बार गांगुली की तबीयत खराब होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी पत्नी डोना से बात की थी और गांगुली के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। इससे पहले होम मिनिस्टर अमित शाह ने भी फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली थी।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने की टीकाकरण की अब तक की प्रगति समीक्षा

# लोगों को निरंतर जागरूक किया जाए: गहलोत



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कहना है कि ये खुशी की बात है कि प्रदेश में कोरोना वैक्सीनेशन कराने वाले स्वास्थ्य कर्मियों में अभी तक किसी तरह के गंभीर साइड इफेक्टस नहीं दिखे हैं। हैल्थ केयर वर्कर्स उत्साह के साथ आगे आकर वैक्सीन लगवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन को लेकर किसी तरह कि भ्रांति न रहे, इसके लिए लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर वीसी के माध्यम से वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने हैल्थ केयर वर्कर्स एवं आमजन का आहवान किया कि वे टीकाकरण करवाएं और किसी भी तरह की भ्रांति से बचें। उन्होंने भारत सरकार की गाइडलाइन को फॉलो करते हुए प्रदेश में वैक्सीनेशन के लक्ष्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरोप सहित विश्व के कुछ देशों में कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए हमें पूरी तरह सावचेत रहने की जरूरत है। हैल्थ केयर वर्कर्स का वैक्सीनेशन होने पर वे आगे आने वाली किसी भी चुनौती का मुकाबला पूरे आत्मविश्वास के साथ कर पाएंगे और कोरोना से प्रदेशवासियों के जीवन की रक्षा का अपना दायित्व बखूबी निभा सकेंगे।

### गहलोत कैबिनेट की बैठक एक बार फिर स्थगित, एक सप्ताह में दूसरी बार हुई स्थगित

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विधानसभा सत्र की तैयारियों सहित कई मुद्दों पर चर्चा के लिए आज शाम पांच बजे प्रस्तावित गहलोत कैबिनेट की बैठक एक बार फिर टाल दी गई है । हालांकि बैठक स्थगित होने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। एक सप्ताह में दूसरी बार गहलोत कैबिनेट की बैठक स्थगित की गई है। इससे पहले पिछले बुधवार को कांग्रेस विधायक गजेंद्र सिंह शक्तावत के निधन के चलते कैबिनेट की बैठक स्थगित की गई थी ।

IPL मिनी ऑक्शन 18 फरवरी को चेन्नई में

# टूर्नामेंट के लिए भारत पहली पसंद

## UAE दूसरा ऑप्शन; सभी 8 टीमें 196.6 करोड़ रु. खर्च कर सकेंगी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के लिए मिनी ऑक्शन 18 फरवरी को चेन्नई में होगी। आईपीएल मैनेजमेंट ने सोशल मीडिया के जरिए यह पुष्टि की। उनके मुताबिक, इस साल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए भारत पहली पसंद है। UAE को दूसरे ऑप्शन के तौर पर रखा गया है। मैनेजमेंट ने कहा कि फिलहाल, सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के बाद ही IPL कराने को लेकर बात करना चाहिए। क्योंकि तब हम यह बेहतर तरीके से कह पाएंगे कि टूर्नामेंट देश में कराना सही होगा या नहीं। टूर्नामेंट के लिए सरकार की मंजूरी भी जरूरी होगी।

### 8 टीम ने 57 प्लेयर्स को रिलीज किया

**इस** बार 8 IPL फ्रेंचाइजी ने कुल 57 प्लेयर्स को रिलीज किया है। राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान स्टीव स्मिथ और किंग्स इलेवन पंजाब ने ग्लेन मैक्सवेल को रिलीज कर दिया। नीलामी में इन पर टीमें बड़ा दांव लगाती दिखेंगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सबसे ज्यादा 10 खिलाड़ियों को रिलीज किया। वहीं, पंजाब ने 9, राजस्थान ने 8, मुंबई ने 7, चेन्नई, कोलकाता और दिल्ली ने 6-6 और हैदराबाद ने 5 खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया।

### नीलामी में 8 फ्रेंचाइजी 196.6 करोड़ रुपए ही खर्च कर सकेंगी

**20** जनवरी को ही सभी 8 टीमों ने रिटेन और रिलीज खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी। सभी ने 483.39 करोड़ रुपए की कुल कीमत के 139 खिलाड़ियों को रिटेन किया। वहीं, 196.6 करोड़ रुपए कीमत के 57 खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी ने रिलीज किया। यानी अब सभी 8 फ्रेंचाइजी के पास IPL ऑक्शन 2021 में खर्च करने के लिए 196.6 करोड़ रुपए होंगे।

### एक टीम में मैक्सिमम और मिनिमम कितने खिलाड़ी होंगे?

**इस** बार IPL 8 ही टीमों के साथ होगा, जबकि 2022 के सीजन में 2 टीमें बढ़ेंगी। इस साल मिनी ऑक्शन ही होगा। अगले साल मेगा ऑक्शन हो सकता है। 2020 के मिनी ऑक्शन में 73 स्लॉट में 332 खिलाड़ियों को चुनने के लिए 8 टीमों ने बोली लगाई थी। इसमें से सिर्फ 29 विदेशी व 33 भारतीय समेत 62 खिलाड़ी ही खरीदे गए थे।

।।श्रीहरि।।

## करबद्ध विनम्र अपील (सादर निवेदन)

## मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए: कन्हैयालाल झंवर



कन्हैयालाल झंवर

सम्माननीय (माताओं, बहनों, सज्जनों, बुजुर्गों, युवा साथियों व आदरणीय मतदाताओं) हृदय की गहराईयों से सादर प्रणाम।

मैं आपका जन सेवक कन्हैयालाल झंवर आप सभी नोखा निवासियों से हाथ जोड़कर आदर सहित विनम्र निवेदन (अपील) कर रहा हूँ कि 28 जनवरी, 2021 को होने वाले नगरपालिका चुनाव में विकास मंच के चुनाव चिन्ह घड़ी पर अपना अमूल्य मत व समर्थन देकर विकास मंच के उम्मीद्वारों को भारी मतों से विजयी बनायें।

मैं पिछले कुछ समय से अस्वस्थ हूँ। मेरी हार्दिक इच्छा आप सभी से व्यक्तिगत घर–घर जाकर मिलने की है लेकिन मैं विवश हूँ, मैं अस्वस्थता के कारण आप लोगों से मिल नहीं पाया हूँ। अतः मेरी हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि विकास मंच को जिताऐं।

आपने गत तीन चुनावों में आपके आशीर्वाद से विकास मंच का बोर्ड बनाकर विकास को समर्थन दिया है, उसके लिए मैं हृदय तल की गहराईयों से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ व आपके आशीर्वाद को प्रणाम करता हूँ।

पूर्व में मैंने व डॉ. सीताराम पंचारिया जी ने विकास के प्रयास किये हैं। विकास मंच से आपने मुझे आशीर्वाद देकर सन् 2005 में नगरपालिका चेयरमैन एवम् 2008 में विधायक बनाया जिसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा। विगत बोर्ड (2015 से 2020) में नारायण झंवर के नेतृत्व में अनेकों कार्य आपकी आशाओं, अपेक्षाओं व भावनाओं के अनुरूप किये हैं जिसके फलस्वरूप नोखा नगरपालिका न केवल बीकानेर जिले में अपितु सम्पूर्ण बीकानेर सम्भाग व राजस्थान में विकास, स्वच्छता, कोरोना काल में दी गई सेवाएं, बेसहारा गौवंश आश्रय (नन्दीशाला), नहरी पानी के लिए योजना स्वीकृति, सब्जी मण्डी (समस्या–समाधान), आरओ ट्रीटमेंट प्लांट की जमीन क्रय, सौंदर्यकरण, हाईवे सड़क पुननिर्माण, बालिका शिक्षा, नवलीगेट मिनी बस स्टेण्ड स्थानान्तरण कर दुर्धटनाओं पर नियंत्रण, जानमाल की दृष्टि से सुरक्षा कार्य हो या गौरव दिलाने वाला सम्पूर्ण राजस्थान में तीसरा स्थान हो।

आपकी हर समस्या का समाधान फोन पर करने का भरसक प्रयास रहा है एवं आगे भी रहेगा।

अभी आगे नोखा को स्मार्ट सिटी, नहरी पानी, घर बैठे फोन पर नगरपालिका सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्य, बालिका महाविद्यालय आदि कई महत्वपूर्ण कार्य करेंगे। अतः आप मेरी विनम्र प्रार्थना को स्वीकार कर विकास मंच को विजयी बनायें। मेरा 50 वर्षों से आपकी सेवा करने का भरसक प्रयास रहा है। आपकी सेवा व नोखा के समग्र विकास में ही मेरी खुशी है। इस अपील के माध्यम से मेरी व्यक्तिगत हाजरी स्वीकार करने की कृपा करें।

विपक्ष की अफवाहों एवं झूठे मनगढ़न्त प्रोपेगेण्डा से सजग रहें, यही हमारी विनती है।

**विकास मंच के प्रत्याशी को आप द्वारा दिया गया प्रत्येक वोट मुझे ही मिलेगा।**

**आपका साथ शक्ति–आपके साथ तरक्की।।**

## कहो दिल से-विकास मंच फिर से।।



चुनाव चिह्न
घड़ी

प्रार्थी निवेदक :
सदैव आपका अपना

## कन्हैयालाल झंवर
## विकास मंच, नोखा

विकास मंच नोखा द्वारा प्रचारित एवं प्रसारित

| तापमान | अधि. | न्यू. |
| --- | --- | --- |
| जयपुर | 20°C | 06°C |
| जोधपुर | 23°C | 07°C |
| अजमेर | 20°C | 07°C |
| उदयपुर | 21°C | 05°C |

सूर्योदय प्रात: 07:18 बजे सूर्यास्त सांय : 06:00 बजे चन्द्रोदय 04:40 बजे चन्द्रास्त 06:03 बजे

## छात्राओं ने निकाली कोरोना जागरूकता रैली



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गणगौरी बाजार की छात्राओं द्वारा ब्रह्मपुरी चौक तक जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर के निर्देशन में कोविड-19 विशेष जागरूकता रैली एवं नुककड़ नाटक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ जयश्री भार्गव प्रधानाचार्य द्वारा की गई। मुख्य अतिथि योगेश जैमन कलेक्ट्रेट प्रतिनिधि एवं राजकुमार राजपाल राधे लाल शर्मा जिला स्तरीय कोरोना जागरूकता मास्टर ट्रेनर रहे लगभग 400 मास्को का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल रुचि ,रवि शंकर शर्मा व्याख्याता, राजकुमारी जैन, चंद्रकांता पारीक, विशाल जैन आदि समस्त स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग दिया। अंत में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम ,सिविल डिफेंस कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में सहयोग के लिए आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया मंच संचालन रवि शंकर शर्मा द्वारा किया गया।

## लीलाधारी हनुमानजी को लगाया पौष बड़े का भोग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित जेपी कॉलोनी में लीलाधारी हनुमान मंदिर में पौष बड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी की विशेष झांकी सजाकर पोषाक धारण करवाई गई। गायक कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में तिरंगे के रूप वाले गुब्बारों से सजाया गया। अंत में सभी भक्तों को, कॉलोनीवासियों को पौषबड़ा, हलवा की दोना प्रसादी वितरित की गई।

## पार्षद रूप कंवर ने किया झंडारोहण





**जयपुर @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस के मौके पर वार्ड नंबर 24 के पार्षद कार्यालय पर रूप कंवर पार्षद द्वारा झंडारोहण किया गया। इस प्रोग्राम दौरान सेक्टर 4 विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल पालीवाल, सचिव रवि शंकर धाबाई, राजेश मंगला, द्वारका प्रसाद, विक्रम सिंह तंवर, लोकेश, उमेद सिंह शेखावत अध्यक्ष विकास, जे पी कालोनी विकास समिति, रुप कंवर पार्षद आदि गणमान्य नागरिकगण ने संबोधित किया। तत्पश्चात लाइब्रेरी सेक्टर 4 पर, शिव हनुमान मंदिर सेक्टर 4 में व राप्रा विद्यालय में भी झंडारोहण प्रोग्राम हर्षोल्लास के साथ हुआ। सेंट्रल स्पाइन व्यापार मंडल द्वारा हैंडलूम के पास व सैक्टर 10 में आयोजित प्रोग्राम में नरपत सिंह विधायक द्वारा झंडारोहण का प्रोग्राम हुआ। जिसमें वार्ड 24 की टीम व वार्ड 24 पार्षद महोदया द्वारा भी भाग लिया गया। वहां के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पार्षद महोदया को भी सम्मानित किया गया।

**राजधानी में गणतंत्र दिवस की धूम:** कोरोना गाइडलाइन का दिखा असर

# शहीदों को नमन, चौपड़ पर गहलोत ने किया ध्वजारोहण

### राज्य स्तरीय समारोह पर कोरोना गाइडलाइन का असर, स्कूली बच्चों के कार्यक्रम नहीं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस के मौके पर राजधानी के एसएमएस स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने ध्वजारोहण किया। राज्यपाल ने परेड का निरीक्षण किया। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने से पहले राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमर जवान ज्योति पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में कोरोना गाइडलाइन के चलते इस बार उत्कृष्ट काम करने वाले अफसर कर्मचारियों और सामाजिक क्षेत्र के लोगों का सम्मान कार्यक्रम नहीं रखा गया।

### मुख्यमंत्री ने सीएम निवास, बड़ी चौपड़ पर किया ध्वजारोहण

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुबह 7 बजे सीएम निवास पर ध्वजारोहण किया और सलामी ली।



सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें गार्ड आ ऑनर दिया। बड़ी चौपड़ पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ध्वजारोहण किया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश वासियों के गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। गहलोत ने कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व संवैधानिक मूल्यों में लोगों की आस्था का प्रतीक है। आज के दिन हम सभी देशवासी भारतीय लोकतंत्र को सशक्त बनाने तथा इस मुल्क को एक एवं अखंड रखने का संकल्प लें।

### कांग्रेस–बीजेपी दफ्तरों पर ध्वजारोहण

राजधानी में स्टेशन रोड स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ध्वजारोहण किया। कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं ने सलामी दी। राष्ट्रगान गाया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इसके बाद गहलोत ने लोगों को संबोधित किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने बड़ी चौपड़ एवं भाजपा प्रदेश कार्यालय पर किया झण्डारोहण




## हम सौभाग्यशाली हैं, सनातन देश भारत की धरती है-डॉ. पूनियां

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने 72वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर झण्डारोहण किया एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस दौरान डॉ. पूनियां ने विगत 40 वर्षों से बड़ी चैपड़ पर भाजपा की ओर से लगातार तिरंगा फहराने की व्यवस्थाएं किये जाने पर जयपुर शहर के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक पाण्ड्या का माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इससे पहले डॉ. पूनियां ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्रीय उत्सव गणतंत्र दिवस पर भारत की छोटी काशी जयपुर में बड़ी चौपड़ पर झण्डारोहण किया। उन्होंने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली हैं कि विश्व के सबसे सुन्दर एवं सनातन देश भारत की धरती पर पैदा हुए और आज हम जिस आजादी की खुली सांस ले रहे हैं, जिन अधिकारों का उपयोग कर रहे हैं वह हमारे महापुरूषों के बुद्धि कौशल एवं परिश्रम का फल है। प्रदेश कार्यालय में इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चैधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामकुमार भूतड़ा, प्रदेश मंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, महेन्द्र जाटव, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा, सांसद रामचरण बोहरा, प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार, आईटी प्रदेश प्रभारी अविनाश जोशी, विधायक अशोक लाहोटी, पूर्व जयपुर शहर अध्यक्ष शैलेन्द्र भार्गव, पूर्व विधायक मोहन लाल गुप्ता, फूलचन्द भिण्डा, जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्णावट, सत्कार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजय धांधिया, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पारीक, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अल्का मूंदड़ा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाणा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री हमीद खान मेवाती, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेन्द्र सिंह नरूका, पूर्व विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक योगेन्द्र सिंह तंवर, नीति विषयक शोध विभाग के प्रदेश प्रमुख डॉ. अखिल शुक्ला, आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सतीश सरीन, भाजयुमो के विधि संयोजक कपिल सिंह सिसोदिया, डॉ. एस.एस. अग्रवाल, राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मुनव्वर खान, राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य एच. खान, कला संस्कृति बोर्ड के पूर्व चैयरमेन अशोक पाण्ड्या, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. अशोक यादव सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण के बाद सीएम गहलोत ने कहा,देश में लोकतंत्र को खतरा...प्रदेशों में चुनी हुई सरकारों को गिराया जा रहा है

# सरकार को डिस्टर्ब करने वालों की चाल को जनता ने कामयाब नहीं होने दिया-गहलोत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com


**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बड़ी चौपड़ पर ध्वजारोहण के बाद केंद्र सरकार और बीजेपी को निशाने पर लिया। गहलोत ने कहा, आज देश में लोकतंत्र को खतरे हैं। देश में जिस रूप में शासन चल रहा है, ज्यूडिशियरी पर दबाव है। इनकम टैक्स-सीबीआई-ईडी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है।जिस तरह से अलग-अलग प्रदेशों के अंदर सरकारें गिराई जा रही हैं। राजस्थान की जनता एकजुट रही, इसलिए उन लोगों की चाल नहीं चलने दी जो लोग चाहते थे कि राजस्थान की सरकार डिस्टर्ब हो। ये सब जनता की ताकत का परिणाम था। गहलोत ने कहा, लोकतंत्र में ये अच्छी परंपरा नहीं है, लोकतंत्र में असहमति का भी स्थान होता है, लोकतंत्र की खासियत यही है कि जो आपसे असहमत हैं उनकी भावनाओं की कद्र करें। पर इस मुल्क के अंदर जो असहमति व्यक्त करते हैं, वो देशद्रोही के रूप में स्थापित किए जाते हैं। ये बहुत ही खतरनाक संकेत है देश के लिए भी, प्रदेश के लिए भी कि हम सबको प्रदेशवासियों को इन बातों को गहराई से समझना है।



### तीनों कृषि कानून रद्द करे केंद्र,जिनके लिए कानून बनाए उन्हें ही ये स्वीकार नहीं-गहलोत

गहलोत ने किसान आंदोलन को लेकर भी केंद्र को आड़े हाथों लिया। गहलोत ने कहा, किसान दो माह से ठंड के अंदर बैठे हैं। कोई उनकी सुनने वाला नहीं है। पूरा देश नहीं पूरा विश्व देख रहा है कि ये हो क्या रहा है हिंदुस्तान के अंदर। आजादी के बाद ऐसी पंररपरा और माहौल कभी नहीं देखा। हमारे अन्नदाता किसान की यह हालत बना दी केंद्र ने। कानून बनाने वाले हम लोग हैं, कानून की व्याख्या करने वाले हम लोग हैं, पर जिनके लिए ये कानून बनते हैं उनको विश्वास में लेना जरूरी होता है। किसान इन कानूनों से सहमत नहीं हैं। मेरी केंद्र से मांग है कि अविलंब तीनों कृषि कानूनों को रद्द करें, जो कानून जिनके लिए बनाए गए हैं उन्हीं को स्वीकार नहीं हैं।



**72वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह : मुख्यमंत्री गहलोत एवं विस अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी भी रहे उपस्थित**

# उत्साह, उमंग, भव्यता के साथ मनाया गया राष्ट्रीय चेतना का उत्सव गणतंत्र दिवस

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश के 72 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर मंगलवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सीपी जोशी भी उपस्थित थे। समारोह में हाडीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, एसडीआरएफ, जीआरपी, चौदहवीं बटालियन आरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, कारागृह आदि की बटालियन ने परेड में हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी रंजिता शर्मा ने किया।

### लोककलाकारों ने दी प्रस्तुति

**हल्की** सर्दी और गुनगुनी धूप में लोककलाकारो, पुलिस बैंड ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। स्टेडियम में जब मांगणियार कलाकारों का प्रवेश हुआ तो पूरा माहौल जैसे लोक संस्कृति से सराबोर हो गया। प्रख्यात रंग निर्देशक भानु भारती के निर्देशन में राजस्थान की नृत्य और गायन की परम्पराओं को स्टेडियम में जीवंत किया गया। राजस्थान पुलिस के जवानों ने मोटर साइकिल एवं घुड़सवारी के अद्भुत करतब दिखा कर शौर्य, साहस एवं संतुलन की मिसाल पेश की। बैंड मास्टर हवलदार जगजीत सिंह के नेतृत्व में सेना बैंड एवं नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सेन्ट्रल पुलिस बैंड ने देशभक्तिपूर्ण गीतों की धुनों पर समवेत स्वर में प्रस्तुतियां दी। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य सचिव निरंजन आर्य, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर सहित जनप्रतिनिधिगण अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# पंचायतों में बैंकों के माध्यम से ही जारी रहेगी भुगतान की व्यवस्था

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंचायतों की भुगतान व्यवस्था को पूर्व की भांति ही बैंकों के माध्यम से जारी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से सरपंचों ने पंचायतीराज संस्थाओं एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं के भुगतान के लिए बैंक खातों के स्थान पर पीडी खाता प्रणाली को लागू करने के संबंध में आ रही व्यावहारिक समस्याओं से राज्य सरकार को अवगत कराया था। इन समस्याओं के निदान के लिए मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री हुई बैठक में चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायतों की भुगतान व्यवस्था को पूर्ववत जारी रखा जाए, ताकि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास से संबंधित कार्यों में किसी तरह की व्यावहारिक बाधाएं न आए। कोविड-19 महामारी से उत्पन्न विषम वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद न केवल राज्य सरकार ने कोरोना का सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन किया है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 से उपजी विषम वित्तीय परिस्थितियों के दृष्टिगत वित्तीय प्रबंधन की दृष्टि से सरकार ने पंचायतीराज संस्थाओं व स्वायत्तशासी संस्थाओं के भुगतान के लिए पीडी अकाउंट प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया था, लेकिन व्यावहारिक कठिनाइयों के मद्देनजर वापस पूर्ववत व्यवस्था जारी रखने का निर्णय लिया है।

# पेट्रोल-डीजल के दामों पर राज्यों को दोष देना बकवास-गहलोत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार पर ही ठीकरा फोड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की अर्थव्यवस्था जिस रूप में वो बताना नहीं चाहते हैं कि क्या स्थिति है। गहलोत ने आरोप लगाया कि आरबीआई कभी-कभी अपना मुंह खोलता है, कोई बोल नहीं रहा है। पेट्रोल के दाम जब 60-65 रुपए हो गए थे यूपीए गवर्नमेंट के वक्त में 140 डॉलर प्रति बैरल रेट्स थीं उस वक्त में, अब वो 40 पर आ गई हैं, 35 पर आ गई हैं, तब भी भाव कम करने की बजाय बढ़ाए क्यों जा रहे हैं? राज्यों को दोष देना बहुत ही बकवास बात है, राज्य कुछ एक्साइज वसूल करती हैं, मुख्य रूप से जो एक्साइज और एडिशनल एक्साइज और आपको जानकर दुःख होगा कि जो एक्साइज मिलती है तीन तरह की एक्साइज है वहां पर जो लगती है पेट्रोल-डीजल पर। एक एक्साइज जिसमें राज्यों का हिस्सा होता है सब राज्यों का, उसको तो घटा रहे हैं वहां पर और जो हिस्सा राज्यों का नहीं होता है उसको बढ़ा रहे हैं अपनी इनकम करने के लिए, तो इनका वित्तीय प्रबंधन है कहां पर।

























## मकर संक्रांति पर घायल 56 कबूतर हुए आजाद

**जयपुर @ जागरूक जनता।** रक्षा संस्थान, वन विभाग राजस्थान, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया और आइफ़ा की ओर से मंगलवार 26 जनवरी को रिपब्लिक दिवस के मौके पर 56 कबूतरों को आज़ाद किया गया। यह सभी कबूतर मकर संक्रांति के समय ग्लास-कोटेड मन्झे से घायल हुए थे। इसके अलावा संस्थान ने 22 जनवरी से अब तक मांझे से घायल होकर स्वस्थ हुए 2 मोरनी, 1 मोर,1 तीतर,1 ग्रेटर कूकल, 1 इंडियन रोबिन, 4 चील, 2 बार्न आउल, 2 टिटहरी,1 वाइट ब्रेस्टेड वाटर हेन को भी प्राकतिक आवास पर रिलीज किया। 18 वर्ष मे यह पहला साल है जिसमे मकर संक्रांति पर पक्षी कम घायल हुए, इसका सारा श्रेय जन जागरुकता और कम पतंगबाजी रही। संस्थान के रोहित ने बताया कि इस वर्ष कोविड के बाद बर्ड फ्लू ने दस्तक दी थी इसलिए पक्षियों को रेस्क्यू करना चुनौती भरा था।











ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**बुधवार, जनवरी 27/01/2021**

**सूर्योदय :** 07:18 **सूर्यास्त :** 18:00
**चन्द्रोदय :** 16:40 **चन्द्रास्त :** 06:03
**शक सम्वत :** 1942 सरवरी **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांतः** पौष **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** मिथुन **पक्ष :** शुक्ल
**तिथि :** चतुर्दशी, 25:14 तक **वार :** बुधवार
**द्रिक ऋतु :** शिशिर **वैदिक त्रतु :** हेमन्त
**द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण **शक सम्वत :** 1942 शर्वरी
**विक्रम सम्वत :** 2077 प्रमादी **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी

### नक्षत्र, योग तथा करण

| | |
|---|---|
| **नक्षत्र** | : पुनर्वसु, 27:44 तक |
| **योग** | : विष्कंभ, 20:51 तक |
| **प्रथम करण** | : गारा, 13:16 तक |
| **द्वितिय करण** | : वणिजा, 25:14 तक |

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | : 05:29 ए एम, जनवरी 28 से |
| प्रातः सन्ध्या | : 05:55 ए एम, जनवरी 28 से |
| विजय मुहूर्त | : 02:28 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | : 05:54 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | : 06:05 पी एम से |
| अमृत काल | : 01:22 ए एम, जनवरी 28 से |
| निशिता मुहूर्त | : 12:13 ए एम, जनवरी 28 से |
| रवि योग | : 07:15 ए एम से |

### दिन का चौघड़िया

| | |
|---|---|
| लाभ | : 07:17 - 08:38 |
| अमृत | : 08:38 - 09:58 |
| काल काल वेला | : 09:58 - 11:18 |
| शुभ | : 11:18 - 12:39 |
| रोग वार वेला | : 12:39 - 13:59 |
| उद्वेग | : 13:59 - 15:19 |
| चार | : 15:19 - 16:39 |
| लाभ | : 16:39 - 17:60 |

### रात का चौघड़िया

उद्वेग : 17:60 - 19:39
शुभ : 19:39 - 21:19
अमृत : 21:19 - 22:59
चार : 22:59 - 24:38
रोग : 24:38 - 26:18
काल : 26:18 - 27:58
लाभ : 27:58 - 29:37
उद्वेग : 29:37 - 31:17

### निवास और शूल

| | |
|---|---|
| **दिशा शूल** | : उत्तर में |
| **राहु काल वास** | : दक्षिण-पश्चिम में |
| **होमाहुति** | : चन्द्र |
| **अग्निवास** | : पृथ्वी |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज चतुर्दशी तिथि को करें कौन सा कार्य

चतुर्दशी भी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन भी कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र की मजबूती

अमेरिका में सत्ता परिवर्तन का न केवल स्वागत, बल्कि अनुकरण भी होना चाहिए। स्वागत इसलिए कि एक अपेक्षाकृत उदार, समावेशी, लोकतांत्रिक राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका की कमान संभाली है और अनुकरण इसलिए कि देश व व्यक्ति के हित में लोकतंत्र में असीम संभावनाएं फिर प्रबल हुई हैं। सत्ता हस्तांतरण में हुई दुखद समस्या के बावजूद अमेरिकी इतिहास के सबसे वरिष्ठतम या बुजुर्ग राष्ट्रपति ने अपने विरोधियों को भी गले लगाने और साथ लेकर चलने की महानता का प्रदर्शन किया है। ऐसा शायद सिर्फ लोकतंत्र में ही संभव है कि हम किसी असभ्यता को पूरी सभ्यता के साथ प्रतिउत्तर दे सकते हैं। दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र में प्रेरणा के सशक्त शब्दों का जो अकाल पड़ गया था, उसे दूर करने के प्रति बाइडन ने जो भाव प्रदर्शित किए हैं, उनकी व्यंजना दुनिया के तमाम देशों तक पहुंचेगी और तमाम लोकतंत्रों की बुनियाद मजबूत करने में अपनी विशेष भूमिका निभाएगी। हम शायद नहीं भूल सकेंगे कि डोनाल्ड ट्रंप ने कैसे अमेरिका और भारत जैसे लोकतंत्रों का मखौल उड़ाने वालों को मौका दिया था। लोकतंत्र पर हंसने वालों को बाइडन ने अपने भावपूर्ण उद्बोधन से ऐसा माकूल जवाब दिया है कि आज गैर-लोकतांत्रिक देश अचंभित व लज्जित होंगे। बाइडन का आना लोकतंत्र की खूबसूरती है। आमतौर पर यह देखा जाता है कि राजनीति में सेर भर आक्रामकता का मुकाबला सवा सेर आक्रामकता करती है और व्यवस्था दिनों-दिन बिगड़ती-अभद्र होती चली जाती है। लेकिन अमेरिका में दुनिया ने देख लिया कि आक्रामकता का मुकाबला उदारता भी सफलतापूर्वक कर सकती है। बाइडन ने जिस भावना का प्रदर्शन किया है, उसकी जरूरत उन्हें कदम-कदम पर पड़ने वाली है। आतंकवाद से लेकर प्रदूषण तक, और फलस्तीन से लेकर चीन तक अनगिनत चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं। बाइडन को अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर अमेरिका को व्यवस्थित करना है। कोरोना से लड़ते हुए अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान की जो कमजोरियां सामने आई हैं, उनका इलाज प्राथमिकता से होना चाहिए और अमेरिका को इस मोर्चे पर आदर्श बनकर उभरना चाहिए। अमेरिकी पूंजीवाद पर भी बाइडन की उदारता के छींटे पड़ने चाहिए। दुनिया को ऐसे सच्चे पूंजीवाद की जरूरत है, जिसमें लाभ साझा करने का भाव हो। यह अवसर है, जब भारतीयों को अनायास खुशी की अनुभूति हो रही है। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस अपने आप में एक इतिहास हैं। भारतीयों को भूलना नहीं चाहिए कि करीब सौ साल पहले कैसे भगत सिंह थिंड ने अमेरिकी नागरिकता के लिए संघर्ष किया था। किस संघर्ष से नागरिकता पाने के बाद दलीप सिंह सौंद अमेरिका में भारतीय मूल के पहले सांसद बने थे। ऐसे बहुत से भारतीय हैं, जो अमेरिकी नागरिकता के इंतजार में ही दुनिया से विदा हो गए। अब कमला हैरिस का उप-राष्ट्रपति बनना न सिर्फ भारतीयों, बल्कि दुनिया के अश्वेतों के लंबे संघर्ष का जीता-जागता प्रमाण है। बाइडन की पूरी टीम के लिए पद पाने की सार्थकता सिद्ध करने का यह सही समय है। लंबी-चौड़ी भारतीय मूल की टीम को मानवता की सेवा का बेहतरीन मौका मिला है, वह हाथ से जाना नहीं चाहिए। यह टीम अमेरिका को आतंकवाद व पूंजीवाद के मोर्चे पर महज न्यायपूर्ण भी रख पाई, तो दुनिया का भला हो जाएगा।

**'ये दिल मांगे मोर' की तर्ज पर सिने दर्शक और अधिक डिमांड करने लगे हैं और उनकी इस डिमांड को वेब सीरीज ने बड़ी आसानी से पूरा किया। अब वो दिन लद गए, जब उम्रदराज लोग घर पहुंचने के बाद टीवी धारावाहिक या बीते जमाने की कोई ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म देखा करते थे। आज का असली सिने दर्शक तो वो नौजवान है, जो अपनी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा किसी ना किसी ऐप के जरिये संचालित करना पसंद करता है। यही वह स्थिति है जो फिल्म निर्माताओं को ओटीटी कंटेंट तैयार करने के लिए प्रेरित करती है।**

# ओटीटी भी रहेगा और सिने उद्योग भी

**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार



**ओटीटी कंटेंट ने कस्बों और शहरों में भी सेंध लगा ली है। आज आलम यह है कि सस्ती दरों पर उपलब्ध इंटरनेट सुविधा के कारण छोटे-छोटे गांवों के नौजवान भी 'तांडव' और 'मिर्जापुर' या ऐसे ही दूसरे तमाम ओटीटी कंटेंट की चर्चा करने लगे हैं। हर मोबाइल स्क्रीन पर वेब सीरीज देखी जाने लगी हैं और इसी बदलाव का नतीजा है कि अमेजन प्राइम या हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म खूब फल-फूल रहे हैं।**



ओवर द टॉप यानी ओटीटी की लोकप्रियता बढ़ने के बाद क्या फिल्म उद्योग का भविष्य अभी भी उज्ज्वल है? यह एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब हर कोई तलाश रहा है। खास तौर पर सिनेमा और मनोरंजन की दुनिया में दिलचस्पी रखने वाला हर शख्स इस सवाल का सामना कर रहा है। इसी सवाल से जुड़ी एक शंका यह भी है कि तेजी से बदलती इस दुनिया में कहीं सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर भी हमेशा के लिए पीछे नहीं छूट जाएं। यूं भी मल्टीप्लैक्स आने के बाद सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों की संख्या बड़ी तेजी से कम हुई है और ऐसे सिनेमाघर अब सिर्फ छोटे कस्बों और शहरों तक ही सिमट गए हैं। और अब ओटीटी कंटेंट ने ऐसे कस्बों और शहरों में भी सेंध लगा ली है। आज आलम यह है कि सस्ती दरों पर उपलब्ध इंटरनेट सुविधा के कारण छोटे-छोटे गांवों के नौजवान भी 'तांडव' और 'मिर्जापुर' या ऐसे ही दूसरे तमाम ओटीटी कंटेंट की चर्चा करने लगे हैं। हर मोबाइल स्क्रीन पर वेब सीरीज देखी जाने लगी हैं और इसी बदलाव का नतीजा है कि अमेजन प्राइम या हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म खूब फल-फूल रहे हैं।

जब ओटीटी की शुरुआत हुई थी, तो इसका भारी विरोध किया गया कि यह सिनेमा हॉल में फिल्मों की रिलीज को समाप्त कर देगा और फिल्म व्यवसाय को बंद कर देगा। हालांकि ओटीटी और टीवी चैनलों के बावजूद पारंपरिक फिल्म उद्योग, सिनेमा हॉल और बड़े बजट की फिल्मों का आकर्षण बना रहा। बहुत सारे लोगों का आज भी यह मानना है कि यह आकर्षण हमेशा कायम रहेगा। ओटीटी केवल मनोरंजन उद्योग का पूरक है, जो मनोरंजन के कारोबार को वित्तीय रूप से अधिक आकर्षक बनाता है। ओटीटी पर दर्शकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और वर्तमान में इसके 20 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है। ओटीटी, औसत और छोटे बजट की फिल्मों को भी विश्व स्तर पर देखे जाने की सुविधा देता है, अन्यथा ये फिल्में डिब्बे में ही बंद रह जाएंगी। कोविड -19 के कारण, ओटीटी ने निर्माता को फिल्मों के प्रदर्शन के लिए एक विकल्प दिया, ताकि वह इस कठिन समय में धन-अर्जन कर सके, चाहे पैसे कम ही मिलते हों। दूसरी ओर, रिलीज और प्रचार लागत भी पिछले कुछ वर्षों में बेहद बढ़ गई है। सैटेलाइट बाजार में तेजी आने से, 90 के दशक में उत्पादन-लागत बढ़ गई और मल्टीप्लेक्स की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई। इन कारणों से उद्योग का प्रदर्शन लगातार खराब रहा। दूसरी तरफ, दर्शकों की फिल्म देखने की पसंद में भी बदलाव आने लगा। 'ये दिल मांगे मोर' की तर्ज पर वे और अधिक डिमांड करने लगे। उनकी डिमांड वेब सीरीज ने पूरी की और आज युवा वर्ग के ज्यादातर दर्शक वेब सीरीज को ज्यादा पसंद करने लगे हैं। अब वो दिन लद गए, जब उम्रदराज लोग घर पहुंचने के बाद टीवी धारावाहिक या बीते जमाने की कोई ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म देखा करते थे। आज का असली सिने दर्शक तो वो नौजवान है, जो अपनी जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा किसी ना किसी ऐप के जरिये संचालित करना पसंद करता है। यही वह स्थिति है जो फिल्म निर्माताओं को ओटीटी कंटेंट तैयार करने के लिए प्रेरित करती है। यह एक ऐसा बिजनेस मॉडल है, जिसमें निर्माता और वितरक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कोई नुकसान नहीं उठाते हैं। ओटीटी पर अपना कंटेंट बेचने वाले सभी निर्माताओं ने 10 से 100 प्रतिशत तक का मुनाफा कमाया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म के आने के बाद से और विशेषकर कोविड -19 लॉकडाउन के दौरान ओटीटी को बेची जाने वाली कंटेंट की मात्रा काफी अधिक रही है। दरअसल ओटीटी पर हर फिल्म सफल है, जो निर्माताओं के लिए एक आकर्षक स्थिति है। कोई प्रतिस्पर्धा या फ्लॉप का भय नहीं है। मनोरंजन उद्योग के अनुभवी लोग भी कहते हैं कि फिल्म निर्माण के लिए पेशेवर दृष्टिकोण अपनाना, सफलता के लिए आवश्यक है। उनका आशय यह है कि फिल्म निर्माण में निवेश किए गए धन की वापसी होनी चाहिए, हालांकि दूसरी ओर वे यह भी चाहते हैं कि उनकी फिल्में सिनेमा हॉल में देखी जाएं। इसका एक अर्थ यह भी हुआ कि फिल्म व्यवसाय तब तक बना रहेगा, जब तक व्यावसायिक रूप में संभावना बनी रहेगी।

लेकिन नए डिजिटल माध्यम यानी ओटीटी की भी अपनी सीमाएं हैं। ओटीटी सुविधा प्रदान करते हैं, लेकिन अनुभव नहीं। वे बड़ी स्क्रीन की तरह उत्साह व उमंग पैदा नहीं कर सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं जो मल्टीप्लेक्स और बड़े स्क्रीन के फिर से शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। सिनेमा की संस्कृति हमारे देश में बहुत गहरे रूप से जुड़ी है। लोग घर से बाहर जाकर सिनेमा देखने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एक बड़ी हिट फिल्म के साथ ही बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमा हॉल का रुख करेंगे। सिनेमा हॉल के लिए उपयुक्त कंटेंट की आवश्यकता है। दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा छोटे शहरों में फैला हुआ है। इसलिए, निर्माताओं और कंटेंट निर्माताओं का ध्यान केवल बड़े शहर के मल्टीप्लेक्स दर्शकों पर नहीं होना चाहिए। कंटेंट को कस्बों और गांवों के दर्शकों की रूचि के अनुरूप डिजाइन किया जाना चाहिए। हमें बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए फिल्म बनाने की आवश्यकता है, तभी मनोरंजन उद्योग भी बचा रहेगा और पारंपरिक सिनेमाघर भी।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## साप्ताहिक राशिफल



आचार्य राजेश शास्त्री
पौष, शुक्ल, चतुर्दशी, 2077
बुधवार, 27 जनवरी - 2 फरवरी, 2021

**मेष** व्यक्तिगत व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। मेल-जोल की झलक दिखाई देगी। सभी कार्य बनते जाएंगे।

**वृषभ** धन व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य मन के अनुकूल होने से मन प्रसन्न रहेगा। धन निवेश लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** जीवनसाथी की राय लें। व्यापार-व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में लाभ के योग बन रहे हैं।

**कर्क** कार्य की प्रबलता अधिक रहेगी। जीवन के प्रति आपकी सकारात्मक सोच कोई नई उपलब्धि दिला सकती है।

**सिंह** सप्ताह मिश्रित फलदायी होगा। निर्णय लेने से पहले विचार अवश्य करें। तेज गति से वाहन न चलाएं।

**कन्या** भाग्य आपका प्रबल रहेगा, जो भी काम करेंगे उनमें परिश्रम के अनुपात में लाभ दोगुना रहेगा।

**तुला** शत्रु चाहकर भी आपका कुछ अहित नहीं कर पाएंगे। धन प्राप्ति का विशेष योग बन रहा है।

**वृश्चिक** सप्ताह मध्यम फलदायी होगा। कार्यों में विघ्न-बाधाओं के संकेत प्राप्त हो रहे हैं।

**धनु** यात्रा लाभप्रद रहेगी। सुख, आनन्द व रोग मुक्ति के योग बन रहे हैं। आपको धन निवेश से भी लाभ होगा।

**मकर** युवाओं को कारोबार, नौकरी की तलाश में सफलता मिलेगी। अधिकारी सहायता करेंगे।

**कुंभ** मन प्रफुल्लित रहेगा। कार्य में मन लगेगा। बुद्धि एवं कल्पनाशक्ति का विकास होगा।

**मीन** वाणी पर संयम रखें। विवादों में ना उलझें। किसी विपरीत मानसिकता वाले वाले व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

# बच्चों के खेलने के लिए अब नहीं रहे सार्वजनिक पार्क



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
विचार
क्षमा शर्मा

कई साल पहले की बात है। एक बड़े नेता को हमारी सोसाइटी की एक बैठक में बुलाया गया था। चूंकि बड़े नेता आ रहे हैं, इसलिए खूब सजावट भी की गई थी। चाय, नाश्ते का भी प्रबंध था। बैठक में सोसाइटी के तमाम पदाधिकारी और अन्य लोग मौजूद थे। वे सब नेता का स्वागत-सत्कार कर रहे थे। नेता के सामने रखी मेज पर गुलदस्तों और मालाओं का ढेर लग चुका था। उनके सम्मान में कई लोग बोल चुके थे। स्वागत-सत्कार और भाषणों के बाद नेताजी खड़े होकर भाषण देने की तैयारी ही कर रहे थे कि तभी अचानक छोटे-बड़े चार-पांच बच्चे दौड़े आए और बिना किसी की परवाह किए उनसे शिकायत करने लगे कि हमें पार्क में खेलने नहीं दिया जाता। जैसे ही हम खेलना शुरू करते हैं, तभी कभी कोई न कोई चौकीदार, तो कभी कोई अंकल आकर हमें भगा देते हैं। और अगर हम न मानें, तो हमारे मम्मी-पापा से शिकायत करते हैं। नेताजी बार-बार कुछ बोलना चाहते थे, मगर बच्चे थे कि बोलते ही जा रहे थे। बड़ों ने उन्हें रोकने, चुप कराने की कोशिश की, तो नेताजी ने उन्हें मना किया । कहा कि बच्चों को अपनी बात कहने दें। वह उनकी बात सुनना चाहते हैं। बच्चों ने पूछा, आप ही बताइए कि हम कहां खेलें? आप हमारे मम्मी-पापा और इन सभी अंकल, आंटी को समझा दें कि वे हमें पार्क में खेलने दें। बच्चों की शिकायत का बड़े लोग और सोसाइटी के पदाधिकारी क्या जवाब देते। उनके तो चेहरे उतर गए। वे बच्चों को पार्क में खेलने से रोकने के लिए तरह-तरह की कोशिशें करते थे। बच्चे वहां दौड़-भाग कर ही न सकें, इसके लिए पार्क के बीचोबीच जगह-जगह बड़े-बड़े गमले रखवा दिया करते थे, जिससे कि बच्चे दौड़ते-दौड़ते रुक जाएं। गमले इतने भारी होते कि बच्चे चाहें, तब भी उनको खिसका न सकें और पार्क में फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन न खेल सकें।



**बड़े शहरों में, घरों में तो क्या, बहुत से स्कूलों में भी अब बच्चों के खेलने की पर्याप्त जगह नहीं है। हर एक सोसाइटी परिसर में भी पार्क नहीं है। बच्चे भाग-दौड़ के खेल अगर नहीं खेलते हैं, तो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है।**

वैसे भी, बड़े शहरों में, घरों में तो क्या, बहुत से स्कूलों में भी अब बच्चों के खेलने की पर्याप्त जगह नहीं है। हर एक सोसाइटी परिसर में भी पार्क नहीं है। बच्चे भाग-दौड़ के खेल अगर नहीं खेलते हैं, तो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। घर के भीतर बैठकर अगर वे कुछ खेलते हैं, मोबाइल गेम या किसी इंडोर गेम पर ध्यान लगाते हैं, तो देखा गया है कि लगातार वे कुछ न कुछ खाते रहते हैं। इससे वे मोटे हो जाते हैं। बहुत बार उन बीमारियों के शिकार हो जाते हैं, जिन्हें लाइफ मैनेजमेंट डिजीज कहा जाता है। ऐसी बीमारियां एक बार हो जाएं, तो कभी ठीक नहीं होतीं। कोरोना काल में तो चूंकि बच्चों की बाहरी गतिविधियां एकदम से रुक गई, इसलिए ऐसी खबरें आईं कि बड़ी संख्या में बच्चे मोटे हो रहे हैं। वे जोड़ों में दर्द की शिकायत कर रहे हैं। वैसे भी वे बच्चे कैसे, जो भागते-दौड़ते न दिखें। जिनका शोर मन को प्रफुल्लित न करे। जिनकी ये मारा और वो मारा और गोल, गोल की आवाजें सुनाई न दें। बैडमिंटन के रैकेट लिए वे हवा में उछलते, कूदते, फुटबाल के पीछे दौड़ते नजर न आएं। लेकिन इस सोच का क्या किया जाए, जहां पार्कों को सिर्फ बैठने, गप्प मारने या किसी आयोजन की जगह ही समझा जाने लगा है। जहां बच्चों के किसी भी खेल पर पाबंदी हो। सोचने की बात यह है कि इन्हीं पार्कों को शादी-ब्याह, जन्मदिन, मृत्युभोज, अखंडपाठ, साई संध्या, जागरण आदि के लिए किराए पर देकर खूब पैसे कमाए जाते हैं, मगर खेलते बच्चों का यहां कोई स्वागत नहीं है। नवंबर 2020 के शुरुआती दिनों में दिल्ली हाईकोर्ट ने भी कहा था कि पार्क सिर्फ सजावट के लिए ही नहीं होते। उन्हें बच्चों के खेलने के लिए भी होना चाहिए। लेकिन जहां भी नगर पालिका और नगर निगम के अंतर्गत पार्क आते हैं, आखिर वे बच्चों के बारे में कितना सोच रहे हैं? वे ऐसी क्या व्यवस्था कर रहे हैं, जिससे पार्क की सुंदरता भी खराब न हो और बच्चे खेल भी सकें? यही नहीं, सरकारों का इस पर क्या रवैया है। देखा गया है कि दिल्ली में कई स्थानों पर बड़े-बड़े पार्क हैं, जिनकी देखभाल सरकारी विभाग ही करते हैं, मगर वहां बच्चे खेलते नहीं दिखते, क्योंकि वहां खेलने पर रोक है। आखिर बच्चे कहां खेलें? उनके विकास और स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी तो सरकारों पर ही है। इस ओर ध्यान देने की सख्त जरूरत है।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

# 'तांडव' पर तांडव



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
विचार
सीताराम पाराशर

वेब सीरीज तांडव के निर्देशक और इसकी पूरी टीम ने उन दर्शकों से माफी मांग ली है, जिनकी भावनाएं इसके कुछ दृश्यों से आहत हुई हैं। आरोप है, इसमें हिंदू देवताओं का उपहास उड़ाया गया है। बहरहाल, इस माफी के बाद अब विवाद का पटाक्षेप हो जाना चाहिए। लेकिन वेब धारावाहिकों के नियमन पर भी गौर करने की जरूरत है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी फिल्म या धारावाहिक को लेकर हंगामा खड़ा हुआ हो और सियासी लोग इसमें उतर आए हों। हम गारंटी के साथ यह भी नहीं कह सकते कि तांडव विवाद के निपटारे के बाद कोई और बखेड़ा खड़ा नहीं होगा। आखिर करोड़ों भारतीयों की भावनाएं किसी के सृजन कर्म से आहत न होंगी, इसकी गारंटी कोई सेंसर बोर्ड या नियामक संस्था कैसे दे सकती है? तब तो और, जब भारत विभिन्न धर्मों, जातियों और भाषा-भाषियों का एक विराट समुच्चय है?

सोशल मीडिया के इस दौर में किसी भी विवाद को व्यापक बनते देर नहीं लगती। ऐसे में, शासन-प्रशासन ही नहीं, कला-संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए भी चुनौतियां काफी बढ़ती जा रही हैं। खासकर, धार्मिक विषयों और प्रतीकों के इस्तेमाल को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। इन दिनों विवादों से कमाई की प्रवृत्ति धार्मिक उदारता का फायदा उठाने को उकसाने लगी है, लेकिन इससे अहित ईमानदार कलाकारों व कला प्रेमियों का हो रहा है। उनकी रचनाधर्मिता भी निशाने पर आ जाती है। यह अच्छी बात है कि तांडव के विवाद में सूचना-प्रसारण मंत्रालय तुरंत हरकत में आ गया। वेब सीरीज को लेकर शिकायतें तो पहले भी मिलती रही हैं, मगर वे हिंसा और अश्लीलता परोसने को लेकर थीं। उन शिकायतों का संज्ञान लेते हुए ही मंत्रालय ने हिदायत दी थी कि ओवर द टॉप मीडिया सर्विसेज यानी ओटीटी प्लेटफॉर्म स्व-नियमन के कायदे बनाएं, वरना सरकार यह काम करेगी। निस्संदेह, अभिव्यक्ति की आजादी एक बड़ा लोकतांत्रिक मूल्य है, और इससे कोई समझौता नहीं किया जा सकता, पर हर आजादी जिम्मेदारियों से पोषित होती है। यह बात कला जगत के लोगों को भी समझनी पड़ेगी। आने वाले दिनों में स्मार्टफोन और इंटरनेट का दायरा जैसे-जैसे बढ़ता जाएगा, ओटीटी प्लेटफॉर्म की लोकप्रियता भी बढ़ेगी। इसलिए सरकार को इस पर प्रसारित सामग्रियों को लेकर गंभीर होना पड़ेगा। इसी तरह, हरेक सफल लोकतंत्र अपने नागरिकों से भी कुछ अपेक्षाएं रखता है। उसकी सबसे बड़ी अपेक्षा यही होती है कि संवाद के जरिए हरेक विवाद सुलझाएं जाएं, ताकि कानून-व्यवस्था के लिए कोई मसला न खड़ा हो और समाज के ताने-बाने को नुकसान न पहुंचे। भारत जैसे बहुलवादी देश में तो संवादों की अहमियत और अधिक है। फिर असहमति और मुखर विरोध किस कदर प्रभावी हो सकते हैं, तांडव टीम का माफी मांगना इसका ताजा सुबूत है। मगर देश के रचनात्मक माहौल को ऐसे विवादों से कोई नुकसान न पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सरकार से अधिक नागरिक समाज की जिम्मेदारी है। एक खुले,और विमर्शवादी देश-समाज में ही ऐसी संभावनाएं फल-फूल सकती हैं। उदारता किसी धर्म की कमजोरी नहीं, बल्कि उसका सबसे बड़ा संबल होती है, यह बात उससे बेजा लाभ उठाने की धृष्टता करने वालों, और उसके रक्षकों, दोनों को समझने की जरूरत है।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



तुमने जो असुरों पर विजय प्राप्त की, वह इन ब्रह्म की शक्ति से ही की। वस्तुतः यह परब्रह्म की ही विजय है तुम तो इसमें निमित्त मात्र थे। जगत, जीवात्मा और परमात्मा के वास्तविक रहस्य को कठोपनिषद में नचिकेता यमराज के संवाद के रूप में बहुत अचछी प्रकार समझाया गया है। एक बार महर्षि अरुण के पुत्र उद्दालक ऋषि ने फल की कामना से विश्वजीत नामक एक महान यज्ञ किया था। इस यज्ञ में सर्वस्व दान करता पड़ता है। अतएव उद्दालक ने अपना सारा धन दान दे दिया। उस समय गोधन ही प्रधान धन था। ऋषि के नचिकेता नाम का एक प्रसिद्ध पुत्र था। जब दान और दक्षिणा के रूप में देने के लिए गौयें लाई जा रही थीं, उस समय नचिकेता ने देखा उन गौओं में अनेक बूढ़ी, रोगग्रस्त, कमजोर, मरणासन्न हैं। उसने सोचा इन निरुपयोगी पशुओं को लेकर क्या तो ब्राह्मणों का भला होगा और क्या पिताजी को दान का पुण्य फल मिलेगा। इससे तो पिताजी को पाप ही लगेगा। उसने सोचा पिताजी को इस अनिष्ठकारी परिणाम से बचाने के लिए मैं अपना बलिदान कर दूंगा। नचिकेता ने अपने पिता से कहा-मैं भी आपका धन हूं, आप मुझे किस को देते हैं। पिता के उत्तर न देने पर नचिकेता ने तीन बार उसी प्रश्न को दोहराया। ऋषि ने क्रोधवश आवेश में आकर कह दिया-तुझे मृत्यु को देता हूं। अब तो नचिकेता यमराज के पास पहुंच गए। बालक नचिकेता ने अपने तप, तेज, निर्मल बुद्धि आदि से यमराज को प्रसन्न कर उनसे वर रूप में आत्म विद्या जाननी चाही।

**क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



शिवांसी डॉटर अंजली-मुकेश बैंदाड़ा, जयपुर

### हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।
daughterwithselfy@gmail.com
सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-2338070



# छात्र हितों को समर्पित मैक्स इंस्टीट्यूट

## सीके सर के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मिलेगा उचित मार्गदर्शन







**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** झोटवाड़ा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन में सचांलित मैक्स इंस्टीट्यूट का सेमिनार बड़े धूमधाम से मनाया गया। इंस्टीट्यूट के निदेशक, शिक्षाविद् और प्रतियोगी परीक्षाओं के विशेषज्ञ सीके शर्मा सर ने सेमिनार में आए विद्यार्थियों, अतिथियों को सम्बोधित भी किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा पद्धति के बारे में समझाया। सीके सर ने कहा कि आगामी परीक्षाएं हो हाल ही में करवाई जाएगी उसका कोर्स कैसे, जल्दी और बेहतर तरीके से तैयार कर सफलता प्राप्त की जाए। इसके लिए मैक्स इंस्टीट्यूट के प्रति विद्यार्थी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सीके शर्मा ने निर्धन विद्यार्थियों एवं छात्राओं के लिए फीस में भी कटौती करने का वादा किया है। शर्मा ने कहा कि कोविड पीरियड ने सभी को पीड़ित किया है।

संस्थान में रिट, पटवार, एसएससी, बैंक, वनरक्षक, वनपाल, शिक्षक एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी छात्र हित को ध्यान में रखकर करवाई जाएगी। मैक्स इंस्टीट्यूट में आयोजित सेमिनार में छात्र, नेता, राजनैतिक व्यक्ति, पत्रकार एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया।

# रेल्वे के जीएम अवार्ड से सम्मानित ट्रैकमेन्टेनर रामनारायण का पीपाड़ शहर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**पीपाड़ शहर।** ट्रैकमेन्टेनर रामनारायण डुडी कागल निवासी का हुआ जोनल स्तर सम्मानउत्तर पश्चिम रेलवे ने 2019/20 के पुरस्कार में हादसा रोकने और जानमाल की हानी को रोकने के कारण रामनारायण डुडी यूनिट नं 24 उम्मेद स्टेशन को जी एम अवार्ड से सम्मानित किया गया । साथीन खंड एवं उम्मेद रेलवे स्टेशन के बीच वर्षा ऋतु में पेट्रोलिंग करते समय एक पुलिया के नीचे से मिट्टी ढहने से रेलवे का बड़ा हादसा रोक दिया और तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर रेल को समय रहते सुरक्षित रखवा दिया इनकी इमानदारी व सजगता और कार्यकुशलता को देखते हुए विभाग द्वारा इन्हें रेलवे का जी एम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। पीपाड़ शहर पहुचने पर सभी साथी कर्मचारीयो ने साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कच्छवाह ञ्ञ्श्व, सुमेर सिंह सैनी स्टेशन मास्टर, भूराराम चौधरी, पुनाराम कच्छवाह मण्डल उपाध्यक्ष आरकेटीए, सुमेर सिंह कच्छवाह, सुरेश टाक ट्रैकमेन्टेनर, जितेन्द्र टाक मण्डल उपाध्यक्ष आरकेटीए, रामदयाल टाक, बीजाराम कच्छवाह, किशन गहलोत लोको पायलट,राकेश सोलंकी,मेहराम,करण गहलोत, जबरसिह, राकेश सौलकी,अर्जुन, जसवंत कच्छावाह सहित कई समाज सेवी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों का हुआ सम्मान**

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र आईएएस सुराना ने किया ध्वजारोहण



## विधायक रामलाल शर्मा भी रहे कार्यक्रम में मौजूद

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**चौमूं।** कस्बे में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में आईएएस अभिषेक सुराना ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विधायक रामलाल शर्मा सहित उपखंड स्तर के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया।तो वहीं नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी सलीम खान ने ध्वजारोहण किया। चौपड़ चौमू पर चेयरमैन विष्णु कुमार सैनी ने झंडारोहण किया तथा चौमू नगर में विभिन्न झंडारोहण के कार्यक्रम आयोजित हुए नगर में चारों तरफ देशभक्ति गीतों की गूंज रही लोगों ने सुबह से ही एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई देने का सिलसिला शाम तक जारी रहा कोरोना महामारी के चलते हुए इस बार गणतंत्र दिवस पर किसी प्रकार का बड़ा प्रोग्राम आयोजित नहीं हुआ स्कूलों में भी प्रोग्राम को सूक्ष्म रूप से आयोजित किए गए बच्चे इस बार मिठाई से भी वंचित रहे तथा स्कूलों में सांस्कृतिक प्रोग्राम का भी आयोजन नहीं हो सका इसलिए बच्चे भी मायूस नजर आए इस महामारी ने बच्चों मैं जो जोश गणतंत्र दिवस पर दिखता है वह कम दिखा।

## तिरंगे से झांकी सजाकर पोषबड़ो का भोग लगाया



**चौमूं @ जागरूक जनता।** ग्राम मोरिजा स्थित मठ महादेव मंदिर मे गणतंत्र दिवस पर तिरंगे से सुन्दर झांकी सजाकर पोषबड़ो का भोग लगाया गया। श्यामानन्द लालाणी ने बताया की हर वर्ष की भांति भोले नाथ के कोरोना एडवाइजरी का पालन करते हुए भोग लगाकर प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम मे वैद्य शिव दयाल शर्मा, वैध रामगोपाल शर्मा, बजरंग लाल सोनी,वैध पवन तिवाड़ी, नरेंद्र लालाणी, महेंद्र लालाणी, राघवेंद्र लालाणी, रमेश शर्मा,नरोत्तम लालाणी, अरविन्द मिश्र, मुकेश मीणा, मनोहर शर्मा, गोविन्द सोनी,अंकित लालाणी, उमेश पारीक, मुकेश सोनी सहित अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## सहारा व्यापार मंडल ने किया झंडारोहण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** 72वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर विद्याधर नगर के सेक्टर 4 स्थित पानी की टंकी के नीचे सहारा व्यापार मंडल द्वारा झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर निगम जयपुर ग्रेटर वार्ड 24 की पार्षद रूप कंवर द्वारा झंडारोहण किया गया। इस दौरान सहारा व्यापार मंडल के सभी व्यापारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे। झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन सहारा व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रेमचंद भदकारिया के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम में सहारा व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष वकील खान, सचिव जुगल किशोर वर्मा, कोषाध्यक्ष अब्दुल मजीद, प्रचार मंत्री मोहम्मद शकील खान, हिम्मत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर 3 दिवसीय कार्यक्रम वार्ड नं 5 से हुआ आयोजित




**पिलानी/ झुंझुनूं @ जागरूक जनता।** आल इंडिया डेमोक्रेटिक युथ ऑर्गनाइजेशन के नेतृत्व में गैर समझौतावादी विचारधारा के महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125 वी जयंती के तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत पिलानी के वार्ड नं 5 से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार नायक ने की, व संचालन विष्णु वर्मा ने किया। कार्यक्रम कि शुरुआत नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई, कार्यक्रम में मुख्यवक्ता आल इंडिया किसान खेत मज़दूर संगठन के राजस्थान राज्य के सांगठनिक सचिव शंकर दहिया ने की । अपने वक्तव्य में शंकर दहिया ने कहा कि नेताजी के देश मे काले कानून नही चलेंगे, नेताजी के सपनो का भारत बनाने के किए जनता को खुद अपनी लड़ाई लड़नी होगी, संसद में बैठे लोग सिर्फ उधोगपतियों के मैनेजर है, वो कभी जनता के हितों के लिए काम नही करने वाले, इसलिए नेताजी के सपनो का भारत बनाने के लिए अब जनता को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर निकलना होगा, जुल्म के खिलाफ आवाज उठानी होगी। वक्तव्य में दहिया ने किसानो पर तीन काले क़ानून थोपे जाने का विरोध किया और बिजली बिल अधिनियम 2020 का भी विरोध किया गया।

## पीआरओ पद पर चयनित होने पर महेंद्र सैनी का स्वच्छता सेवा दल टीम ने किया सम्मान



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** स्वच्छता सेवा दल टीम द्वारा महेंद्र सैनी एवं अनुप्रिया मीणा के जनसंपर्क अधिकारी पद पर चयन होने पर प्रतीक चिन्ह व सम्मान पत्र एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।इस दौरान स्वच्छता सेवा दल टीम के संयोजक प्रवीण बंसल ने कहा कि जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर चयनित होकर महेन्द्र सैनी एवं अनुप्रिया मीणा ने कोटपूतली क्षेत्र का नाम रोशन किया है।उल्लेखनीय है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के लिए जनसंपर्क अधिकारी के पदों की भर्ती निकाली थी। जिसमें राजस्थान में कुल 26 पदों पर चयन हुआ था।मीडियाकर्मी महेन्द्र सैनी ने इस पद पर प्रथम रैंक हासिल करके कोटपूतली क्षेत्र का नाम रोशन किया है।वहीं कृषि मंडी के पूर्व चेयरमैन महेश मीणा व कमलेश प्रजापति ने कहा कि पत्रकारिता का मुख्य कार्य क्षेत्र में घटित घटनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है। समाचार पत्रों के माध्यम से ही देश दुनिया में घटित घटनाओं एवं समस्याओं की सूचना लोगों तक पहुंच पाती है।इस दौरान दयाराम कुमावत एवं मुनेश सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर स्वच्छता सेवा दल टीम के कार्यकर्ता सीताराम बंसल,सुमित बिदाणी,निलेश शर्मा,प्रशांत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनकी जीवनी को याद किया



**पिलानी/ झुंझुनूं @ जागरूक जनता।** स्थानीय मार्शल आर्ट एकेडमी इंडियन कॉम्बैट क्लब में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उनकी जीवनी को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अकादमी अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आचार्य पीएस शेखावत द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान युग में उनसे प्रेरणा लेकर सामाजिक सौहार्द बनाकर आगे बढ़ने के विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि हमें महाराणा प्रताप से राष्ट्रभक्ति सीखनी चाहिए और उनके सीखनी चाहिए और उनके जैसे ही अपने को राष्ट्र के प्रति समर्पित रखना चाहिए। वर्तमान समय में चल रहे सीमा विवाद के मध्य नजर प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है कि वह अपनी सेना पर भरोसा रखे और अपनी सेना का मनोबल बढ़ाए। इस अवसर पर खिलाड़ी मनजीत, प्रवेश पूनिया एवं हिमांशी शेखावत ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में हिंदू क्रांति सेना झुंझुनू जिला अध्यक्ष लोकेश कुमार डाडा, प्रशिक्षक प्रीतम सिंह तवर, अनिल सिंह विकास चौधरी अजय चौधरी साहिल प्रदीप अनु कुमारी राहुल नेहरा प्रीतम सिंह रितेश ममता ईशा शर्मा राजवीर सिंह जितेंद्र सिंह नितिन बिका संगम शेखावत कुलदीप सिंह आकाश पुनिया तुषार केशव शर्मा अर्चना चौधरी अंकित चौधरी अमित राठौड़ दीपक सोनी चंद्रकांत सिंह चौहान सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे । अकादमी सचिव नागेंद्र सिंह राठौड ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# गेमचेंजर साबित होगी एम-सेंड पॉलिसी - अशोक गहलोत



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार निर्माण कार्यों के लिए प्रदेशवासियों की बजरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में लाई गई मैन्यूफैक्चर्ड सेंड (एम-सेंड) पॉलिसी-2020 गेमचेंजर साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस बहुप्रतीक्षित नीति के कारण प्रदेश में एम-सेंड के उपयोग तथा इसके उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और नदियों से निकलने वाली बजरी पर हमारी निर्भरता में कमी आएगी। साथ ही प्रदेश के माइनिंग क्षेत्रों में खानों से निकलने वाले वेस्ट की समस्या का भी समाधान होगा और बड़ी संख्या में एम-सेंड इकाइयां लगने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। गहलोत मुख्यमंत्री निवास पर एम-सेंड नीति-2020 के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संबंधी प्रक्रिया व न्यायिक आदेशों के बाद प्रदेश में निर्माण कार्यों की आवश्यकता के अनुरूप बजरी की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। ऐसे में वर्ष 2019-20 के बजट में हमने बजरी के दीर्घकालीन विकल्प के रूप में मैन्यूफैक्चर्ड सेंड को बढ़ावा देने के उद्देष्य से एम-सेंड नीति लाने का वादा किया था। आज मुझे बहुत खुशी है कि हम प्रदेश की जनता को इस नीति के जरिए एम-सेंड के रूप में प्राकृतिक बजरी का उचित विकल्प उपलब्ध कराने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने खान विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे इस नीति के माध्यम से दी जा रही रियायतों तथा प्रावधानों का उद्यमियों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि प्रदेष में अधिक से अधिक निवेषक एम-सेंड निर्माण की इकाइयां लगाने के लिए आगे आएं और पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ दीर्घकालिक विकल्प के रूप में बजरी की समस्या का समाधान हो सके।श्री गहलोत ने कहा कि आमजन में यह विश्वास जाग्रत करने की आवश्यकता है कि निर्माण कार्यों में एम-सेंड प्राकृतिक बजरी का उपयुक्त विकल्प है।

## 313 दिन बाद गलता तीर्थ दर्शनार्थियों के लिए खुला

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उत्तर भारत की प्रमुख वैष्णव पीठ गलताजी को 313 दिन बाद सोमवार से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। हालांकि गलता कुंडों में स्नान पर अभी पाबंदी रहेगी, ऐसे में लोग अभी गलता स्नान नहीं कर पाएंगे। गलता में आने के लिए पहले ऑनलाइन बुकिंग करवानी होगी। गलता तीर्थ में सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक और शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रवेश की छूट दी गई है। वहीं गलता कुडों पर स्थित मंदिर अभी दर्शनार्थियों के लिए बंद रहेंगे।गलताजी में आने के लिए घाट की गूणी होकर आना होगा, अभी गलता गेट से होते हुए गलता घाटी मार्ग से प्रवेश पर पाबंदी है। गलता पीठ के स्वामी अवधेशाचार्य ने बताया कि कोरोना के चलते 313 दिन से दर्शनार्थियों के लिए बंद गलता तीर्थ भक्तों के लिए खोल दिया गया है। गलता में आने के लिए पहले ऑनलाइन बुकिंग करवानी होगी।

ANCHOR **परम्परागत एवं उल्लास के साथ मनाया 72 वां गणतंत्र दिवस**

# प्रदेश में दो वर्षों में 1496 मेगावाट बिजली का हुआ उत्पादन-डॉ.कल्ला

## जिला स्तरीय समारोह में ऊर्जा मंत्री डॉ.कल्ला ने ध्वजारोहण किया



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**बीकानेर।** 72 वां गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह डॉ.करणीसिंह स्टेडियम में मंगलवार को परम्परागत एवं उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ऊर्जा एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने शान्ति के दूत सफेद कपोत और रंगबिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) बलदेव राम धोजक ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया। इस पावन अवसर पर परेड में दसवीं तथा थर्ड आरएसी की प्लाटुन, राजस्थान पुलिस की महिला एवं पुरूष प्लाटुन, अरबन होमगार्डस तथा महारानी कॉलेज की एन.सी.सी. की टुकड़ी ने भाग लिया। शारीरिक शिक्षकों ने व्याम और योगा का प्रदर्शन किया। आरएसी की दसवीं बटालियन के जवान सूरज राणा ने मोटर साइकिल पर हैरतअंगेज करतब दिखाए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री डॉ.कल्ला ने कहा कि हर साल 26 जनवरी को भारत अपना गणतंत्र दिवस मनाता है क्योंकि इसी दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। भारतीय संसद में भारत के संविधान के लागू होते ही हमारा देश पूरी तरह से लोकतांत्रिक गणराज्य बना। उन्होंने कहा कि देश के लिए आज का दिन काफी अहम है। आज देश अपना 72 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान में समानता, एकता और धार्मिक सहिष्णुता की बात कही गई है। उन्होंने आव्हान किया कि देश को बेरोजगारी व मंहगाई से मुक्त करवाने तथा सभी को स्वालम्बन बनने की दिशा में मिलजुलकर हम आगे बढ़े। उन्होंने देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का स्मरण किया और कहा कि हम संकल्प लें कि धार्मिक, जाति के नाम पर विवाद नहीं करेंगे। डॉ.कल्ला ने गत् दो वर्षों में राज्य मे हुए विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि राज्य के 33 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज बने और 1496 मेगावाट बिजली का उत्पादन हुआ। जल जीवन मिशन के तहत अगले 3 वर्षो में सभी को घर-घर पेयजल कनेक्शन दिए जाएंगे। सवा करोड़ लोग इंदिरा रसोई का लाभ ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि बीकानेर के लिए साढ़े पांच सौ करोड़ रूपये की पेयजल योजना प्रक्रियाधीन है।

डॉ.कल्ला ने किया पुरस्कृत- गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियां निकाली गई। जिसमें नगर विकास न्यास की शहर में हुए विकास कार्यों पर आधारित झांकी को प्रथम, निगर निगम द्वारा इंदिरा रसोई की झांकी द्वितीय और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की 'कोरोना' पर आधारित झांकी तृतीय स्थान पर रही। इन विभागों के अधिकारियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही उन्होंने महिला अधिकारिता विभाग के 'सशक्त बालिका-सशक्त समाज' विषयक प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्र में रवाना किया। संभागीय आयुक्त बी.एल.मेहरा, आईजी पुलिस प्रफुल्ल कुमार, जिला कलक्टर नमित मेहता, जिला पुलिस अधीक्षक प्रीति चंद्रा, बीएसएफ के डीआईजी पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त सुनीता चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर (नगर) अरूण प्रकाश शर्मा, आयुक्त नगर निगम ए.एच.गौरी, मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ओम प्रकाश, उपायुक्त निगम पंकज शर्मा, पूर्व सांसद जमना बारूपाल, यशपाल गहलोत, पूर्व आईपीएस मदन गोपाल मेघवाल, महेन्द्र गहलोत, जियाउर रहमान आरिफ, सुमित कोचर, सुषमा बारूपाल सहित राजस्थान प्रशासनिक सेवा और राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों ने समारोह में शिरकत की।

## श्रृंगार स्वाभिमान का



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
डॉ. मीनू पूनिया

बनावटी सुंदरता से परे रहकर
आत्मिक गर्व से जो कर्म करे,
आत्म सम्मान निज हृदय में रखकर
सीना चौड़ा कर जो कदम धरे,
सत्कर्मों से परिवार का मान बढ़ाएं
कुनबे की नाक का सम्मान करे,
चरित्र हो जिसका दूध सा पाक
पति की हैसियत का गुमान करे,
सबसे खूबसूरत है वह महिला
जो स्वाभिमान का श्रंगार करे,
सिर ऊंचा कर चले शान से
अभिमान का उसके समाज भी गुणगान करे।
(लेखक जयपुर से हैं)

## एक जनम



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
पावनी पाण्डेय

एक जनम ऐसा हो
जहां त्रेता के श्री राम हो
जहां लाज बचाते द्रुपद सुता के घनश्याम हो,
जहां चारों धर्म समान हो
जहां गीता साथ कुरान हो
***********
जो भरा हुआ हो स्वाभिमान से,
लहू का हर कतरा इंकलाब हो,
ना कड़ी धूप की फिक्र हो,
ना जाडो का हिमपात हो,
***********
जहां खिलते खेत-खलिहान हो,
जहां सुख समृद्धि से भरा किसान हो,
जहां पूजे जाते जवान हो,
जहां नित नारी सम्मान हो ,
***********
जहां बहती नदियां धर्मों की,
जहां खिलती कलियां कर्मों की ,
जहां सरहद में महफूज जवान हो,
जहां अद्भुत तिरंगे की शान हो ,
मेरा भारत देश महान हो,
मेरा भारत देश महान हो,
एक जनम ऐसा भी हो।
*लेखक बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी की छात्रा है*

## बंधन



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
शालिनी जैन

जहाँ मिलती है अम्बर और धरती
वो क्षितिज कहलाता है
निराला सा है बंधन
भ्रम हो के भी सबको भाता है
***********
दिखता है दूर मगर
पर मुकम्मल सा नजर आता है
न होके भी दिखाई दे
ऐसा बंधन सबको भाता है
***********
स्वार्थ के जहान में
यथार्थ का है दर्शन
***********
काश रिश्तो में भी कड़वाहट न दिखाई दे
दूर होके भी प्यार की ध्वनि सुनाई दे
क्षितिज जैसा हो सुन्दर बंधन
***********
जहाँ मिलती अम्बर और धरती
वो क्षितिज कहलाता है
निराला सा है बंधन
भ्रम हो के भी सबको भाता है

## सर्द की चादर



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
संगीता कुमारी

सर्द की चादर ओढ़े सुबह
सिमटी सी शरमायी सी खिली खिली
नर्म गुलाब की पंखुरी समान धीरे धीरे खुलती है
सूर्य की बैचेनी किरणों का फैलाव लिये
प्रेम से कोहरे के हृदय को भेदता है
तड़पकर आलिंगन के लिये तरसता है
सरल नहीं है कोहरे की चादर को
खींचकर सुबह का मुखड़ा देख पाना
सूर्य और सुबह के मध्य कोहरा
खलनायक बन अपनी भूमिका निभाता है
सर्द दूर खड़ा कान्हा की तरह मुस्कराता है...

जागरूक न्यूज

## लेकसिटी के टूर्नामेंट का सातवां संस्करण, 32 टीमों के कप्तानों की बैठक



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** बीएन विश्वविद्यालय में दिनांक 30 जनवरी से 7 फरवरी तक होने वाले लेकसिटी के टूर्नामेंट के सातवें संस्करण में सभी 32 ही टीमों के कप्तानों की मीटिंग रखी गई। जिसमें प्रतियोगिता संरक्षक गजपाल सिंह राठौड़, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बीएन विश्वविद्यालय देवेंद्र सिंह चुंडावत, छात्र नेता गोपाल सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सिंह शक्तावत, सुरेंद्र सिंह पवार उपस्थित थे।

## स्व. कमलेश आचार्य की स्मृति में हुआ 110 यूनिट रक्तदान



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** स्व. कमलेश आचार्य की स्मृति में समस्त ग्रामवासी सिंहपुर, नवयुवक मंडल और टीम जीवनदाता चित्तौड़गढ़ के सहयोग से सिंहपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसमे रक्तवीरों के सहयोग से कुल 110 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर का उद्घाटन सुबह 10 बजे दशहरा मैदान के सामने देवनारायण मन्दिर में किया गया। शिविर में सिंहपुर और आस पास के गांवों के सभी युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, लगभग शिविर में 30 युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया। सांवलिया जिला ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदान एकत्रित किया गया शिविर में रक्तदाताओं को रक्तदान करने के फायदे बताए गए व भविष्य में आपातकालीन स्तिथि में रक्तदान करने का संकल्प लिया गया।

## जरूरतमंद महिला पुरुषों को कंबल -साड़ी वितरण



**निंबाहेड़ा @ जागरूक जनता।** मां कृपा सेवा संस्थान निंबाहेड़ा एवं ऋषभ अशोक समाज कल्याण समिति नीमच के संयुक्त तत्वाधान में तथा सामाजिक न्याय के पक्षधर डॉ शोकीन वर्मा के संयोजन में काशोद- कच्ची बस्ती के आंगनवाड़ी केंद्र पर राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष जरूरतबंध महिला पुरुष, बालिकाओं फूल माला पहना कर अभिनंदन कर निशुल्क साड़ी कंबल नवीन वस्त्र प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद रामचंद्र बामनिया थे जबकि अध्यक्षता प्रदीप वर्मा ने की वह विशिष्ट अतिथि के रूप में यु एस शर्मा मौजूद थे इस अवसर पर बालिकाओं को लाड- प्यार करते हुए माला पहनाकर उन्हें नवीन वस्त्र प्रदान किए गए साथ ही कोरोना काल में उत्कृष्ट सेवाएं देने पर एकता मराठा, एसएस अग्रवाल सिराज खान तथा नीमच के प्रदीप वर्मा, सत्यनारायण सेठी, घनश्याम सेठिया, हितेश गौड़ का शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में सोशल एक्टिविस्ट एस एस अग्रवाल, सिराज खान, आसिफ खान, नंदलाल चोर्डिया, स्वाति अग्रवाल, रत्ना वर्मा, राधा वैष्णव, नीतू चोपड़ा, सुनीता सैनी, पूर्णिमा मराठा, नेहा जादौन मेहिश खान आदि भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे अंत में सभी का आभार मां कृपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष एकता मराठा ने माना।

## लायंस ने गतिविधियों की बनाई उत्कृष्ठ छवि-प्रांतपाल भंडारी



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** सेवा समर्पण भाव से करना चाहिए। कोरोना संक्रमण काल के बावजूद लायंस प्रांत 3233ई2 के सभी क्लबों ने सेवा प्रकल्पों के माध्यम से पिड़ितों की सेवा करने में समाज को महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उक्त विचार लायंस क्लब निम्बाहेड़ा के 47वें स्थापना दिवस पर अधिकारिक यात्रा पर एक रिसोर्ट में आयोजित समारोह में प्रांतपाल एम.जे.एफ लायन संजय भंडारी ने व्यक्त किए। उन्होने आगे कहा कि विश्व की सबसे बड़ी मानव सेवा संस्था से हम सभी लायंस जुड़े हुए है। गर्व होना चाहिए। अध्यक्ष अशोक जैन ने अतिथियों का स्वागत किया। सचिव विजय आगार ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। चार्टर सदस्य डॉ जे.एम.जैन ने लायनवाद एवं स्थापना दिवस पर प्रकाश डाला। प्रांतपाल भंडारी ने क्लब के संस्थापक सदस्य डॉ जैन का क्लब में निरंतर सेवाएं प्रदान करना एवं नेत्रदान में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करते हुए प्रतिक चिन्ह प्रदान किया। वरिष्ठ लायन जीआर गर्ग ने अतिथियों का परिचय प्रदान किया। जॉन चेयरमेन कैलाश लढ्ढा ने जॉन के क्लबों की गतिविधियों से अवगत कराया। विशिष्ठ अतिथि जे.के. सीमेंट के युनिट हेड एस.के. राठौड़ ने कहा कि लायंस की सेवा गतिविधियॉ प्रेरणा प्रदान करती है। मानव सेवा से बड़ा कोई प्रकल्प नही हो सकता है जिसके लिए लायंस क्लब सशक्त माध्यम है। कोरोना काल में कोरोना से गंभीर रोगियों को प्लाज्मा डोनेशन करने वाले पॉच कोरोना योद्धाओं का बहुमान किया। कोविड से गंभीर रूप से ग्रसित हुए नेत्रदान कार्य में सहयोग करने वाले कंपाउंडर रिकवर योद्धा आशाराम सेन को 1 लाख 20 हजार रूपए की आर्थिक सहायता का चैक प्रदान किया गया। सर्जिकल बेड एवं व्हीलचेयर भेंटकर्ता सुनील आगार का सम्मान किया। इस अवसर पर प्रांतपाल भंडारी ने 6 नए सदस्यों को शपथ दिलवाई। समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रांतीय सचिव श्याम नागौरी व मुख्यालय प्रांतीय सचिव जितेंद्र सिसोदिया उदयपर उपस्थित थे। समारोह में लायंस सदस्य, पत्रकार मौजूद थे। संचालन एवं आभार अरविंद मुंदड़ा ने किया।

## डॉ. प्रसाद ने पहला टीका लगवाकर किया टीकाकरण का शुभारम्भ



**पिलानी/ झुंझुनूं @जागरूक जनता।** देश मे कोरोना का टीकाकरण शुरू हो गया है टीकाकरण के इसी चरण में पिलानी के सी एच सी अस्पताल के डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद को पहला टीका लगाकर टीकाकरण की शुरुआत की। टीकाकरण से पहले अस्पताल को सजाया गया। एक दिन में लगभग 70 लोगो को टीका लगाया गया इस मौके पर बीसीएमओ शैलेश चोराशिया, डॉ विकास बड़सरा, राजबाला डॉ नेहा सुथरा,डॉ रुचिका, बीपीएल सुमन, नवीन आदि उपस्थित थे।

## राज. उ.माध्यमिक विद्यालय पिलानी में लहराया तिरंगा



**पिलानी/ झुंझुनूं @जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी में तिरंगा लहराकर गणतंत्र दिवस मनाया गया। स्कूल प्रधानाचार्य सरिता ने तिरंगा फहराया, कोरोना के चलते इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम नही हो सके, लेकिन इस दिवस को स्कूल ने हर्ष के साथ मनाया कार्यक्रम में अजय कृष्णिया, अनसूया, सुशील, शेरसिंह, उम्मीद सिंह, ललित निर्मल मुन्नी देवी, अनिता, शकुन्तला, अरुण आर्य, सिलोचना, अरविंद शर्मा, दलीप सिंह सहित समस्त स्टाफ व अथिति डॉ श्रीकांत, रमाकांत गौड़, श्यामाप्रसाद डाबड़ीवाल, मोहन लाल बोचिवाल, अनिल कालिया, उत्पल शर्मा (वरिष्ठ पत्रकार) मोहम्मद इकबाल, प्रेम कश्यप, अशोक कश्यप आदि लोग उपस्थित थे।

**इंडिया: भारत-पाक बॉर्डर पर रेगिस्तान में अनूठा पार्क**

# जैसलमेर में आसमान से दिखेगा इंडिया

### डेढ़ किमी के पार्क में लगेंगे 6500 पौधे

**ज्ञानेन्द्र मिश्रा**
jagrukjanta.net/.com

**जैसलमेर।** भारत-पाक बॉर्डर पर देश का अनोखा पार्क तैयार हो रहा है। जैसलमेर के घोटारू में बीएसएफ चौकी से महज 900 मीटर दूर रेगिस्तान के बीच 1.5 किमी लंबे व आधे किमी चौड़ाई में बन रहे इस पार्क में पौधों को इस शेप में लगाया जा रहा है, जिससे आसमान से 'इंडिया' लिखा दिखेगा। इसके अंदर 6,500 अलग-अलग किस्म के पौधे लगाए गए हैं। तीन साल बाद जब ये पौधे बड़े होंगे, तो सैटेलाइट से सुनहरे रेगिस्तान के बीच इंडिया लिखी हुई डिजाइन हरे-भरे पेड़ के रूप में आसमान से नजर आएगी। पौधे लगाने का काम शुरू हो चुका है। यहां अर्जुन, शीशम, नीम, पीपल समेत कई प्रकार के पौधे लगाकार चारों तरफ फेंसिंग की गई है। एक एनजीओ संकल्प तरू 3 साल तक पौधों की देखभाल करेगा। बाद में यह प्रोजेक्ट बीएसएफ को दे दिया जाएगा।



सैटेलाइट से ऐसी दिखेगी हरियाली

### भारत माला हाईवे पर पहला प्रोजेक्ट

**जैसलमेर** से सटी पाक सीमा के आस-पास कोई टूरिज्म पॉइंट नहीं है। भारत-माला हाइवे घोटारू से होकर गुजरता है। इस हाइवे के पास में ही 'ग्रीन इंडिया प्रोजेक्ट' तैयार हो रहा है। यहां से गुजरने वाले इसे देखने आएंगे।

### एनजीओ का आइडिया, जीआईसी का बजट

'इंडिया पार्क' बनाने का आइडिया एनजीओ ने दिया। घोटारू क्षेत्र में तेल उत्खनन में जुटी जेआईसी कंपनी ने बजट मुहैया करवाया है। एनजीओ देश के सबसे ठंडे इलाके लेह-लद्दाख में भी पौधे लगाने का काम कर चुकी है। गर्म इलाके में उसका पहला प्रयास है।

## सनातन धर्म जागृति के लिए भगवा रक्षा दल ने निकाली रैली




**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**कोटा।** भगवा रक्षा दल ने सनातन धर्म की रक्षा और लव जिहाद के खिलाफ शहर में रैली का आयोजन किया। रैली में भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा रींगस मुख्य अतिथि थे। रैली में प्रवीण शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, हर्षवर्धन सिंह राठौड़ प्रदेश महासचिव भी शामिल हुए। रैली सेवन वंडर पार्क से रवाना होकर छावनी होते हुए श्रीराम विहार सम्पन्न हुई। यहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि सनातन संस्कृति को बचाने तथा धर्म रक्षा के लिए सभी पदाधिकारियों को जनजागरण करना है। उन्होंने लव जिहाद के कुचक्र से बचने के लिए कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे घरों में अपने बच्चों को सनातन धर्म की जानकारी दें तथा गौरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहें। इस अवसर पर अच्छा कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया तथा मीडिया प्रभारी एवं प्रदेश सचिव को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में आंगतुक पदाधिकारियों का पगड़ी पहना कर स्वागत किया गया। रैली में राजेन्द्र कुमार कामरेड, प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण शर्मा चन्दन सुमन, महासचिव हर्षवर्धन राठौड़, चेतन साहू सहित कोटा जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 17 वर्षीय एस4 साहिल इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर

**साहिल के वीडियोज, फाटोज इंस्टाग्राम पर जीत रहे हैं निम्बाहेड़ावासियों के दिल**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com




**निम्बाहेड़ा।** शहर के हजारों लोग जिनके वीडियोज शेयर करते है, जिन्होंने कई ब्रांड के साथ कॉलोब्रेशन किया है। आज वे हजारों लोगों के लिए एक आइडल बनते जा रहे है। 17 वर्षीय साहिल अहमद के इंस्टाग्राम पर 45 हजार फैन फॉलोइंग है। निम्बाहेड़ा निवासी साहिल अपने फोटो, वीडियोज और कंटेंट के माध्यम से लोगों के बीच काफी तेजी से पॉपुलर हो रहे है। साहिल अभी पढ़ाई कर रहे हैं। साहिल का कहना है कि वे ऐसे कंटेंट या वीडियोज इंस्ट्राग्राम पर शेयर करते हैं, जो ज्यादातर यंगस्टर्स को बहुत पसंद आते हैं। निम्बाहेड़ा में जन्मे साहिल पढ़ाई के साथ-साथ इंस्टाग्राम के रील्स का इस्तेमाल करके यूट्यूब के लिए कंटेंट बनाते है। साहिल ने जागरूक जनता को बताया कि 15 मिनट के बजाए 15 से 20 सेकंड के लिए फोलोअर्स का ध्यान आकर्षित करना ज्यादा आसान है। आज साहिल के हर एक वीडियो को हज़ारों लाइक्स और सैकड़ों तारीफों से भरे कमेंट्स मिल रहे हैं।

## बैठक बिना रोक-टोक पास हुआ 2.15 अरब का बजट पारित

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** नगर परिषद की 11 माह बाद द्वितीय बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभापति संदीप शर्मा ने नगर परिषद का बजट पेश किया। बैठक में सर्वसम्मति से शहर का 2 अरब 18 करोड 85 लाख 20 हजार रू. का बजट पारित किया गया। जानकारी अनुसार नगर परिषद मण्डल की बजट बैठक सभापति संदीप शर्मा की अध्यक्षता मे नगर परिषद के सभागार मे सांय सवा 3 बजे आयोजित की गई। जिसमे सर्वसम्मति से वित्तीय वर्ष 2021-22 का 21885.80 करोड का बजट पारित किया गया। आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि, नगर परिषद की बजट बैठक गुरूवार को सभापति संदीप शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई, जिसमे सर्वप्रथम सभापति ने कोरोनाकाल के दौरान परिषद सफाई कर्मचारी, फायर स्टाफ द्वारा किये गये कार्यो के सदन की ओर से ताली बजाकर स्वागत किया गया, इसके पश्चात सभापति संदीप शर्मा ने सभी पार्षदसाथियो को भी इस कोरोनाकाल के दौरान राजनैतिक सोच से ऊपर उठकर शहर को संक्रमण से बचाने के लिए किये गये कार्यो हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आह्वान पर कोई भूखा ना सोए के संकल्प को भी शहर की विभिन्न स्वंयसेवी संस्थान, सामाजिक संस्थानो द्वारा पूरा किया गया, इसके लिए सदन की ओर से उनको भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभापति संदीप शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2020-21 का संषोधित बजट एवं वर्ष 2021-22 का वार्षिक बजट 2 अरब 18 करोड 85 लाख 20 हजार रू. का सदन मे प्रस्तुत किया, जिससे सभी सदस्यो से सर्वसम्मति से पारित किया, इसके पश्चात राज्य सरकार द्वारा आमजन को अपने आवास की नक्षा स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सुगमता पूर्वक बनाये गये बिल्डींग बॉयलॉज 2020 को स्थानीय स्तर पर संशोधन कर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भिजवाये जाने का पारित किया गया, बैठक मे इसके पश्चात नगर परिषद प्रशासन की विभिन्न शाखाओ के कार्यो की स्वीकृतियो के प्रस्ताव पारित किये गये।

## उपखंड कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com



**चौमूं।** राजधानी जयपुर की चौमूं कस्बे में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ ।उपखंड कार्यालय में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस दौरान नवोदित मतदाताओं को वोटर आईडी कार्ड दिए गए। तो वही स्ट्रीट पेंटिंग के जरिए युवाओं को मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान एसडीएम अभिषेक सुराना सहित तमाम जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। एसडीएम अभिषेक ने कहा की उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। तो वही तीन कर्मचारियों का जिला स्तर पर सम्मान होगा। स्ठरू ने युवाओं से मतदाता सूचियों में नाम जुड़वाने की अपील की है। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी युवाओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाकर लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए।

**चौमूं को 642 और गोविंदगढ़ को मिली 741 खुराक**

## कोरोना वैक्सीनेशन की शुरुआत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com



**चौमूं।** राजधानी जयपुर के चौमूं कस्बे में भी कोरोना वैक्सीनेशन का काम आज से शुरू हो गया है। प्रथम चरण में स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जा रही है। चौमू में प्रथम चरण में 642 और गोविंदगढ़ ब्लॉक में 741 लोगों के लिए कोरोना की खुराक भिजवाई गई है। चिकित्सा प्रभारी मुखराम देवेंद्र ने बताया कि प्रतिदिन 100 स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। चौमूं में चिकित्सा प्रभारी मुख राम देवंदा ने भी कोरोना वैक्सीन का टिका लगवाया। वहीं एसडीएम अभिषेक सुराना और ब्लॉक सीएमएचओ डॉ एसके चोपड़ा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## रेल्वे के जी एम अवार्ड से सम्मानित ट्रैकमेन्टेनर डुड्डी का स्वागत

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com



**पीपाड़ शहर।** ट्रैकमेन्टेनर रामनारायण डुडी कागल निवासी का हुआ जोन स्तर सम्मानउत्तर पश्चिम रेलवे ने 2019/20 के पुरस्कार में हादसा रोकने और जानमाल की हानी को रोकने के कारण रामनारायण डुडी यूनिट नं 24 उम्मेद स्टेशन को जी एम अवार्ड से सम्मानित किया गया । साथीन खंड एवं उम्मेद रेलवे स्टेशन के बीच वर्षा ऋतु में पेट्रोलिंग करते समय एक पुलिया के नीचे से मिट्टी ढहने से रेलवे का बड़ा हादसा रोक दिया और तुरंत उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर रेल को समय रहते सुरक्षित रखवा दिया इनकी इमानदारी व सजगता और कार्यकुशलता को देखते हुए विभाग द्वारा इन्हें रेलवे का जी एम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। पीपाड़ शहर पहुचने पर सभी साथी कर्मचारीयो ने साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुकेश कच्छवाह TTE, सुमेर सिंह सैनी स्टेशन मास्टर, भूराराम चौधरी, पुनाराम कच्छवाह मण्डल उपाध्यक्ष आरकेटीए, सुमेर सिंह कच्छवाह, सुरेश टाक ट्रैकमेन्टेनर, जितेन्द्र टाक मण्डल उपाध्यक्ष आरकेटीए, रामदयाल टाक, बीजाराम कच्छवाह, किशन गहलोत लोको पायलट,राकेश सोलंकी, मेहराम, करण गहलोत, जबरसिह, राकेश सौलकी, अर्जुन, जसवंत कच्छावाह सहित कई समाज सेवी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नि :शुल्क लेबोरेट्री मोबाइल वैन हुई प्रारम्भ

**चित्तौडगढ @ जागरूक जनता।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए सांसद सी.पी.जोशी की प्रेरणा से चित्तौडगढ सेवा संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क लेबोरेट्री मोबाइल वैन गुरुवार से प्रारम्भ हुई। संस्थान सचिव भरत माहेश्वरी ने बताया कि पूर्व यू डी एच मंत्री श्रीचंद कृपलानी, जिला प्रमुख सुरेश धाकड, विधायक अर्जुन लाल जीनगर, चंद्रभान सिंह आक्या, भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम दक, उप जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडौली, पूर्व उप जिला प्रमुख मिठ्ठू लाल जाट, सरस डेयरी चैयरमेन बद्रीलाल जाट ने वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्थान अध्यक्ष गोविंद गोपाल ईनाणी ने बताया कि लगभग 11 लाख की लागत से तैयार उक्त निःशुल्क लेबोरेट्री मोबाइल वैन में पूर्ण सी बी सी जांच, कम्प्लीट ब्लड टेस्ट, एच बी, डब्लू बी सी, प्लेटलेट, टी एल सी, डी एल सी काउंट, ब्लडप्रेशर, ब्लड शुगर की जांच मौके पर ही सैंपल लेकर की जाएगी। उक्त वेन चित्तौडगढ़ सेवा संस्थान के पूर्व में किए गए लोकसभा क्षेत्र में एतिहासिक पौधारोपण से प्रभावित होकर सांसद जोशी की प्रेरणा से श्री श्री विद्या फाउण्डेशन न्यूयॉर्क के मनोज स्वामी ने अपने स्वर्गीय पिता रामावतार स्वामी की स्मृति में संस्थान को भेंट की। शुरूआत में ग्राम पंचायत स्तर 22 जनवरी केलजर, 23 विजयपुर, 24 अमरपुरा, 25 जनवरी को उदपुरा में रहेगी। शुरूआत के अवसर पर लगभग 75 लोगों की जांच की गई।

## बिरला कॉर्पोरेशन की दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 82 प्रतिशत उछला

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**चित्तौड़गढ।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के दिसंबर तिमाही के शुद्ध लाभ में 82.1 प्रतिशत की वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है, जो वॉल्यूम, आक्रामक तौर पर लागत में कमी और प्रीमियम उत्पादों की अधिक बिक्री से 3.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 148.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

दिसंबर तिमाही के लिए कंपनी का राजस्व 1,822.82 करोड़ रुपये है, जो 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा है जबकि एबिटडा पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले इस साल 19.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 375.94 करोड़ रूपये पर पहुंच गया है। दिसंबर तिमाही के लिए 302.99 करोड़ रुपये का नकद लाभ साल दर साल 39.5 प्रतिशत बढ़ा है। दिसंबर तिमाही के लिए बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की बिक्री 3.2 प्रतिशत बढ़कर 3.55 मिलियन टन हो गई, जो क्षमता उपयोग के मामले में पिछले वर्ष की समान अवधि में 88 प्रतिशत से बढ़ कर इस साल की समान अवधि में 92 प्रतिशत तक पहुंच गया है। दिसंबर तिमाही के लिए इसकी क्षमता का उपयोग उद्योग में सबसे अधिक रहा है।कोविड-19 महामारी के कारण पहली तिमाही में गंभीर रुकावटों के बावजूद, कंपनी ने लाभप्रदता को बढ़ाने में कामयाबी हासिल की हैः दिसंबर तक नौ महीनों के लिए शुद्ध लाभ पिछले साल की तुलना में 22.7 प्रतिशत बढ़कर 380.81 करोड़ रुपये हो गया है। सीमेंट की मांग में मामूली सुधार के कारण, लागत युक्तिकरण और बेहतर परिचालन दक्षता के मिश्रण के माध्यम से यह सफलता हासिल की गई है। उत्पादन और बिक्री में व्यवधान के कारण एक साल में, जिसने सीमेंट कंपनियों के लिए प्रमुख लागत में से एक को चुनौती दी है।

बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सीमेंट डिवीजन का एबिटडा मार्जिन नौ महीने के लिए 22 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले साल 20 प्रतिशत था। दिसंबर तिमाही के लिए, सीमेंट डिवीजन का एबिटडा मार्जिन 21 प्रतिशत रहा जो कि पिछले साल की समान अवधि में 18 प्रतिशत था।

ANCHOR | जीवन और मौत के बीच झूल रही चाहत की जिंदगी

# साइकिल चलाते समय लगी मामूली सी चोट बनी कैंसर

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**कोटा।** जिंदगी में कब किसी के साथ क्या हो जाए, कोई पता नहीं चलता। तभी तो 14 वर्षीय बालिका चाहत की जिंदगी में अंधेरा छा गया। कोटा जिले की सांगोद तहसील के किसनपुरा गांव की बच्ची चाहत को साइकिल चलाते समय पैर में मामूली सी चोट क्या लगी, उसकी जिंदगी की खुशियां ही गायब हो गई। चाहत को साइकिल चलाते समय बाएं पैर में चोट लगी जिसके बाद उसे हल्का सा दर्द हुआ। चाहत के परिजन उसे दर्द का उपचार दिलाते रहे। दर्द ठीक होने के बजाए ज्यादा हो गया और अब 14 वर्षीय बालिका चाहत आस्टयोजैनिक सकौमा नामक हड्डी बनाने वाली कोशिकाओं के कैंसर की बीमारी से पीड़ित है। चाहत का इलाज जनवरी




2020 से टाटा मैमोरियल अस्पताल मुंबई में चल रहा है। संक्रमण बढ़ने के बाद डॉक्टरों ने 11 अगस्त को ऑपरेशन कर उसका बायां पैर काट दिया। अब डॉक्टर उसकी जगह कृत्रिम पैर लगाएंगे। इसके लिए चाहत के पिता निलेश कुमार को मार्च 2021 तक मुंबई टाटा मैमोरियल अस्पताल में ही रुककर इलाज कराना पड़ेगा। कम्प्यूटर ऑपरेटर की नौकरी करने वाले चाहत के पिताजी इलाज में अब तक लाखों रुपए खर्च कर चुके हैं। अब डॉक्टरों ने बेटी के कृत्रिम पैर व 12 कीमाथैरेपी आदि उपचार के लिए 3 से 4 लाख रुपए की और जरूरत बताई है। इतनी बड़ी रकम उसके पिता के पास नहीं है इस दौरान उसके पिता की नौकरी भी छूट गई है।

चाहत के पिता निलेश अग्रवाल ने बताया कि चाहत के पैर दर्द में लाभ नहीं होने पर उसे जनवरी में फोर्टिस हॉस्पिटल दिल्ली में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. साधना अग्रवाल के पास रैफर की गई थी। विभिन्न जांचों के बाद पाया गया कि चाहत दुर्लभ बीमारी से पीड़ित है। जनवरी के दूसरे सप्ताह में डॉ. साधना ने उसे टाटा मैमोरियल अस्पताल मुंबई रैफर किया था। यहां वह अपने परिजनों के साथ गत वर्ष फरवरी से उपचार करवा रही है। उपचार में सहायता कर रहे डॉ. संजय अग्रवाल दम्पति ने फोन पर बातचीत में बताया कि अब तक बच्ची के उपचार में 8 लाख 24 हजार रुपए बच्ची के इलाज में खर्च कर चुके हैं। जिसमें अग्रवाल समाज के कई प्रतिष्ठित लोगों ने सहयोग किया है। इलाज में सहायता के इच्छुक भामाशाह चाहत के पिता निलेश मिश्रा से उनके मोबाइल 6490460211 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

# रणथंभौर में टाइग्रेस टी-118 ने दो शावकों को जन्म दिया, टी-92 की बेटी है बाघिन टी-118



**सवाईमाधोपुर @ जागरूक जनता।** रणथंभौर बाघ परियोजना (द्वितीय) करौली से बाघों का कुनबा बढ़ने की खुशखबरी आई है। कैलादेवी रेंज के अंतर्गत नाका राहर, ब्लॉक चिरमिल के घोड़ी खोह नाले में बाघिन टी-118 दो शावकों के साथ 23 जनवरी को शाम के समय दिखाई दी। बाघिन तथा दोनों शावकों के फोटो कैमरा ट्रैप में आए हैं। इसकी सूचना स्टाफ द्वारा दी गई। मुख्य वन संरक्षक टी.सी. वर्मा ने बताया कि लगभग साढ़े तीन वर्ष की उम्र में टी-118 द्वारा पहली बार दो शावकों को जन्म दिया गया है। बाघिन टी-118 टी-92 की बेटी है और बाघिन टी-118 का जन्म भी करौली जिले के कैलादेवी अभयारण्य में हुआ था। बाघिन टी-118 एवं उसके दोनों शावकों के विचरण क्षेत्र में स्टाफ द्वारा सघन गश्त की जा रही है। इसके साथ ही वहां कैमरा ट्रैप लगाकर मॉनिटरिंग भी विभाग की ओर से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बाघिन टी-118 तथा बाघ टी-80 के नाका राहर, नाका कसेड़ व नाका श्यामपुर में विचरण करते हुए कई बार कैमरा ट्रैप में फोटो प्राप्त हुए थे।























## जयपुर में 5.80 लाख रुपए के नकली नोट और मशीन जब्त, आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर @ जागरूक जनता।** करधनी थाना पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफास कर मंगलवार को एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पांच लाख अस्सी हजार रुपए के नकली नोट व नोट बनाने की मशीन जब्त की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। एसएचओ विनोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित रूप चन्द मीणा उर्फ रूपी (25) मूलतः भरतपुर हाल गांधी पथ करणी विहार को गिरफ्तार किया गया है। मुखबिर से सूचना मिली कि नकली नोट लेकर एक युवक कालवाड रोड की ओर जा रहा है। सूचना पर एसआई मोतीलाल ने तुरंत कार्रवाई कर संदिग्ध को धर-दबोचा। तलाशी में उसके पास 2 लाख रुपए के नकली नोट मिले। पुलिस ने आरोपित रूप सिंह उर्फ रूपी को गिरफ्तार कर नकली नोट जब्त किए। मकान की तलाशी में 3 लाख 80 हजार रुपए के ओर नकली नोट व नोट बनाने में प्रयुक्त कम्प्यूटर, कलर प्रिंटर व अन्य उपकरण जब्त किए है। जब्त कुल 5 लाख 80 हजार के नकली नोट 100 और 200 रुपए के बनाए गए है।













संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-2338070, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 63, राजीव नगर, मदनबाड़ी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

विश्वसनीय साप्ताहिक अखबार

# जागरूक जनता

जागरूक जनता
विश्वसनीय हिन्दी अखबार

Digital Edition

एक सकारात्मक सोच

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.in

/jagrukjanta
/jagrukjantanews
jagruk_janta

जयपुर, बुधवार 27 जनवरी - 2 फरवरी, 2021



# विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाना आरएलपी का लक्ष्य- सांसद बेनीवाल



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**अजमेर।** आरएलपी संयोजक व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने सोमवार को अजमेर नगर निगम के वार्डो में जन-संपर्क करके रालोपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक तथा नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने अजमेर नगर निगम के वार्ड में जन संपर्क करके आरएलपी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान सांसद बेनीवाल ने कहा कि में 24 घण्टे प्रदेश के किसान व जवान के लिए उपलब्ध रहता हु और विकास कार्यो से लेकर जनसेवा से जुड़े हर कार्य के लिए वो हमेशा जनता के लिए तत्तपर रहते हैं। सांसद बेनीवाल ने शहरी क्षेत्रों में आवास सहित अन्य योजनाओं से वंचित लोगो को आश्वस्त करते हुए कहा की हम विकास के एजेंडे को लेकर ही चुनाव लड़ रहे हैं और आम जन को योजनाओं से लाभांवित करवाना उनका लक्ष्य रहेगा। इस अवसर पर आरएलपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट विजय पाल चौधरी, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र, दक्षिण विधानसभा प्रभारी एडवोकेट राजेन्द्र मंडरावलिया, आशिष सोनी उतर विधानसभा प्रभारी, राहुल अबासरा सहित कई जन प्रतिनिधि व अजमेर के मौजिज लोग साथ रहे। सांसद बेनीवाल ने नगर निगम अजमेर के वार्ड नम्बर1से नारायण गोड़ व वार्ड 3 से मनोरमा सोनी, वार्ड 6 से प्रत्याशी साकार जैन वार्ड 10 से प्रत्याशी से प्रत्याशी देवेंद्र राठौड़ वार्ड संख्या 20 से प्रत्याशी पूनम पूनिया वार्ड सिंह चौहान 50 से प्रत्याशी शकुंतला देवी वार्ड संख्या 46 के प्रत्याशी शील कुमार गहलोत वार्ड संख्या 48 से प्रत्याशी तरुण कुमार वार्ड संख्या 37 से प्रत्याशी अंकुर चौहान के समर्थन मे वार्डो में रालोपा उम्मीदवारों के समर्थन में जन-सम्पर्क सभा को संबोधित किया।

# म्यूज़िकल सफ़र इंडिया द्वारा म्यूजिक मेलोडी सीजन 2 का हुआ शानदार आयोजन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** गुलाबी नगरी की शाम और गुलाबी हो गई जब म्यूजिक मेलोडी सीजन 2 का शानदार आयोजन हुआ,कार्यक्रम का संचालन मशहूर एकंर गुरु अरुण किम्मतकर और और संस्था की संस्थापक सपना पाठक ने किया, कार्यक्रम का शुभारंभ पवन गोयल और प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया,कार्यक्रम में सुर सौगात बैंड और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति को पसंद किया गया और देशभक्ति, बॉलीवुड गीतों को कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में म्यूजिक फिएस्टा 2020 सीजन 1 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, कार्यक्रम में राजेंद्र, हेमन्त, उन्नीकृष्णन, भरत, रेखा, सूर्या, किरन, निशा गौरी, इंदु, ज्योति राव, , विनोद, शिवजीत, अनीता, देवेन्द्र, पायल, रजनीश, देवेन्द्र कुमावत, राज, दिनेश प्रियंका, लक्ष्मण, विष्णु रघुवीर, सीमा, सोनाली, रूपा, योगिनी, हितेश, कोंपल, आजाद, सलोनी, अतुल आदि कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दी, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीना थी उन्होंने सभी को मोटीवट किया और साथ ही महिलाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक भी किया। अतिथि के रूप में फिल्म मेकर तपतेश मेवाल,नितिन माथुर, संध्या पुरोहित थे। कार्यक्रम में सृष्टि द वुमन क्लब का सहयोग रहा।



## लीलाधारी हनुमान मंदिर में हुआ झंडारोहण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित जे.पी. कॉलोनी लीलाधारी हनुमान मंदिर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पीसीईपीएल प्रबंधक को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सांगटेड़ा के ग्रामीणों ने समाजसेवी रतन लाल शर्मा की अगुवाई में सांगटेड़ा स्टैण्ड से वाहनों का डायवर्जन बंद करवाने की मांग को लेकर पीसीईपीएल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को सांगटेड़ा स्टैण्ड से डायवर्ट कर कोटपूतली की ओर भेजा जा रहा है।जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है।ग्रामीणों का कहना है कि इस कट पर पुल के निर्माण को लेकर ग्रामीणों द्वारा जन आन्दोलन भी किया जा चुका है लेकिन आश्वासन के बावजूद अब तक पुल नहीं बन सका।इस स्टैण्ड पर दिल्ली से जयपुर जाने वाले वाहनों का सबसे अधिक आवागमन होता है।जिसके चलते आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।ग्रामीणों ने पीसीईपीएल प्रबंधक से सांगटेड़ा स्टैण्ड से वाहनों का डायवर्जन बंद करवाकर एनएचएआई कार्यालय के सामने वाले कट से डायवर्ट किये जाने की मांग की।ज्ञापन के दौरान रतन लाल शर्मा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# समाज, संस्कृति और सारंगी ने दिलाए प्रदेश को तीन पद्मश्री

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली राजस्थान की 3 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इनमें बेटी बचाओ-पर्यावरण जैसे गंभीर मुद्दों के जरिए देशभर में अपनी पहचान बना चुके राजसमंद के प्रगतिशील समाजसेवक श्याम सुंदर पालीवाल समेत मशहूर लोकगायक और सिंधी सारंगी महारथी लाखा खान और पाली के साहित्यिक सफर के राही अर्जुनसिंह शेखावत शामिल हैं। पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुने गए यह सभी लोग जमीनी स्तर पर काम करने वाले हैं।

## पाली के अर्जुनसिंह शेखावत को मिलेगा पद्मश्री

**राजस्थानी** भाषा व साहित्य में उल्लेखनीय योगदान देने पर पाली के 87 वर्षीय साहित्यकार अर्जुनसिंह शेखावत को पद्मश्री से नवाजा जाएगा। शहरवासियों ने शेखावत को फोन कर पद्मश्री मिलने की बधाई दी। राजस्थान भाषा व साहित्य को जीवन समर्पित करने वाले शेखावत ने अपने जीवन की शुरुआत एक शिक्षक के रूप में की थी। इसके बाद वे बीडीओ बने। इस बीच उनका साहित्य प्रेम बढ़ता गया। राजस्थानी भाषा और संस्कृति व आदिवासी जीवन पर लिखे साहित्य के कारण यह पुरस्कार मिला है। वे अब तक 22 पुस्तकें लिख चुके है तथा कई पुस्तकों का अनुवाद और संपादन किया है। इस तरह उनके साहित्य की संख्या 50 तक पहुंच गई।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए राजसमंद के श्यामसुन्दर को पद्मश्री

**निर्मल** गांव पिपलांत्री के पूर्व सरपंच श्याम सुंदर पालीवाल को केन्द्र सरकार की ओर से पद्मश्री से नवाजा जाएगा। पालीवाल को राजसमंद जिले के निर्मल ग्राम पिपलांत्री में जलग्रहण व पर्यावरण संरक्षण की विभिन्न परियोजनाओं, नवाचारों, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाकर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। श्याम सुंदर पालीवाल की 'कौन बनेगा करोड़पति' में भी सराहना हो चुकी है। उनके गांव को देखने के लिए दुनियाभर के लोग आते हैं। राहुल गांधी भी श्याम सुंदर पालीवाल के कार्य की सराहना कर चुके हैं। पालीवाल ने ग्रामीणों के सहयोग से सरपंच रहते हुए जलग्रहण और पर्यावरण की योजनाओं में जनसहयोग से पूरे इलाके में हजारों पेड़ लगवाने का काम भी किया है। यहां हर बेटी के जन्म पर 111 पौधे लगाने का रिवाज शुरू किया।

## सिंधी सारंगी के महारथी लाखा को पद्मश्री

**लोकसंगीत** के सुरीले स्वरों और सिंधी सारंगी की मिठास से लाखा खान ने देश दुनिया में अलग पहचान बनाई है। जोधपुर के फलौदी तहसील के राणेरी गांव रहने वाले लाखा ख़ान उन्होंने अपनी पुरखों की विरासत को संभाले हुए देश के साथ-साथ विदेशों में भी कार्यक्रम दिए। लाखा खान को सिंधी सारंगी का महारथी कहा जाता है। उनकी सिंधी सारंगी से निकलने वाले स्वर श्रोताओं के कानों में मिश्री घोलने का काम करते है। लाखा खान जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल और जोधपुर रिफ फेस्टिवल में भी नामचीन कलाकारों के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।

राष्ट्रीय बालिका दिवस विशेष

# ऊंची उड़ान कार्यक्रम की बालिकाओं का देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेज में चयन

## हिन्दुस्तान ज़िंक के ऊंची उड़ान कार्यर म से जुड़ प्रतिष्ठित कॉलेज से इंजीनियर बनने का सपना पूरा कर रही ग्रामीण प्रतिभाएं



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान ज़िंक का ऊंची उड़ान कार्यक्रम हमारें लिए वरदान साबित हुआ है, ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन और संसाधन की कमी के कारण देश के प्रतिष्ठित कॉलेज में इंजीनियरिंग में प्रवेश के सपने का पूरा होना हमारें लिए ही नहीं पूरे गांव के लिए गौरव की बात है। यह कहना है ग्रामीण क्षेत्र की उन प्रतिभाओं का जो कि हिन्दुस्तान ज़िंक के ऊंची उड़ान कार्यर म से जुड़कर आईआईटी और एनआईटी के लिए चुने गए है। इन विद्यार्थियों में भी लगभग 50 प्रतिशत संख्या छात्राओं की है जो कि वंचित छात्रों के समावेशी विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की इस मुहिम का लाभ लेकर प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण में योगदान के लिए अग्रसर हैं। इन बालिकाओं के लिए देश के आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश से पहले का सफर उन शहरी बच्चों से ज्यादा कठिन रहा है जिनका चयन हुआ है। दूरदराज़ के ग्रामीण क्षेत्र में हिन्दी माध्यम से पढ़ाई, घर से दूर 4 वर्षों तक कोचिंग और माहौल में बदलाव आसान नहीं था लेकिन इन नौनिहालों ने इस सब के बावजूद सफलता की ओर कदम बढ़ाए। आज इनका आत्मविश्वास दूसरों के लिए प्रेरणा से कम नही है। देश के श्रेष्ठ इंजीनियर कॉलेज आईआईटी धनबाद में अध्ययनरत रेलमगरा राजसमंद की रानी खटीक, जावर माइंस की रेशमा एनआईटी जमशेदपुर और देबारी की निरमा कुंवर एनआईटी जयपुर में अध्ययनरत है। इन्ही की तरह छोटे से कस्बे से देश के प्रतिष्ठीत इंजिनियरिंग कॉलेज तक का सफर तय करने वाली देबारी की कीर्ति पांडे, दरीबा की माया जाट, देबारी की ममता चैबीसा जैसी प्रतिभाशाली बालिकाएं शामिल है। यह बालिकाएं शुरुआत से ही पढाई के साथ -साथ अन्य सहशैक्षिक गतिविधियो मे भी अव्वल रही है। से बालिकाएं पारिवारिक पृष्ठभुमि अत्यन्त निर्धन परिवार से हैं जहॉ एक ओर कीर्ति के पिता सिक्युरिटी सर्विस मे है वही निरमा ओर माया एक सामान्य किसान परिवार से है। ऊंची उड़ान की शुरुआत 2017 में हिन्दुस्तान जिंक द्वारा तकनीकी पार्टनर रेसोनेन्स एंव हॉस्ट पार्टनर विद्या भवन के साथ शिक्षा के नवाचार के रूप में हुई । इसका उद्धेश्य राजकीय विद्यालयो मे पढ़ने वाले उन मेधावी छात्रो को आगे लाना है जो उचित मार्गदर्शन और संसाधनो के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसके तहत कंपनी के कार्यक्षेत्र के 6 जिलो से उदयपुर, राजसमंद, चितौड़, भीलवाड़ा, अजमेर, उतराखण्ड के पंतनगर से मेधावी छात्र जिनके न्युन्तम प्राप्तांक प्रतिशतता के मापदण्ड के आधार पर छात्रो का चयन कर प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है, उसके पश्चात उनमें से चयनित छात्रो को आईआईटी जैसे प्रतिष्ठीत इंजीनियरिंग संस्थानो में प्रवेश के लिए जेइइ की तैयारी रेसोनेन्स संस्थान के अनुभवी अध्यापको द्वारा करवायी जाती हैं। ऊंची उड़ान में कक्षा 9 से 12 तक 134 छात्र वर्तमान में विद्या भवन सीनीयर सेकण्डरी विद्यालय में अध्ययन कर रहै हैं यह प्रोग्राम पूर्णत आवासीय है।

# बैंसला ने किया राष्ट्रीय गुर्जर सम्मेलन एवं गुर्जर गौरव अवार्ड समारोह के पोस्टर का विमोचन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई ने बताया कि जयपुर में 31 जनवरी को होने वाले राष्ट्रीय गुर्जर सम्मेलन एवं गुर्जर गौरव अवार्ड समारोह के पोस्टर का विमोचन गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को सुबह 12 बजे गुर्जर समाज के महानायक गुर्जर आरक्षण समिति के संयोजक कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के कर कमलों द्वारा उनके जयपुर निजी निवास स्थान पर किया । इस अवसर पर राजस्थान की मुख्य आयकर आयुक्त सुनीता बैंसला, विजय सिंह बैंसला एवम अखिल भारतीय गुर्जर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि शंकर धाभाई, राष्ट्रीय सचिव योगेंद्र सिंह गुर्जर, वैष्णवी धाभाई राष्ट्रीय महासचिव महिला (युवा प्रकोष्ठ), रामचंद्र धाभाई, विकास गुर्जर, जगदीश सिंह गुर्जर, प्रदेश सचिव, मामराज सिंधु, महासचिव, रमेश मनकस, जिला महामंत्री, हीरा लाल गुर्जर, जिला महासचिव, प्रहलाद भाटी, जयपुर यूथ विंग अध्यक्ष, रघुवीर धेधड विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष, रामफूल व अन्य पदाधिकारी इत्यादि काफी संख्या में गुजर समाज के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

आशुतोष ए.टी. पेड़ेंकर को सौपा ज्ञापन

# रीको औद्योगिक समस्याओं का शीघ्र हो निराकरण : फोर्टी



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बतलाया राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रो के चहुमुखी विकास हेतु सर्विस इंडस्ट्री के सहयोगी कार्यो के लिए परमिशन देकर उद्योगों को शीघ्र राहत देने हेतु फोर्टी प्रतिनिधिमंडल ने रीको प्रबंध निदेशक आशुतोष एटी पेड़ेंकर से मुलाकात कर को ज्ञापन सौंपा है।

प्रतिनिधिमंडल में फोर्टी अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेत्रत्व में फोर्टी सरंक्षक आईसी अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अग्रवाल व उपाध्यक्ष जगदीश सोमानी भी उपस्थित रहें। फोर्टी सरंक्षक आईसी अग्रवाल ने बताया मांगपत्र में जो हमने मुख्य मांग राखी वह है उनमे सवर्प्रथम है भारत के कई प्रदेशो में इंडस्ट्रीज को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने नई इंडस्ट्रियल पालिसी.2020 लागू की है। नई पालिसी के तहत इंडस्ट्रियल एरिये में पेट्रोल पंपए कांटा, इंटरटेनमेंट पार्क, एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, फाइनेंशियल इंस्टिट्यूट, होटल व दुकानें, अस्पताल, मल्टीप्लेक्स, वेयर हाउसिंग, रिटेल आउटलेट बनाने की परमिशन दे दी है । इस पॉलिसी के तहत दिल्ली व हरियाणा में तो इस तरह की पालिसी बनाकर लागू भी हो चुकी है परन्तु रीको औद्योगिक क्षेत्रों में अभी तक इसको लागू नहीं किया गया है, फोर्टी ने आग्रह किया है। रीको औद्योगिक क्षेत्रों को भी इस पॉलिसी से वंचित न रखा जाये। कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने बताया राजस्थान सरकार को रीको इंडस्ट्रियल एरिये में भी जमीन को वेयर हाउस का दर्जा देने एवं लैंड यूज को 'पेट्रोल पंप, धर्मकांटा व अन्य औद्योगिक कार्यो के लिए, पहले की भांति परिवर्तित करने की स्वीकृति दी जानी चाहिये तथा इसको इंडस्ट्रियल लैंड का दर्जा दिया जाये। इससे रीको में विकास कार्यो के साथ उद्योगों को गति मिलेगी।

फोर्टी उपाध्यक्ष जगदीश सोमानी सम्पूर्ण राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्रो में जयपुर एक ऐसा क्षेत्र है जिसके चारों और बहुत सारे औद्योगिक क्षेत्र बसे हुए है इन इंडस्ट्रियल क्षेत्रोमें कुछ क्षेत्र ऐसे है जो लगभग 50 साल पुराने है और इंडस्ट्रियल के रूप में कटे हुए है जैसे 22 गोदाम, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र व अन्य कई क्षेत्र है जो की शहरी सीमा के अन्दर आ गये है वहां पर अत्याधिक पोलुशन व रेजिडेंशियल क्षेत्रो के कारण इंडस्ट्रियल एक्टिविटी चलना सम्भव नही है । ऐसे क्षेत्रो में सरकार को यह चाहिए की उन उद्योगों के द्वारा ही वहां पर सर्विस इंडस्ट्री को प्रोमोट करे साथ ही वहां जो नॉन पॉल्यूटेड इकाइयाँ स्थापित है उनको स्पेशल छूट प्रदान की जाये जिससे की उस क्षेत्र में जो जगह है जो की उद्योगों के लिए काम नही आ पा रही है उस स्थान पर वहां उद्योगों की जो सहयोगी गतिविधियाँ है उनको उद्योगों का दर्जा दिया जाये जिससे इंडस्ट्रियल क्षेत्रो का और विकास होगा और वहां पर ग्रीन इंडस्ट्रियल यूनिट्स चलने से एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण होगा।

# देशभक्ति थीम पर लॉयन्स क्लब ने मनाया गणतंत्र दिवस



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब्स के प्रान्त 3233श्व-1 की तरफ से मंगलवार को सी-स्कीम स्थित सेन्ट्रल पार्क में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक लॉयन्स क्लब जयपुर विद्याधर नगर के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि लॉयन्स क्लब की सभी शाखाओं की तरफ से गणतंत्र दिवस पर सेंट्रल पार्क के गेट नम्बर 2 पर देशभक्ति की थीम पर झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रान्त के विभिन्न पदाधिकारियों ने मिलकर झंडा फहराया। पवन ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीत गुनगुनाते हुए सभी आगंतुकों को गणतंत्र दिवस प्रिंटेड दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। पवन ने बताया कि इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट लॉयन्स डिस्ट्रिक्ट के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन आलोक अग्रवाल और स्पेशल गेस्ट लॉयन रोशन सेठी रहे। इस मौके पर लॉयन्स क्लब की लॉयन पंकज पुलसारिआ, अजय अग्रवाल, प्रयाग गोयल, रामसहाय विजयवर्गीय,अजय सक्सेना, सुनील बेत्रा, विष्णु, अनिल, उषा भंडारी, मधु शुक्ला, वीणा पारख, सुनीता भंडारी, कमलेश सोनी व शान्ति भटनागर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस पुरे कार्यकर्म का संचालन एंकर व डायमंड क्लब की मेंबर प्रीती सक्सेना ने किया व लोगो को देश भक्ति गांव पर नाचने को मजबूर कर दिया पवन ने बताया कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम लॉयन्स क्लब के प्रान्त के द्वारा किया गया. जसमे जयपुर के करीब करीब सभी क्लब ने भाग लिया

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े हर खबर से आपको रखें अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

ANCHOR | अवधारणा

# हिमालय-हिन्द महासागर राष्ट्र समूह (हर्ष) की अवधारणा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net
विचार
डॉ. नवीन कुमार मिश्र

**भारत** सांस्कृतिक रूप से जितना समृद्ध रहा है उतना ही आर्थिक-वैदेशिक गतिविधियों में सशक्त था। हिमालय परिक्षेत्र तथा हिन्द महासागर के तटीय क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व आर्थिक आदान-प्रदान होने से भारतीय संस्कृति और सभ्यता का विस्तृत विस्तार हुआ। जिसने वेद और उपनिषद काल से लेकर आज तक ज्ञान, विज्ञान और दर्शन से विश्व को आलोकित किया है। हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह (हर्ष) उन चौवनदेशों का समूह है जो भौगोलिक रूप से स्पष्ट व पूर्ण रूप से प्राकृतिक है और इनमें व्यापार, वाणिज्य व सांस्कृतिक संबंधों की विविधता रही है।

भारत के व्यापारियों ने काशी, मथुरा, उज्जैन, प्रयाग और पाटलिपुत्र जैसे विभिन्न शहरों से पूर्वी तट के बंदरगाहों जैसे ममल्लापुरम, ताम्रलिप्ति,पुरी और कावेरीपट्टनम से पूर्व की ओर यात्राएं की। श्रीलंका, कंबोडिया, जावा, सुमात्रा, मलाया द्वीपों की यात्रायें कर चीन व जापान तक अपने व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंध स्थापित किये। इन व्यापारियों को सांस्कृतिक राजदूत माना जाता था।भारत के वस्त्र, मसाले और कलाकृतियां सुदूर पश्चिमी देशों में प्रसिद्ध थे। कला के साथ-साथ संस्कृति का अधिक समावेशन भी हुआ। इसी प्रकार कई सांस्कृतिक प्रतिष्ठान जैसे कार्ले, भजा, कन्हेरी,अजंता और एलोरा आदि स्थापित हुये। इन केन्द्रों पर बौद्ध मठ के प्रतिष्ठान भी मिले है और उस समय के विश्वविद्यालयों को संवाद व सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र माना जाता था। चीन और जापान में इनके प्रति अपार श्रद्धा है। भारतीय बंजारों का एक समूह जो खुद को रोमा कहते थे और उनकी भाषा रोमानी थी जिन्हें यूरोप में जिप्सियों के नाम से जाना जाता है। इन्होने पश्चिम में पाकिस्तान व अफगानिस्तान को पार करते हुए ईरान और इराक के रास्ते तुर्की तक यात्राएं की तथा सतत देशाटन से पर्यटन का रास्ता बना।फारस, टोरस पर्वत और कांस्टेंटिनोपल के माध्यम से यात्रा करते हुए रोमा यूरोप के विभिन्न देशों में बस गये। यही कारण कि पश्चिम के विभिन्न क्षेत्रों में पुरातात्विक उत्खनन से सिंधु सभ्यता के विभिन्न वस्तुओं की प्राप्ति हो रही है। इसी प्रकार तीसरी शताब्दी ईपू में भारत का मिस्र और मेसोपोटामिया की सभ्यता के बीच व्यापार और सांस्कृतिक संबंध रहे है।

अपने ऐतिहासिक कालक्रम में नियामक स्थिति होने के बाद भी भारत विस्तारवाद के विचार का समर्थक नहीं रहा है बल्कि विश्व बंधुत्व की अवधारणा व सांस्कृतिक नेतृत्व के गुणों का प्रशंसक रहा है। परन्तु औपनिवेशिक काल में ब्रिटेन ने अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया जैसे विभाजन करके हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह को सीमित किया। परंतु आज अतिसक्रिय भू-राजनीतिक स्थितियों के कारण इनके बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक सम्बन्धों की पुनर्स्थापना की प्रक्रिया को शुरू करना अनिवार्य हो गया है।

भारतीय संस्कृति का संचार कज़ाकिस्तान से लेकर कैपटाउन तक तथा किर्गिस्तान से लेकर इन्डोनेशिया तक थे। इनके बीच व्यापार व संबंध घनिष्ठ और सहजीविता पूर्ण रहे है। वर्तमान में हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह के देश विश्व के भूभाग का एक तिहाई तथा जनसंख्या का 40.68 प्रतिशत होने के कारण एक विशाल बाजार भी है। विश्व की सर्वाधिक महत्वपूर्ण 'सी लाइन ऑफ कम्युनिकेशन' हिन्द महासागर से गुजराती है। जहां से होकर विश्व का 80 प्रतिशत व्यापार होता है। कुल ऊर्जा व्यापार का 90 प्रतिशत भाग भी यही से गुजरता है। हाल के ही दिनों में हिमालय-हिंद महासागर राष्ट्र समूह के देश नये आर्थिक संभावनाओं हेतु इन प्राचीन व्यापारिक मार्गों को पुनः स्थापित करने के इच्छुक है और इसमें भारत की सकारात्मक पहल चाहते हैं। भारतीयता का सांस्कृतिक सार व्यापार और सांस्कृतिक संबंधों को पुनः स्थापित करने के लिए जरूरी है।

लंबे समय से विलोपित हो चुके सांस्कृतिक व आर्थिक संबंधों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। इसके लिए हिमालय से हिंद महासागर तक फैले हिमालय परिक्षेत्र के राज्यों, अरब प्रायद्वीप, उत्तरी, पूर्वी व दक्षिण अफ्रीका के तटवर्ती राज्य व मेडागास्कर, तटवर्ती भारतीय क्षेत्र, श्रीलंका, खमेर, सुमात्रा, जावा, चंपा, कम्बोज, मलय, श्रीविजय क्षेत्र व आस्ट्रेलिया के साथ व्यापारिक संबंधों को पुनः स्थापित किया जाय। जिससे 21वीं सदी एशिया की सदी होगी। भारत उसका नेतृवकर्ता बनेगा। ज्ञान, विज्ञान व जीवन-मूल्यों के कारण भारतीय संस्कृति की महत्ता कोरोना काल में सिद्ध भी हो चुकी है। इसलिए इस सांस्कृतिक व आर्थिक कड़ी को मजबूत करने के लिए हर्ष की अवधारणा को मूर्त रूप देना होगा।

*(लेखक भू-राजनीति के जानकार है)*

# रीको को सौंपी 1060 हैक्टेयर जमीन

### जोधपुर में नए उद्योगिक क्षेत्र की योजना धरातल पर आई, कुल तीन हजार करोड़ की है यह परियोजना

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जोधपुर।** दिल्ली-मुंबई फ्रेट कोरिडोर के किनारे जोधपुर-पाली के बीच नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की कवायद ने गति पकड ली है। लम्बे अरसे से अधर में लटके इस कार्य में सीएम अशोक गहलोत के हस्तक्षेप के बाद तेजी आई है। करीब 1060 हैक्टेयर भूमि को नए औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिन्हित किया गया है। और उसे रीको के नाम कर दिया गया है। तीन हजार करोड़ की इस परियोजना को अब जल्द ही रीको शुरू करने वाला है।

पिछले कुछ सालों में जोधपुर देश और राज्य में एक प्रमुख इण्डस्ट्रीयल हब के रूप में उभर कर सामने आया है। एक अहम बात यह भी है कि जोधपुर के आस पास के पांच मेगावाट सोलर फार्म प्रोजेक्ट भी है जो देश का महत्वपूर्ण सोलर फार्म प्रोजेक्ट है। अब राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में भी कई परियोजनाएं आ जायेगी। साथ ही रिफाइनरी, पेट्रो कैमिकल हब को देखते हुए इंटीग्रेटेड जोन भी तैयार किया जाएगा। क्योंकि जोधपुर देश भर में पहला ऐसा शहर है जो अकेला ही उद्योग जगत को सालाना 20 हजार करोड़ कमा कर देता है। इसमें ऑयल, ग्वार गम, हैण्डीक्राफ्ट, स्टेनलेस स्टील व टेक्सटाईल उद्योग भी शामिल है।

तीन हजार करोड़ की यह परियोजना लम्बे समय से अटकी पडी थी लेकिन गहलोत के हस्तक्षेप से योजना धरातल पर आ गई है। इससे अब अन्य प्रदेशों में जाकर निवेश करने वाले लोगों को जो प्रवासी राजस्थानी है अब यह लोग यहां आकर निवेश करेंगे और अपना उद्योग स्थापित कर सकेंगे। उद्योगों के लिए पानी व बिजली की प्रस्तावित खपत और उनके लिए व्यवस्था को लेकर भी पूरी चर्चा हो चुकी है।

#### जोधपुर में सालाना टर्नऑवर

- ग्वार गम निर्यात - 5000 करोड़ रूपए
- स्टेनलेस स्टील निर्यात - 5000 करोड़ रूपए
- हैण्डीक्राफ्ट से - 1500 करोड़ रूपए
- टेक्सटाइल से - 800 करोड़ रूपए
- सफेद पत्थर उद्योग - 300 करोड़ रूपए
- ऑयल मिलों से - 200 करोड़ रूपए

# बीएसएफ का 'ऑपरेशन सर्द हवा' शुरू, तारबंदी पर विशेष निगरानी

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जोधपुर।** पाकिस्तान से सटे राजस्थान के जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का ऑपरेशन 'सर्द हवा' बृहस्पतिवार से शुरू हुआ। यह 27 जनवरी तक चलेगा। बीएसएफ का ऑपरेशन ''सर्द हवा 'हर साल सर्दियों में होता है। इसी के तहत इस बार भी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ रही तेज सर्दी के दौरान यह ऑपरेशन शुरू हुआ है। रेगीस्तानी इलाकों में सर्दी के मौसम में देर रात से सुबह तक कोहरा छाए रहता है। इसका फायदा उठाकर घुसैपठियों के सीमा पार कर भारत में प्रवेश करने की आशंका हमेशा बनी रहती है। कई बाद सर्दियों में घने कोहरे के बीच घुसैपठियों को पकड़ा भी गया है।

बीते दिनों शुरू हुए ऑपरेशन 'सर्द हवा' के तहत बीएसएफ के जवान और अधिकारी अधिक मजबूती से तारबंदी पर निगरानी कर रहे हैं। बीएसएफ के अधिकारी वाहनों से लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। ऊंट पर सवार होकर जवान रेगीस्तानी इलाकों में चौकसी कर रहे हैं। इस दौरान इंटेलिजेंस विंग भी सक्रिय हुई है। बीएसएफ, इंटेलिजेंस एजेंसियों और स्थानीय पुलिस के बीच तालमेल कर यह अभियान चलाया जा रहा है। सीमा चौकियों पर सुरक्षा बढ़ाइ गई है। बीएसएफ में हैडक्वार्टर पर कार्यरत जवानों और अधिकारियों को चौकियों पर लगाया गया है। अधिकारियों का कहना है कि सर्दी में तेज कोहरे का फायदा उठाकर घुसपैठ होने की आशंका हमेशा रहती है। यही हालत गर्मी में रहती है। गर्मी में तेज आंधियों से उड़ने वाली धूल के कारण रेत के टीले एक जगह से दूसरी जगह चले जाते हैं, इसी का फायदा उठाकर घुसैपठिये सक्रिय हो जाते हैं। इस कारण बीएसएफ सर्दी में ऑपरेशन सर्द हवा और गर्मी में ऑपरेशन गर्म हवा चलाती है। दोनों ऑपरेशन में सीमा पर नफरी 20 से 30 फीसदी तक बढ़ाई जाती है। दिन के बजाय रात में बीएसएफ के जवानों की सक्रियता अधिक हो जाती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान से सटी राजस्थान की 1070 किलोमीटर की सीमा से घुसपैठ और तस्करी की आशंका हमेशा रहती है ।

# शाह परिवार द्वारा मानवसेवा के तहत कृत्रिम पाँव का वितरण

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**हुबली।** दीपक साइकिल शाह परिवार हुबली के सहयोग से आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर हुबली में दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव शिविर का आयोजन किया गया जिसमे महाराष्ट्र, कर्नाटका सहित राज्य के अनेक कोनो कोनो से आये 26 से अधिक जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव व हाथ वितरित किये गए। शिविर का लाभार्थी परिवार के गिरीश शाह उद्घाटन लिंब सेंटर के संथापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघी, चैयरमेन वीरेंदर जैन ने दिव्यांगों को कृत्रिम पाँव लगाकर किया। शाह ने कहा की दिव्यांगों की सेवा करने का जो वो अत्यंत ही अनुकरणीय है, महावीर लिंब सेंटर पिछले कई वर्षो से अनवरत यह सेवा कार्य कर रहा है जो की अत्यंत ही शराहनीय है इसके माध्यम से अनेक दिव्यांगों को नया जीवन मिल रहा है। शिविर के दौरान अपने उध्बोधन में महावीर लिंब सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र सिंघी ने कहा की मानव् सेवा के इस में यज्ञ में दिव्यांगों को आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर कृत्रिम अंग प्रदान कर उनको आत्मनिर्भर जीवन जीने की और प्रेरित करता है, सिंघी ने शिविर आयोजक दीपक साइकिल शाह परिवार के सदस्यों का आभार जताया व आगे भी इसी प्रकार सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आल इंडिया जैन युथ फेडरेशन महावीर लिंब सेंटर के निर्देशक सुभाषचन्द्रा डंक, बसवराज गदगीमठ सहित अन्य उपस्तिथ थे।

### 14 पंप स्टेशन बनाने का काम शुरू

# द्रव्यवती से खेती के लिए दिए जाएंगे कनेक्शन



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** लंबे समय बाद द्रव्यवती नदी के पानी से अब गोनेर और उसके आस-पास के इलाकों में खेती होगी। पानी की आपूर्ति के लिए जेडीए द्रव्यवती नदी पर पचास लाख रुपए की लागत से 14 प्वाइंट बना रहा है। बीते तीन साल से स्थानीय किसानों ने पानी के लिए काफी संघर्ष किया था। अधिकारियों के मुताबिक विधानी से लेकर गोनेर तक द्रव्यवती नदी पर 14 पम्प स्टेशन बनाए जाएंगे। यहां से किसान अपने खेतों में पानी ले जा सकेंगे। पानी की मोटर के लिए विद्युत कनेक्शन लिया जाएगा।

#### देरी से काम शुरू

आगामी समय में पानी की मोटर चलाने के लिए सोलर ऊर्जा का प्रयोग किया जाएगा। फिलहाल बिजली कनेक्शन की व्यवस्था की जा रही है। द्रव्यवती नदी बनाने से पहले किसानों का रीको से करार होने के बाद 14 किसानों को ही द्रव्यवती नदी से पानी के कनेक्शन दिए जाएंगे। पम्प स्टेशन बनाने का काम कन्नू कंसट्रशन कम्पनी को दिया गया है। अप्रैल तक यह कार्य पूरा किया जाना है। कोरोना के चलते इस कार्य को शुरू होने में पांच महीने की देरी पहले ही हो चुकी है।

#### बन सकती है विवाद की स्थिति

अब उक्त रास्ते पर ही खेती में पानी के लिए लगभग 50 से ज्यादा किसान परिवार कनेक्शन की मांग कर रहे हैंए। इसके लिए किसान जेडीसी से मिलकर पानी कनेक्शन के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। फिलहाल अभी 14 किसानों को ही पानी के कनेक्शन देने पर सहमति बनी है। ऐसे में पम्प स्टेशन बनने के बाद कनेक्शन को लेकर विवाद खड़े हो सकते है। गौरतलब है कि 47 किमी लम्बी द्रव्यवती के निर्माण पर करीब 1500 करोड़ रुपए खर्च हुए है। फिलहाल द्रव्यवती के अधूरे पड़े निर्माण कार्य को पूरा करने में टाटा कम्पनी जुटी हुई है।

# 'भारत' बने भारत जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति (महिला) एवं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में 72वें गणतंत्र दिवस पर आचार्य श्री विद्या सागर जी महामुनिराज के सपने भारत बने भारत जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया। महासमिति की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष शीला डोड्या व युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने बताया कि जैन समाज के आचार्य संत शिरोमणि श्री विद्या सागर जी महामुनिराज का अभियान भारत को भारत ही बोलो एवं भारत को भारत ही रहने दो के अन्तर्गत पूरे देश में जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष बैद के मुताबिक राम निवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल पर भारत बने भारत जागरूकता अभियान के तहत गणतंत्र दिवस मनाया गया जिसका उद्देश्य भारत को पुनः भारत की पहचान दिलाना है। अभियान की शुरुआत एक जन जागरुकता अभियान के साथ हुई जिसमें अरिहन्त नाट्य संस्था, जयपुर द्वारा अजय जैन के निर्देशन में नुक्कड़ नाटक मैं भारत हूँ की रोचक प्रस्तुति दी गई। जागरूकता अभियान एवं नुक्कड़ नाटक का शुभारंभ दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी मुम्बई के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं महामंत्री समाज भूषण राजेन्द्र गोधा ने किया।

### गर्व का गण, जन मन का तंत्र

# कोरोना व्यवस्था पर सरकार को राज्यपाल से शाबाशी



### प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला प्रभारी मंत्री या कलेक्टर्स ने किया झंडारोहण

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** राजधानी समेत प्रदेशभर में गणतंत्र दिवस अलग-अलग रंग में नजर आया। जयपुर में राजभवन, विधानसभा, सीएम आवास तथा कांग्रेस व भाजपा कार्यालयों पर झंडारोहण हुआ। राज्यस्तरीय कार्यक्रम सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। इसमें राज्यपाल कलराज मिश्र ने झंडारोहण किया। इस मौके पर जयपुर समेत विभिन्न जिलों में बैंडवादन, कराटे शो, घुड़सवारी शो जैसे आयोजनों का रोमांच देखने को मिला।

एसएमएस स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे राज्यस्तरीय कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर राज्यपाल के संदेश में सरकार की जमकर तारीफ की गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी भी मौजूद थे। राज्यपाल को इस मौके पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समारोह में लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। पुलिस जवानों ने मोटरसाइकिल शो और घुड़सवारी शो के जरिए करतब दिखाए। गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने से पहले राज्यपाल कलराज मिश्र और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमर जवान ज्योति पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### कोरोना का असर दिखा

कार्यक्रम पर कोरोना का असर साफ नजर आया। स्टेडियम में बैठने की व्यवस्था सोशल डिस्टेंसिंग के हिसाब से की गई है। कोरोना हेल्थ प्रोटोकॉल के कारण राज्य स्तरीय समारोह में इस बार स्कूली बच्चों के कार्यक्रम नहीं रखे और न स्कूली बच्चों को बुलाया गया। कलाकारों ने भी सोशल डिस्टेसिंग रखते हुए कार्यक्रम पेश किए।

#### राज्यपाल का संदेश

प्रदेशवासियों के समक्ष राज्यपाल ने अपने संदेश में राज्य सरकार के कामकाज को लेकर बात की। उन्होंने कहा- गर्व है कि राज्य सरकार के शानदार कोरोना प्रबंधन से राजस्थान को देश में मॉडल के रूप में सराहना मिली है। सभी जिलों के सरकारी अस्पतालों में कोरोना की निःशुल्क जांच व इलाज की सुविधा प्रदान कर हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया। ऑक्सीजन बैड, आईसीयू बेड, वेंटिलेटर्स, ऑक्सीजन प्लांट्स आदि में बड़े पैमाने पर वृद्धि की गई है। राज्य में कोरोना टेस्ट के लिए सेम्पलस बाहर भेजे जाते थे आज सभी 33 जिलों में कोरोना की जांच सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। जांच क्षमता प्रतिदिन 60 हजार हो चुकी है। पोस्ट कोविड क्लिनिक्स भी संचालित किए जा रहे हैं। यह सुखद है कि अब कोरोना की वैक्सीन आ चुकी है। हैल्थकेयर वर्कर्स को प्राथमिकता से वैक्सीन लगाई जा रही है। इसके पश्चात फ्रंटलाइन कोरोना वॉरियर्स, बुजुर्गों व अन्य बीमारियों से ग्रसित लोगों को प्राथमिकता क्रम से वैक्सीन लगाई जाएगी। जन भागीदारी से वैक्सीनेशन मिशन में भी राजस्थान को मॉडल राज्य बनाया जाएगा।' जैसलमेर जिला मुख्यालय पर शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान अल्पसंख्यक मामलात, वक्फ एवं जन अभाव निराकरण मंत्री शाले मोहम्मद ने ध्वजारोहण किया। जिला कांग्रेस कार्यालय में मंत्री शाले मोहम्मद ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली।

#### संभागीय आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

जिला स्तरीय समारोह अजमेर के पटेल मैदान में हुआ, जहां अजमेर संभागीय आयुक्त डॉ. वीणा प्रधान ने सुबह 9:30 ध्वजारोहण किया। पटेल मैदान में पुलिस जवानों की परेड, मार्च पास्ट सहित शारीरिक शिक्षकों की ओर से योग, सूर्य नमस्कार व डांस के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के ब्यावर, किशनगढ, नसीराबाद, केकडी, पुष्कर, बिजयनगर, मसूदा, पीसांगन, सरवाड, अराई सहित अन्य कस्बों में भी समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

#### अलवर में श्रम मंत्री ने किया ध्वजारोहण

श्रम मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मार्चपास्ट हुआ और राज्यपाल का संदेश पढ़ा गया। कार्यक्रम में कलेक्टर नन्नू मल पाहाड़िया, एसपी तेजस्विनी गौतम, नगर परिषद सभापति बीना गुप्ता सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।

#### यूडीएच मंत्री ने ली सलामी

कोटा में भी उमेद सिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय समारोह में यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने ध्वजारोहण किया। यूडीएच मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया।

#### कराटे शो के जरिए दिखाया दमखम

धौलपुर में आरएसी परेड ग्राउंड में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में जिले की शिक्षिकाओं ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। हैरतअंगेज कारनामे दिखाए। राज्य मंत्री भजन लाल जाटव ने किया ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अपने पेट के ऊपर बाइक चलाई, हाथ से जलती आग पर रखी टाइल्स को भी तोड़कर प्रदर्शन किया।

#### नजर आया कोरोना का असर, चेहरों पर मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग

पहली बार गणतंत्र दिवस समारोह पर कोरोना का असर नजर आया। सभी चेहरों पर मास्क लगे थे, साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी पूरा ध्यान रखा गया। राजकीय उम्मेद स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री महेन्द्र चौधरी ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

### जेब खर्च से पौधें लाकर पहाड़ी पर कर रहे है पौधारोपण, प्रकृति की गोद में बैठकर युवा रत्न निखार रहे है बच्चों का भी भविष्य

# अजनेश्वर आश्रम की पहाड़ी को युवाओं ने बना दिया उपवन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जोधपुर।** उम्मीद को ढूंढा नहीं जाता उसे रखा जाता है, अपने अंदर अपने दिल में। यह नन्हें बीज की तरह होती है जो जमीन की मिट्टी से बाहर तो आ जाता है, मगर उसे पेड़ बनने में वक्त लगता है, लेकिन वो पेड जरूर बनता है। बशर्ते उसको पानी दिया जाता रहे और मिट्टी को नरम रखा जाए। उम्मीद भी ऐसी ही है, उसे बोया जाता है। उसे हौंसले की धूप दी जाती है। विचारों को उपजाऊ बनाए रखना पड़ता है। उम्मीद पूरी जरूर होती है अगर प्रयासों में वाकई गजब की ईमानदारी हो तो। जोधपुर में युवाओं की एक ऐसी टोली है जिसमें उम्मीदों के मायने के साथ अजनेश्वर आश्रम की पहाड़ी को नई उम्मीद से उपवन का रूप दे दिया। जोधपुर शहर के विवेक अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, आनन्द राठी, लक्ष्मण लुणावत, राजेन्द्र व्यास, पंकज चाण्डा और निर्मल गर्ग ऐसे नगीने है जिन्होनें शहर को प्रदूषण मुक्त करने का सपना देख रखा है। और वे इस सपने को साकार करने में जुट भी गए है। युवा रत्नों की इस टीम ने अपनी थीम में संत अजनेश्वर महाराज आश्रम के आस पास की पहाडी को चिन्हित किया और बंजर पहाडी के सीने को चीर कर उसे हरा भरा कर रहे है। टीम ने अब तक 300 पौधें लगा दिए है। भविष्य में इस पहाडी को सुन्दर रूप देने की योजना है। बंजर पहाडी को हरा भरा बनाने का सपना देखने वाली टीम के सदस्य सिर्फ बंजर जमीन को ही नहीं निखार रहे है बल्कि प्रकृति की गोद में बैठकर उन गरीब बच्चों को भी पढा-लिखा रहे है जो गरीबी के हालात से जूझ रहे है। पढना तो चाहते है, लेकिन माता पिता के पास पैसा नहीं होने से वह स्कूल नहीं जा पा रहे है तो ऐसे बच्चों को टीम के पर्यावरण प्रेमी हरीश डाबी और आनन्द राठी इन बच्चों को पढा रहे है। बच्चों के पाठ्य पुस्तकों का खर्चा भी टीम सदस्य अपने जेब खर्च से वहन कर रहे है। टीम सदस्य विवेक अग्रवाल का कहना है कि इस टीम के सदस्यों आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद टीम बेहद मजबूत है। टीम के इरादे और सपने बहुत बड़े है, जिन्हें ये पूरा करने की ताकत रखते है। वह कहते है कि सपने वो नहीं जो हम रात में देखते है, सपने वो होते है जो हमें सोने नहीं देते। बस इस जज्बे के साथ ही टीम इस रास्ते पर निकल पडी है। टीम सदस्य राजेन्द्र व्यास बताते है हमें किसी एनजीओ या ऑर्गेनाइजेशन का सपोर्ट नहीं है। जेब खर्च भी इतना नहीं है जिसके चलते इस अभियान में लाए जाने वाले पौधों की खरीद करना बेहद मुश्किल हो जाता है। विनीता अग्रवाल बताती है कि टीम के सभी सदस्य थोडे-थोडे पैसे मिलाकर पौधे लेकर आते है।

ANCHOR | संघर्ष की कहानी

# हों बाधाएँ हम ना झुकें, अपनी सोच अब ना रुके, हमको आगे बढ़ना ही है, मंजिल तो चढ़ना ही है...

### देश की शान हो, भारत के उज्जवल भविष्य की पहचान हो। बाधाओं से संघर्ष कर अम्बालिका ने बनाई नई पहचान

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** एक शायर की लिखी पंक्तियाँ याद आ रही हैं---

हद से बड़ी उड़ान की ख्वाहिश तो यूँ लगा
जैसे कोई परों को कतरता चला गया !
मंज़िल समझ के बैठ गये जिनको चंद लोग
मैं ऐसे रास्तों से गुज़रता चला गया !!

चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए बहुत कम आयु में ही बड़ी-बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करके अम्बालिका ने साबित कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हों, इरादे पक्के हों और परिस्थितियों से लड़ने का साहस हो तो अपने लक्ष्य को पा लेना कोई मुश्किल काम नहीं होता। बस ज़रूरत है तो इतनी कि अपने ऊँचे सपनों को ज़िंदा रखा जाए। नगर निगम द्वारा नारी शक्ति सम्मान से नवाज़ी गई अम्बालिका शास्त्री पिछले लगभग 4 साल से अपने शक्ति फ़िल्म प्रोडक्शन नामक बैनर तले कई शानदार व भव्य फैशन शो और अवार्ड शो आयोजित करती रही हैं। इतना ही नहीं, इतनी छोटी उम्र में ही अम्बालिका कई शॉर्ट फिल्म्स का निर्माण करके अपने टैलेंट को साबित कर चुकी हैं। यह शॉर्ट फिल्म्स ज्यादातर वर्तमान में मौजूद सामाजिक मुद्दों पर आधारित है जो



समाज को कोई न कोई अच्छा संदेश देती हैं, जिनमे उधार की वेदी? बालविवाह पर आधारित?, धारा 376, 100 लक ? बेटी बचाओ पर? और प्रेमिका की आत्मा प्रमुख हैं।

#### एक से बढ़कर एक फैशन शो की दी सौगात

हमेशा कुछ नया करने की ललक ने अम्बालिका को दूसरों से अलग पहचान दिलाई है। यही कारण है कि अम्बालिका के हर शो में कुछ न कुछ नयापन देखने को मिलता है जिसके चलते अम्बालिका शास्त्री ने जयपुरवासियों को एक से बढ़कर एक फैशन शो की सौगात दी है। शो आर्गेनाइजर अम्बालिका के नाम कई कामयाब फैशन व डिजाईनर शोज दर्ज़ हैं जिनमें जयपुर कल्चर फैशन शो , लहरिया उत्सव (ट्रेडिशनल फैशन शो), समर फैशन फेस्ट सीजन 1 व 2, ग्लैमरस फेस ऑफ राजस्थान सीजन 1व 2, इंडिया रनवे फेस्ट सीजन 1 व 2 , नॉर्थ ईस्ट आइकॉन इंडिया तथा इंडिया फैशन कोट्यूर एंड लाइफस्टाइल अवार्ड सीजन 1 व 2 के नाम वे गर्व से ले सकती हैं।

#### समाजसेवा के क्षेत्र में भी दे रही हैं योगदान

फैशन वर्ल्ड में अपना ख़ास मुकाम बना लेने के साथ ही अम्बालिका ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोगों को सम्मानित करने के उद्देश्य से श्रृंखलाबद्ध जयपुर रत्न सम्मान समारोह के 2 सीजन तथा राजस्थान वीमेन अचीवमेंट अर्वाड 2018 और 2019 तथा जयपुर पत्रकार सम्मान समारोह, स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुरस्कार 2020 भी आयोजित किये जिसे काफी सराहा गया।

#### नये मॉडल्स को बेहतर पोर्टफोलियो के साथ दे रही हैं प्लेटफॉर्म

अम्बालिका शास्त्री से जब इस फील्ड में उनका उद्देश्य पूछा गया तो उन्होंने बहुत ही खुशी के साथ बताया कि उनका उद्देश्य फैशन तथा मॉडलिंग की दुनिया मे नाम कमाने का सपना देखने वाले युवाओं को बेहतर प्लेटफॉर्म देना है जिसके लिए वो नए मॉडल्स के साथ पूरी मेहनत करती हैं,उन्हें मॉडलिंग सिखाने के साथ -साथ उनकी प्रोफाइल को भी मेन्टेन करती हैं। इतना ही नहीं,वे अपने बैनर तले मॉडलिंग सीख रहे स्टूडेंट्स को अपने शो में काम करने का मौका भी देती हैं ताकि उनका कॉन्फिडेंस डवलप हो। इसी बात ने उन्हें युवा वर्ग का चहेता बना दिया है।

*पिता के सपने को साकार करने के लिए बनाई सफ़लता की इबारत, अपनी सोच को हकीकत में बदलने की ठानकर - नई प्रतिभाओं को तरासकर फैशन दुनिया में चमकते सितारे बनाने व समाज सेवा के क्षेत्र में बनाई नई मिसाल* - ***अम्बालिका***

#### कोरोना योद्धाओ हेतु ऑनलाइन सम्मान समारोह

कोरोना महामारी में कोरोना योद्धाओ का हौसला अफजाई करने के लिए मानव सेवा सम्मान शक्ति योद्धा सम्मान का ऑनलाइन आयोजन कर कोरोना योद्धाओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। साथ ही इस वैश्विक महामारी के समय जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमदों को मास्क, सेनेटाइजर, राशन सामग्री सहित आवश्यक सामग्री का वितरण किया।


#### जल्द ला रही हैं कुछ नए प्रोजेक्ट

अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए शो आर्गेनाइजर अम्बालिका शास्त्री ने बताया कि अक्टूबर के महीने में उनके दो बड़े प्रोजेक्ट मि.,मिसेज एंड मिस युथ आइकॉन इंडिया और जयपुर रत्न सम्मान समारोह सीजन 3 आप सबके सामने होंगे। तथा झुग्गी झोपडी में रहने बाले लोगो के लिए चप्पल वितरण की मुहिम भी अंबालिका के द्वारा चलाई गयी हैं

#### मंज़िल पर नज़र व नतीजों पर रखो भरोसा

मंज़िल तक पहुँचने के लिए दिक्कतें उठानी ही पड़ती हैं, लेकिन इनसे डरकर पीछे हटना मैंने कभी नहीं सीखा। मेरा मानना है कि यदि आपको अपनी चुनी हुई राह पर और उसके नतीजों पर भरोसा है, तो आगे बढ़ते चले जाएं, मंज़िल ज़रूर मिलेगी। समाज सेवा की अनुकरणीय व प्रेरणादायक पहल कर, नए कीर्तिमान स्थापित कर नई सोच से, बनाई समाज में नई पहचान।

## कविता से प्रहार करने आई हूं



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
रेनू शर्मा

आज फिर से अपना इतिहास
लिखने आई हूं
शहीदों की चिताओं पर भाव
सुमन चढ़ाने आई हूं।
कुछ काम आ सकूँ देश के
यही सोच प्राणों में उल्लास भर
कर लाई हूं
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से
हमने देश का गौरव पाया अपने स्वाभिमान
यही सच बताने मैं आई हूं
छोड़ सारी चिंताएं जीवन की नाव बढ़ाएं,
गांधी तिलक बिस्मिल्लाह जैसे वीरों को फिर से पनपाएं
धरती अम्बर को वंदे मातरम के
स्वर से गूँजाने आई हूं
फिर से सोने की चिड़िया देश हमारा कहलाए,
बस यही खुशी के गीत गाने आई हूं।
वही देश वीरों का फिर से पनपाने आई हूं
नई किरण, नई ज्योति,नई तरंग सब में नव स्फूर्ति की ललक लगे
देश के विकास हेतु नवनिर्माण की अलख जगाने आई हूँ
शत-शत दीपक जला ज्ञान के अज्ञानता के बादल हटाने आई हूं
भेदभाव को छोड़ एकता का पाठ पढ़ाने आई हूं
यही सोच रेनू जीवन अपना समर्पित करने आई हूँ
वही देश वीरों का फिर से पनपाने आई हूं
वीरता के रथ पर निडर हो आगे बढ़े यही प्रेरणा देने आई हूं
मातृभूमि के लिए जीये
यही वचन लेने आई हूं
तुमसे ही हिंदुस्तान सुरक्षित है
तुम ही सररद की शान हो
यही जोश हर भारतवासी में भरने आई हूँ
हे भारतवासी! देश के सच्चे प्रहरी बनो
देश की आन बान जुटाने फिर से चिनगारी जगाने आई हूं
अपनी कलम से सोए स्वाभिमान को
जगाने हर भारतवासी के लिए कविता से प्रहार करने आई हूं।
रेनू शब्द मुखर
हिंद विभागाध्यक्ष
प्रदेश समन्वयक संपर्क संस्थान सह सचिव राज.लेखिका साहित्य संस्थान

आज फिर से अपना इतिहास लिखने आई हूं
शहीदों की चिताओं पर भाव सुमन चढ़ाने आई हूं।
कुछ काम आ सकूँ देश के
यही सोच प्राणों में उल्लास भर कर लाई हूं
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से
हमने देश का गौरव पाया अपने स्वाभिमान
यही सच बताने मैं आई हूं
छोड़ सारी चिंताएं जीवन की नाव बढ़ाएं,
गांधी तिलक बिस्मिल्लाह जैसे वीरों को फिर से पनपाएं
धरती अम्बर को वंदे मातरम के
स्वर से गूँजाने आई हूं
फिर से सोने की चिड़िया देश हमारा कहलाए,
बस यही खुशी के गीत गाने आई हूं।
वही देश वीरों का फिर से पनपाने आई हूं
नई किरण, नई ज्योति,नई तरंग सब में नव स्फूर्ति की ललक लगे
देश के विकास हेतु नवनिर्माण की अलख जगाने आई हूँ
शत-शत दीपक जला ज्ञान के अज्ञानता के बादल हटाने आई हूं
भेदभाव को छोड़ एकता का पाठ पढ़ाने आई हूं
यही सोच रेनू जीवन अपना समर्पित करने आई हूँ
वही देश वीरों का फिर से पनपाने आई हूं
वीरता के रथ पर निडर हो आगे बढ़े यही प्रेरणा देने आई हूं
मातृभूमि के लिए जीये
यही वचन लेने आई हूं
तुमसे ही हिंदुस्तान सुरक्षित है
तुम ही सररद की शान हो
यही जोश हर भारतवासी में भरने आई हूँ
हे भारतवासी! देश के सच्चे प्रहरी बनो
देश की आन बान जुटाने फिर से चिनगारी जगाने आई हूं
अपनी कलम से सोए स्वाभिमान को
जगाने हर भारतवासी के लिए कविता से प्रहार करने आई हूं।
*लेखक, प्रदेश समन्वयक संपर्क संस्थान सह सचिव राज.लेखिका साहित्य संस्थान है*

## थार सर्वोदय संस्थान का मी टाइम कैम्पेन शुरू



**जयपुर @ जागरूक जनता।** थार सर्वोदय संस्थान ने मी टाइम कैम्पेन की शुरुआत की है जिसके अंतर्गत ग्रामीण, बेघर और गरीब महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण प्रारंभ किया गया। 20 जनवरी से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रेम निकेतन आश्रम से की गई। जहाँ स्कूली छात्राओं और वहाँ पर कार्यरत महिलाओं में सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। कंपनी के सीईओ मनीष शर्मा और थार सर्वोदय संस्था की चेयरपर्सन अंशु हर्ष ने इस कम्पैन में 1000 नैपकिन एक माह में वितरण का संकल्प लिया है। समाज के उस तबके में जहाँ महिलाएं काम काजी तो है लेकिन स्वयं पर 100 रु भी नहीं खर्च कर सकती। उन्हें स्वास्थ की दृष्टि से इन दिनों का महत्व बताते हुए इस कार्य को किया जा रहा है। इस मौके पर प्रेम निकेतन आश्रम की सेकेट्री मीना गर्ग व राजस्थान इंटरनेशनल फ़िल्म फेस्टिवल के फाउंडर सोमेंद्र हर्ष व बी मी कंपनी की तरफ से खगेन्द्र पराशर उपस्थित थे। थार सर्वोदय संस्था का उद्देश्य कला संस्कृति, लिटरेचर, स्वास्थ्य, महिला उत्थान के क्षेत्र में कार्य करना है । इसी के अंतर्गत मी टाइम कैंपेन शुरू किया गया है और वो महिलाएं जो बेघर है, सड़कों पर रखती है । आने वाले समय में कुष्ठ आश्रम में भी वितरण किया जायेगा । कोशिश ये रहेगी कि हर महीने की किसी तय तारीख को निश्चित किये हुए संस्थाओं और आश्रम में जरूरत के हिसाब से पैकिट पहुँच जाएं। विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं को इस कैम्पेन से जोड़ा जायेगा। तुम चलोगे तो कई और भी चलेंगे की तर्ज़ पर कार्य किया जायेगा। एक दूसरे का साथ दे कर किसी मुहिम को बढ़ाना और समाज की जरूरत मंद महिलाओं तक एक अहम चीज़ पहुँचना जरूरी है । समय समय पर मासिक चक्र के कारण होने वाली समस्याओं पर बातचीत भी की जायेगी ।

## गणतंत्र दिवस पर देवालयों में सजीं तिरंगा झांकियां



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गणतंत्र दिवस के मौके पर आज छोटी काशी के देवालय भी तिरंगा के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। मंदिरों को रंग–बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया है। सुबह से मंदिरों में भगवान के समक्ष विशेष तिरंगा झाकियां सजाने का दौर शुरू हो गया। साथ ही विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान जगमोहन को तिरंगा झालर व गुब्बारों से सजाया गया। ठाकुरजी को गुलाबी व सफेद रंग के कपड़े से विशेष पोशाक धारण करवाकर तिरंगा का साफा बांधा गया।

**तिरंगा की पोशाक कराई धारण:** गलता गेट स्थित गीता गायत्री गणेश मंदिर, गोनेर स्थित लक्ष्मी जगदीश मंदिर, सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर, अक्षरधाम मंदिर में भी तिरंगा झांकी सजाई गई। अंबाबाड़ी स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर में पवनपुत्र का विशेष श्रृंगार कर तिरंगा की पोशाक धारण कर तिरंगे की आकर्षक झांकी सजाई गई। मंदिर सचिव सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस दौरान कोरोना से मुक्ति की कामना भी की गई।

### लो! फिर लौटी सर्दीः माउंट आबू में पारा लगातार दूसरे दिन माइनस 4 डिग्री रहा

# प्रदेश में 30 जनवरी तक शूल सी चुभेगी सर्दी, राहत नहीं

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** उत्तरी भारत से चल रही शीतलहर ने प्रदेश में गलन और सर्दी बढ़ा दी है। जयपुर समेत राज्य के अधिकांश शहरों में बीती रात न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया। सबसे कम तापमान माउंट आबू में माइनस 4.2ए दर्ज किया गया। शेखावाटी क्षेत्र सीकर, झुंझुनूं, चूरू के अलावा हनुमानगढ़, गंगानगर, अलवर समेत कई शहर शीतलहर की चपेट में आ गए।

जयपुर की बात करें तो बीते दो दिनों से यहां तेज सर्दी पड़ रही है। शीतलहर के कारण दिन में भी तापमान गिरने लगा है। ग्रामीण इलाकों में सर्दी का प्रकोप इससे भी ज्यादा है। माउंट आबू के मैदानी इलाकों में सुबह ओस बर्फ में में बदल जाती है। इधर, शेखावाटी के झुंझुनूं, सीकर, चूरू समेत आस-पास के क्षेत्र कड़ाके की सर्दी झेल रहे हैं। इन शहरों में बीते दो दिनों से न्यूनतम तापमान 5°c से नीचे है।



### कोहरे के चपेट में आए कई शहर

सर्दी के अलावा कई शहर कोहरे की चपेट में आ गए। कोटा, अलवर, भरतपुर, बूंदी, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ समेत कई शहरों में आज सुबह घना कोहरा छाया रहा। इस कारण इन शहरों में विजीबिलीटी 100 मीटर से भी कम पर पहुंच गई। कोहरे का असर सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में देखा जा रहा है।

### 30 तक बरकरार रहेंगे सर्दी के तेवर

सर्दी के इन तेवरों से प्रदेश की जनता को 30 जनवरी तक राहत नहीं मिलने वाली। मौसम विभाग ने अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, भरतपुर, झुंझुनूं, जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, उदयपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, बीकानेर में शीतलहर चलने की संभावना जताई है।

### गार्गी और बालिका प्रोत्साहन योजना के लिए ऑनलाइन मांगे आवेदन

# सीधे बैंक खाते में जमा होगी पुरस्कार राशि


**जयपुर @ जागरूक जनता।** इस बार गार्गी और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार की राशि बालिका शिक्षा फाउंडेशन जयपुर सीधे छात्राओं के बैंक के खाते में जमा करवाएगा। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग में बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार 2020-21 की प्रथम और द्वितीय किश्त के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इसके लिए छात्राएं स्वयं शाला दर्पण पोर्टल पर बालिका शिक्षा फाउंडेशन मॉडल पर आवेदन कर सकेंगी।गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 10वीं और 12वीं में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाएं इन प्रोत्साहन पुरस्कारों के लिए आवेदन कर सकती है। प्रदेश में1998 से गर्गाी पुरस्कार और 2008-09 से बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत वसंत पंचमी पर पुरस्कार दिए जाते हैं। शाला दर्पण पोर्टल पर 18 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शाला दर्पण आवेदन करने के बाद ऑनलाइन प्रिंट की हार्ड कॉपी भी कार्यालय में जमा करवानी होगी। गार्गी पुरस्कार योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत कक्षा 10 वी और 12 वी में बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में 75 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली बालिकाओ को कक्षा 11 और 12 में नियमित अध्ययनरत होने पर प्रतिवर्ष 3000 रूपए और प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। इस पुरस्कार के लिउ राशि निदेशक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान बीकानेर द्वारा उपलब्ध करवाई जाती है। इस पुरस्कार के लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय और पंचायत समिति स्तर पर प्रतिवर्ष बसंत पंचमी को प्रदान किया जाता है। बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार की 5000 रुपए की एकमुश्त राशि प्रदान की जाती है।

### गार्गी पुरस्कार आवेदन 2021 के लिए आवेदन

आप अपना आवेदन अपने इबर कैफ़े, ई.मित्र कीओस्क, स्मार्ट फ़ोन के माध्यम से भी ऑनलाइन कर सकते हैं। आपको निम्न स्टेप फॉलो करना होगा। आवेदन करने की लिए आपको शाला दर्पण की वेबसाइट http://rajshaladarpan.nic.in/SDv/Home/Publicw/Default.asp& पर जाना होगा क्लिक करने के बाद आपको बालिका का नाम, रोल नंबर और मोबाइल नंबर दर्ज कर वेरीफाई करवाना है उसके बाद आपको 10वीं क्लास की स्कूल की डिटेल्स को फील करना है। उसके बाद आपको बालिका के बैंक डायरी को ओरिजिनल स्कैन करना है और अपलोड करना है उसके बाद आपको बालिका के नाम से शाला प्रमाण पत्र अपलोड करना है जो आपको शाला दर्पण की वेबसाइट पर मिला जायेगा उसको आप शाला के संस्था प्रधान से प्रमाणित कर उपलोड करना है और सबमिट कर देना है। अपने फॉर्म को प्रिंट या श्च्क्थ् फाइल में सेव कर लेना है।

### राजस्थान बोर्ड

## पिछले साल की तुलना में इस साल एक लाख अधिक स्टूडेंट्स देंगे एग्जाम्स



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**अजमेर।** आरबीएसई की 10वीं, 12वीं और समकक्ष परीक्षाओं में इस साल 21. 58 लाख स्टूडेंट्स बैठेंगे। बोर्ड परीक्षाओं के लिए जिन छात्रों ने फॉर्म भरे थे उनके लिए फीस जमा करवाने का अंतिम दिन गुरुवार है। बोर्ड की साल 2021 की 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया (सामान्य शुल्क के साथ) पूरी हो चुकी है। 21 लाख छात्रों में से 12.64 लाख छात्रों ने 10वीं व समकक्ष परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है। वहीं 8.82 लाख स्टूडेंट्स ने 12वीं व समकक्ष परीक्षाओं के लिए अप्लाय किया है। 2020 की परीक्षा के लिए 20.58 लाख छात्रों ने आवेदन किया था। पिछले साल की तुलना में एक लाख आवेदन ज्यादा हैं। अंतिम आंकड़ा बोर्ड जल्द ही जारी करेगा।

### 2020 में 12वीं में 8.67 लाख परीक्षार्थी थे

**वर्ष** 2020 की 12वीं व समकक्ष कक्षाओं के लिए 8, 67,274 व वरिष्ठ उपाध्याय के लिए 3847 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। सीनियर सैकंडरी परीक्षा के कला वर्ग में 5,90,923, कॉमर्स में 36,551 और विज्ञान वर्ग में 2,39,800 ने आवेदन किया था। 10वीं परीक्षा के लिए कुल 11 लाख 35 हजार 747, प्रवेशिका परीक्षा के लिए 6,972 और व्यावसायिक परीक्षा के लिए 42,989 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड किए गए थे।

### परिणाम पर नजर

**2020** में बोर्ड की 9वीं व 11वीं कक्षा के छात्रों को प्रमोट किया गया। हाल में क्लासेज शुरू हुई हैं। इस कारण 2021 के परिणाम पर सबकी नजर रहेगी। संभावना है कि इस बार परीक्षाएं मई में हो सकती हैं।

# स्वस्थ्य जीवन के लिए स्वस्थ्य पर्यावरण आवश्यक-चारण

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**बीकानेर।** तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा एनवायरमेंट यूथ फोरम 2021 पर ऑनलाइन प्रतियोगिता में बीटीयूके संबंधित महाविद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों का पर्यावरण चेतना पर समूह वार्तालाप किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रोफेसर वी के सिंह,गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यार्थियों का उद्घोष किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों के साथ उनके परिवारों को भी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर चल रहे पर्यावरण चेतना गतिविधियों में शामिल करना होगा,जिससे मात्र विद्यार्थी ही नहीं अपितु उसके संपूर्ण परिवार का सहयोग बना रहेगा। उन्होंने बताया कि परंपरा और आधुनिकता के समन्वय से ही संपूर्ण विश्व का विकास संभव है। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक माननीय कुलपति प्रोफेसर एचडी चारण बीटीयू ने मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण संवर्धन और उसके सदुपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन तीन बिंदुओं पर ध्यान दिया जाए तो भविष्य में आने वाली पीढ़ियां शुद्ध पर्यावरण के साथ स्वस्थ जीवन जी सकती है। कार्यक्रम के संरक्षक डॉक्टर वाईएन सिंह डीन एकेडमिक्स ने विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित चल रही समस्त गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय पूर्ण रूप से समाज को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए प्रयासरत है। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉक्टर ममता शर्मा पारीक ने बताया की यह एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है इसके प्रथम चरण में बीटीयू से संबंधित सभी महाविद्यालयों मैं पूरे उत्साह से 400 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय इस राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में पार्टनर यूनिवर्सिटी के रूप में अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम के अन्य संयोजक श्री शंकर लाल शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित 2 विद्यार्थियों को राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। जिसकी अध्यक्षता महाराणा प्रताप विश्वविद्यालय उदयपुर कर रहा है, और इसके बाद अंतिम चरण 26 जनवरी पर राष्ट्रीय स्तर का होगा जिसकी अध्यक्षता मानव रचना विश्वविद्यालय कर रहा है और उसके मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर जी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ गायत्री शर्मा ने किया और साकेत जांगिड़, डॉ करनजीत कौर, डॉ शिखा चौधरी, अमित सुधांशु, और राजेश सुथार मौजूद रहे।

### राज्यमंत्री यादव ने चुरी ग्राम में किया भीम द्वार का लोकार्पण

# लोक कल्याण को समर्पित होनी चाहिये दिवंगतों की स्मृति - राज्यमंत्री यादव

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com



**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चुरी में शिक्षाविद जौहरीमल वर्मा द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में बनवाये गये भीम द्वार का क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन किया।इस अवसर पर यादव ने फीता काटकर अनावरण पट्टीका का लोकार्पण किया।साथ ही बाबा साहब अम्बेडकर,महात्मा ज्योतिबा फूले व मां सावित्री बाई फूले की प्रतिमा का भी अनावरण किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री यादव ने कहा कि लोग अपने पूर्वजों की स्मृति में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विकास कार्यों में योगदान देते हैं,जो समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हों,ऐसे कार्य हमेशा उदाहरण बनते हैं।दिवंगतों की स्मृति हमेशा लोक कल्याण को समर्पित होनी चाहिये।ताकि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन सकें।कार्यक्रम के शुरुआत में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर के चित्र के समक्ष राज्यमंत्री यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।इस दौरान यादव ने कहा कि बाबा साहब ने विषम परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए समाज के हाशिये पर रहने वाले करोड़ों लोगों के वर्ग को आगे बढ़ने की प्रेरणा व सम्बल प्रदान किया।यह विश्व के इतिहास का एकमात्र सशक्तीकरण का उदाहरण है।हमें बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर कार्य करना चाहिये।साथ ही यादव ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले द्वारा समाज व राष्ट के लिए किये गये कार्य आज भी बहुत बड़े वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।उन्होंने जीवन में शिक्षित बनो, संगठित रहों व संघर्ष करो के ध्येय वाक्य पर भी बल दिया।इससे पूर्व राज्यमंत्री यादव का शिक्षाविद वर्मा एवं ग्रामीणों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में आईपीएस अधिकारी सुनील धनवंता,एडवोकेट दुर्गा प्रसाद सैनी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी,सतीश छावड़ी,पूर्व सरपंच बसंती यादव,कबूल यादव,शाहरूख टांक,अमरसिंह सैनी,पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मंजू रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ANCHOR | आलेख

# सामाजिक चेतना की अनुपम पहल है नौबत बाजा



जागरूक जनता
jagrukjanta.net
विचार
बाल मुकुंद ओझा

**देश** भर में विभिन्न विषयों पर सामाजिक जागरूकता में रेडियो, टेलिविजन, इंटरनेट तथा सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन सभी संचार माध्यमों को आपस में मिला कर लोगों तक स्वस्थ, मनोरंजक, सामाजिक चेतना और सरकारी योजनाओं की जानकारियां पहुंचाने के लिए एक अनोखी पहल राजस्थान में की गई है। ये असल में 15 - 20 मिनट का रेडियो है जिसमें हमारे आस पास की दुनिया के हाल चाल जानने समझने वाली बातें हैं, मनोरंजन है और गाने हैं। इसे नौबत बाजा का नाम दिया। इसमें मोबाइल फोन और रेडियो चैनल दोनों को आपस में जोड़ा गया है और शिक्षा व मनोरंजन का एक ?सा माध्यम विकसित किया गया है जो पूरे प्रदेश में लोकप्रिय हो रहा है। अब सिर्फ मिस्ड काल पर मनोरंजन भी और जानकारियाँ भी बिल्कुल निशुल्क - नौबत बाजा मिस्ड कॉल वाला रेडियो 7733959595 पर आपको मिलेगी।

नौबत बाजा के बारे में खास बात ये है कि ये मिस्ड कॉल वाला रेडियो है। इसे स्मार्ट, साधारण या लैंड लाइन वाले फोन से मिस्ड कॉल देकर अपनी मर्जी के वक्त सुना जा सकता है। मिस्ड कॉल करे 7733959595 नम्बर पर और जाने सामाजिक मुद्दों, करियर, स्वस्थ्य सम्बंधित जानकारी, सरकारी योजनाए और साथ ही साथ सुने मजेदार चुटकुले, गाने, नाटक और कहानियाँ। इसी के साथ सरकारी नौकरी, योजनाओं, मुद्दों, कैरियर और मनोरंजन से




जुड़ी जानकारी सिर्फ एक मिस्ड कॉल पर मिलेगी।

तकनीक का यदि सही ढंग से इस्तेमाल किया जाए तो इससे आश्चर्यजनक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। मिस्ड कॉल करने के बाद दूसरे नंबर से आपके पास कॉल आता है। इस कॉल में 15 मिनिट तक ना सिर्फ आपको आपके पसंदीदा गाने या कोई मनोरंजक कार्यक्रम सुनाने के साथ ही स्वास्थ्य शिक्षा, लैंगिक समानता, बाल विवाह, स्वच्छता जैसे अनेक विषयों पर कोई संदेश भी दिया जाता है।

राजस्थान सरकार ने वर्ष 2019, में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को इस अनोखी पहल मोबाइल रेडियो प्रोजेक्ट की शुरूआत की थी। संयुक्त राष्ट जनसंख्या कोष राजस्थान के प्रभारी सुनील जेकब ने इस ज्ञान विज्ञानं से ओतप्रोत मनोरंजक और शिक्षाप्रद कार्यक्रम को प्रदेशवासियों के लिए एक अनुपम धरोहर बताया। राजस्थान सरकार की महिला व बाल विकास मंत्री ममता भूपेश द्वारा इसका शुभ आरम्भ किया गया। इसका संचालन जीवन आश्रम संस्था द्वारा किया जा रहा है और राज्य सरकार राजस्थान, रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन फाउंडेशन एवं यूएनएफपीए के सहयोग से इस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया है। सरकार के विभिन्न विभाग जैसे महिला व बाल विकास, सामाजिक न्याय व अधिकारिता चिकित्सा व स्वास्थ्य शिक्षा आदि इससे जुड़े हुए हैं और अपने विभागों से जुड़ी नवीनतम जानकारियाँ इस प्रोजेक्ट को भेजते हैं। जैसे स्वास्थ्य विभाग ना सिर्फ अपनी विभागीय जानकारियाँ बल्कि योजनाएं भी बताता है बल्कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोचक संदेश भी देता है। इसी तरह महिला व बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं और बच्चों के विकास बाल विवाह के उन्मूलन बच्चों के स्वास्थ्य और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया जाता है।

इस प्रोजेक्ट के संदेशों में सबसे बड़ा फोकस बढ़ते बच्चों यानी किशोर-किशोरियों पर है। समाज का यह एक ऐसा वर्ग है जो इस अवस्था में कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलावों से गुजरता है। ग्रामीण ही नहीं शहरी क्षेत्रों में भी किशोर-किशोरियों अपने इन बदलावों के बारे में अपने माता-पिता या रिश्तेदारों से खुल कर चर्चा नहीं कर पाते हैं। ऐसे में उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पाती है और कई तरह के स्वास्थ्य सम्बन्धी व मानसिक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। आज के समय में इन किशोर किशोरियों और युवाओं में मोबाइल फोन आसानी से उपलब्ध है। प्रोजेक्ट का संचालन कर रही जीवन आश्रम संस्था की संस्थापक राधिका शर्मा का कहना है कि हम मोबाइल तकनीक के इस फैलाव का ही सही दिशा में उपयोग कर रहे हैं। किशोर- किशोरियो का मोबाइल उन्हें ना सिर्फ मनोरंजन दे बल्कि सही दिशा भी दिखाए उनकी समस्याओं का समाधान करे और उन्हें समस्याओं से बचाए यही हमारा उद्देश्य है। साथ ही साथ अपने विचार प्रकट करने के लिए एक मंच नौबत बजा दिया गया है जो की बिल्कुल निःशुल्क है।

नौबत बाजा को अभी तक 3 लाख से ज्यादा लोग कॉल कर सुन चुके है। नौबत बाजा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन स्वस्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, नेहरू युवा केंद्र संगठन, एन एस एस के साथ मिलकर किया गया है। नौबत बाजा अभी तक कई नेहरू युवा केंद्र संगठन, एन एस एस, साथिन, एवं प्रचेता के साथ मिलकर राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया और साथ ही साथ स्लम वालंटियर्स के लिए क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया है जिसमें लगभग 300 से ज्यादा वालंटियर्स ने भाग लिया। राष्ट और राज्य में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए, संचार वाहनों के माध्यम से नौबत बाजा कोरोना अभियान चलाने की योजना बनाई गई। अभियान के लिए अजमेर, अलवर और जोधपुर सहित तीन जिलों का चयन किया गया। 7 सितंबर को, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री, एमडी-एनएचएम द्वारा संचार वाहन का शुभारंभ किया गया। नौबत बाजा के प्रचार के लिए 150 दीवार पेंटिंग की गई हैं, और साथ ही साथ चार भित्ति चित्र भी की गई है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## बीकानेर जिला उद्योग संघ ने किया समाजसेवी भामाशाह मूलचंद डागा सहित कोरोना वोरियर्स का सम्मान



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** बीकानेर जिला उद्योग संघ ने कोरोना काल में बीकानेर में जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करने एवं समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़कर सहयोग करने वाले महानुभावों का सम्मान किया गया। अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि सम्मान समारोह कार्यक्रम में कोरोना काल में विशेष कार्य करने वाले भामाशाह मूलचंद डागा का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि मंजू नैन गोदारा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बीकानेर, कार्यक्रम अध्यक्ष अनूप सक्सेना, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक, रिको लिमिटेड बीकानेर, विशिष्ट अतिथि प्रेमालाल रेगर, क्षेत्रीय अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल बीकानेर, आर.सी.सोनगरा, विधि अधिकारी, रिको लिमिटेड बीकानेर एवं मूलचंद डागा, उद्यमी व समाजसेवी के सान्निध्य में आयोजित किया गया। साथ ही बीकानेर जिला उद्योग संघ में नव स्थापित 10 किलोवाट के सोलर प्लांट का भी उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर योग गुरु विनोद जोशी, एस.के.राठी, राजीव शर्मा, गिरिराज मिमाणी, नीरज जोशी, मांगीलाल सुथार आदि का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सचिव विनोद गोयल, मोहित करनानी, केदारचंद अग्रवाल, बेगराज नागपाल, सुनील शर्मा, उमाशंकर माथुर, वीरेंद्र किराडू, सुरेन्द्र जैन, जुगराज दफ्तरी, प्रकाश ओझा, रचना सेठिया, अनंतवीर जैन, नरेश मित्तल, दिलीप रंगा, राजाराम सारडा, श्रीधर शर्मा, कन्हैयालाल सेठिया, शिवरतन पुरोहित, हरिकिशन गहलोत, निर्मल पारख, विनोद जोशी, विजय जैन, अशोक गहलोत, डॉ. पंकज मोहता, कुन्दनमल बोहरा, मांगीलाल सुथार, सुभाष मित्तल, माणकचंद चौधरी, पवन चांडक, कांतिलाल भूरा, चंद्रकांत नाहटा, संदीप मुसरफ, शिवशंकर प्रजापत, महावीर दफ्तरी, कमल राठी, अजय मिश्रा, पप्पू चौधरी, विपिन मुसरफ आदि उपस्थित हुए।

## एसकेआरएयू में मनाया गणतंत्र दिवस, कुलपति ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 72वां गणतंत्र दिवस समारोह मंगलवार को परम्परागत तरीके से मनाया गया। कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा सुरक्षा प्रहरियों के मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दिन स्वत्रंत भारत के गणतांत्रिक परिवेश का अहसास करवाने वाला पवित्र दिन है। हमें संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। उन्होंने विश्वविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया। कुलपति ने कहा कि सतत प्रयासों से विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। सभी कार्मिक इस ऊर्जा को बरकरार रखें। इस दौरान कुलसचिव कपूर शंकर मान, वित्त नियंत्रक बी एल सर्वा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. वीर सिंह, विशेषाधिकारी इंजी. विपिन लड्ढा मौजूद रहे। संचालन डॉ. बृजेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

## म्यूज़िकल सफ़र इंडिया द्वारा म्यूजिक मेलोडी सीजन 2 का हुआ शानदार आयोजन




**जयपुर @ जागरूक जनता।** गुलाबी नगरी की शाम और गुलाबी हो गई जब म्यूजिक मेलोडी सीजन 2 का शानदार आयोजन हुआ। कार्यक्रम का संचालन मशहूर एकंर गुरु अरुण किम्मतकर और और संस्था की संस्थापक सपना पाठक ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पवन गोयल और प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सुर सौगात बैंड और लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति को पसंद किया गया और देशभक्ति, बॉलीवुड गीतों को कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यर्‍ म में म्यूजिक फिएस्टा 2020 सीजन 1 के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र, हेमन्त, उन्नीकृष्णन, भरत, रेखा, सूर्या, किरन, निशा गौरी, इंदु, ज्योति राव, विनोद, शिवजीत, अनीता, देवेन्द्र, पायल, रजनीश, देवेन्द्र कुमावत, राज, दिनेश प्रियंका, लक्ष्मण, विष्णु रघुवीर, सीमा, सोनाली, रूपा, योगिनी, हितेश, कोंपल, आजाद, सलोनी, अतुल आदि कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीना थी उन्होंने सभी को मोटीवट किया।

## कृषि व्याख्याता भर्ती को लेकर युवाओं ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय महिला सुरक्षा संघ के संभाग प्रभारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व मेंअतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन संभाग प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि कृषि व्याख्याता भर्ती-2018 जो कि भर्ती 28 वर्षो के बाद आई हैं। कृषि विषय में कक्षा 11 एवं 12 में कृषि विज्ञान में तीन विषय सस्य विज्ञान,उद्यान विज्ञान,पशुपालन शामिल हैं । कृषि व्याख्याता की शैक्षणिक योग्यता राजस्थान शिक्षा सेवा नियम 1970 के तहत स्नातकोत्तर कृषि (सस्य विज्ञान उद्यान विज्ञान पशुपालन)+बीएड है। इस भर्ती में जो विषय चलते ही नही उन विषयों के अभ्यर्थियों को भी शामिल किया जा रहा है जो अभ्यर्थियों के साथ अन्याय इसलिए भर्ती को नियमानुसार जल्द कराया जाये कृषि विषय में बीएड नही होने के कारण कृषि अभ्यर्थी विज्ञान विषय मे बीएड डिग्री प्राप्त करते हैं जिनकी संख्या नगण्य है। इसलिए बी.एड अपीयरिंग स्टूडेंट्स को इस भर्ती में शामिल करके जल्द भर्ती पुरी की जाये की भारतीय महिला सुरक्षा संघ ने मांग की जिससे अभ्यर्थियों के भविष्य के सुनहरे अवसर प्रदान हो मौके पर भारतीय महिला सुरक्षा संघ के प्रदेश प्रभारी सुरेंद्र कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता नरेन्द्र चौधरी, जीतू शुक्ला, जितेंद्र सिंह पिचनौत, भीमसिंह, संजय कुमार, मनोज कुमार मांची, दिनेश, केशव कुमार आदि उपस्थित थे।

## प्रदेश में पेट्रोल की कीमत 100 के पार, भोपाल में 94.18 रु, मुंबई में 92.86 रु लीटर हुए दाम

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बुधवार फिर बढ़ोतरी हुई। यह इस महीने में दसवीं बार और लगातार दूसरा दिन है जब तेल की कीमतें बढ़ी हैं। राजस्थान के गंगानगर में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए प्रति लीटर के पार निकल गई है। गंगानगर में सामान्य पेट्रोल 98.40 रुपए प्रति लीटर और प्रीमियम पेट्रोल 101.80 रुपए प्रति लीटर हो गया है। वहीं डीजल 90 रुपए के पार पहुंच गया है। इसके अलावा मुंबई में पेट्रोल 92.86 और दिल्ली में 86.30 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। जनवरी में अब तक पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 10 बार बढ़ोतरी हो चुकी है। आज डीजल और पेट्रोल दोनों में ही 25-25 पैसे की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसके पहले सोमवार को भी डीजल-पेट्रोल की कीमतें बढ़ी थीं।

**जनवरी में अब तक पेट्रोल 2.59 और डीजल 2.61 रु./लीटर महंगा हुआ:** इस महीने दिल्ली में पेट्रोल की कीमत में 2.59 रुपए और डीजल में 2.61 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। 7 दिसंबर को दिल्ली में पेट्रोल 83.71 रुपए और डीजल 73.87 रुपए/लीटर पर बिक रहा था। इसके बाद 29 दिनों तक इनके दाम नहीं बढ़े। 6 जनवरी को इस महीने पहली बार इनके दाम बढ़ाए गए थे।

**टैक्स के बाद पेट्रोल हो जाता है 3 गुना महंगा :** इसको समझने के लिए पहले ये समझना जरूरी है कि कच्चे तेल से पेट्रोल-डीजल पंप तक कैसे पहुंचता है। पहले कच्चा तेल बाहर से आता है। वो रिफायनरी में जाता है, जहां से पेट्रोल और डीजल निकाला जाता है। इसके बाद ये तेल कंपनियों के पास जाता है।

### नगर निकाय चुनाव :50 सदस्यों का हो चुका है निर्विरोध निर्वाचन, अब 2985 वार्डों के लिए कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य प्रत्याशियों ने झौंकी ताकत

# पौने दो हजार वार्डों में 350 वोट लाने वाले बन जाएंगे पार्षद

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** प्रदेश के 20 जिलों में होने वाले 2985 वार्डों के निकाय चुनावों में पौने दो हजार वार्डों में 250 से 350 वोट लाने वाला प्रत्याशी ही पार्षद बन जाएगा। इनमें से करीब 300 वार्ड ऐसे है, जहां पर करीब 150 वोट लाने वाला प्रत्याशी ही जीत जाएगा। नए परिसीमन के बाद इन निकायों में ये हालात बन गए है। अधिकांश वार्डों में पार्टी प्रत्याशी और निर्दलीय इन्हीं आंकडों को आधार पर तैयारियों में जुटे है। बीजेपी - कांग्रेस व अन्य पार्टियां भी जीतने के लिए कितने वोटों की दरकार रहेगी और प्रत्याशी कितने वोट लाने में समर्थ है। इसी आधार पर टिकट दिए गए हैं।

### ऐसे समझे वोट गणित

राज्य निर्वाचन आयोग के रिकार्ड अनुसार 2985 वार्डों में करीब 30 लाख मतदाता रजिस्टर्ड है। ऐसे में प्रति वार्ड औसत मतदाता एक हजार से अधिक है। इन वार्डों में परिसीमन के बाद करीब पौने हजार वार्डों का हाल ये है कि इनकी आबादी 300 से करीब एक हजार के बीच है। पिछले ट्रेंड के अनुसार मतदान प्रतिशत 70% के आसपास माना जाए जाएं तो अधिकांश वार्डो में 300 से 350 वोट लाने वाले प्रत्याशी को जीत नसीब होगी।

### किसी वार्ड में पौने 7 हजार तो किसी में 132 मतदाता

वार्ड वाइज मतदाता सूचियों में अजमेर के वार्डों में पौने सात हजार या पांच हजार के आसपास सदस्य है, वहीं केकड़ी के कई वार्डों में 411 या 418 सदस्य है। इसी तरह सावर के कुछ वार्डों में साढ़े तीन सौ सदस्य है। कुशलगढ़ के कई वार्डों में 300 से 350 सदस्य है। बूंदी इंद्रगढ़ में 132, 161 या 152 मतदाताओं के वार्ड है। इसी तरह तारानगर में एक वार्ड 277 का है। देवगढ़ में 323 से 363 वोटरों के भी वार्ड है।

### नए परिसीमन के बाद आए परिणामों ने बढ़ाई बीजेपी की चिंता

**दिसंबर-2020** में हुए निकाय चुनाव में बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा था। प्रदेश बीजेपी ने नए परिसीमन को इसकी वजह बताते हुए केंद्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को रिपोर्ट सौंपी थी। जिसमें कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने नए परिसीमन के तहत इस तरह से वार्डों का गठन कराया है, जिसमें अल्पसंख्यक समाज को एक जगह करके छोटे वार्ड बनाए गए हैं। वहीं बहुसंख्यकों के बड़े-बड़े वार्ड बनाए हैं। इस वजह से पार्टी को नुकसान हुआ है। बहरहाल प्रदेश संगठन की चिंताएं बढ़ी हुई है। प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां का दावा है कि कांग्रेस की ऐसी रणनीति के बावजूद बीजेपी को अच्छा रेस्पॉन्स मिला है। कांग्रेस की इस तरह की रणनीति बीजेपी ने फेल कर दी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा का कहना है कि बीजेपी को दोबारा निकाय चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

### इन जिलों में चुनाव

**अजमेर,** बांसवाड़ा, बीकानेर, भीलवाड़ा, बूंदी, प्रतापगढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालौर, झालवाड़ा, झुंझुनूं, पाली, नागौर, राजसमंद, सीकर, टोंक और उदयपुर शामिल है।

### देश की बहादुर बेटियां: एक सीट के लिए 63 के बीच होगी टक्कर

# सैनिक स्कूलों में नए सत्र से बेटियां भी पढ़ेंगी

### पहली बार सभी सैनिक स्कूलों में बेटियों को मिलेगा प्रवेश, छठी क्लास से होगी शुरूआत

### प्रदेश में दो सैनिक स्कूल, दोनों में 20 सीटों के लिए 1263 आवदेन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कुछ दिन पहले देश ने बालिका दिवस मनाया फिर गणतंत्र दिवस मनाया। हमारे गणतंत्र का मान बढ़ाने में हमेशा से ही बेटियों का असाधारण योगदान रहा है और अब इसमें एक और नया अध्याय जुड़ गया है। शिक्षा के नए सत्र से देश की सभी सैनिक स्कूलों में बेटियों को प्रवेश मिलने जा रहा है। इन सभी स्कूलों को बेटियों के अनुकूल बनाने के लिए काफी बदलाव किए जा रहे हैं।

स्कूल में प्रवेश के लिए बेटियों ने भी जोरदार उत्साह दिखाया है और यही कारण है कि उनकी शुरूआत भी कड़े संघर्ष से होगी। राजस्थान में झुंझुनूं और चितौड़गढ़ जिले में दो सैनिक स्कूल हैं। दोनों में कुल 20 सीट बेटियों के लिए आरक्षित हैं। इनके लिए कुल 1263 आवेदन आए हैं। यानी एक सीट के लिए 63 बेटियों के बीच टक्कर होगी।



### दोरासर में 10 सीटों के लिए 445 बेटियों के आवेदन

**झुंझुनूं** देश को सबसे अधिक सैनिक देता है। आने वाले वक्त में इसमें बड़ी संख्या बेटियों की भी होगी। इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि जिले के दोरासर सैनिक स्कूल में पहली ही बार में दस सीटों के लिए 445 बेटियों ने आवेदन किया है। एक सीट के लिए 44 बेटियों में से एक को मौका मिलेगा। यदि लड़कों की बात करें तो 90 सीटों के लिए 1902 आवेदन आए हैं। यानी एक सीट के लिए 21 लड़कों में मुकाबला होगा।

### 2019 में सबसे पहले चिंगचिंप मिजोरम से हुई थी शुरूआत

2019 में सैनिक स्कूल सोसायटी ने मिजोरम के चिंगचिप के सैनिक स्कूल में पहली बार 10 फीसदी सीटों पर बेटियों को प्रवेश दिया था। 2020 में देश के पांच अन्य सैनिक स्कूलों में इसे लागू किया गया। इसके बाद अब नए सत्र से देश के सभी 33 सैनिक स्कूलों में बेटियों को प्रवेश मिलने जा रहा है।

### दोरासर के सैनिक स्कूल कैंपस को अब बेटियों के अनुकूल बनाया जा रहा

**सैनिक** स्कूल, दोरासर के प्रिंसिपल कर्नल अनुराग महाजन बताते हैं कि स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षा 7 फरवरी को होगी और नए सत्र की शुरूआत एक अप्रेल से। बेटियां यहां खुद को सुरक्षित महसूस करें। इसलिए कैंपस में कई अहम बदलाव किए जा रहे हैं। महिला टीचर्स के साथ महिला स्टाफ की नियुक्ति हो रही है। स्कूल में दो आया, एक महिला हॉस्टल मैटर्न, महिला पीटीआई और नर्सिंग सिस्टर होगी। अलग से हॉस्टल बनाया गया है। स्कूल के अस्पताल में एक फ्लोर बेटियों के इलाज के लिए होगा।

## सीटेट परीक्षा 31 को

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** कोविड काल में पिछले दिनों हुई प्रतियोगी परीक्षाओं के समान सीटेट परीक्षा में भी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के मध्य सामाजिक दूरी का ध्यान रखा जाएगा साथ ही परीक्षार्थियों की पानी की बोतल साथ लानी होगी। सीबीएसई ने आगामी 31 जनवरी को होने वाली सीटेट परीक्षा को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी है। देश के 135 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली इस परीक्षा को लेकर बोर्ड ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

**सीबीएसई बोर्ड करवाएगा परीक्षा का आयोजन**

### दो पारियों में होगी परीक्षा

परीक्षा का आयोजन दो पारियों में किया जाएगा। पहली पारी की परीक्षा सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पारी की परीक्षा दोपहर 2 बजे 4.30 बजे तक होगी। पहली पारी की परीक्षा में कक्षा एक से पांचवीं तक और दूसरी पारी की परीक्षा में छठीं से आठवीं कक्षा के लिए शिक्षक पात्रता की परीक्षा होगी।

### एडमिट कार्ड जारी

बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों के एडमिट कार्ड पहले ही जारी कर चुका है। अभ्यार्थी एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर एप्लीकेशन नंबर और जन्मतिथि और सुरक्षा पिन सबमिट बठन पर क्लिक कर प्राप्त कर सकता है। बोर्ड ने अभ्यार्थियों को सलाह दी है कि अपना एडमिट कार्ड जल्द डाउनलोड करने और समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे जिससे परीक्षा की पहली की औपचारिकता पूरी की जा सकें।

### जिला निर्वाचन अधिकारी मेहता व एसपी ने देशनोक व नोखा के कई संवेदशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

# भय मुक्त और शान्तिपूर्ण मतदान करवाने के दिए निर्देश



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**बीकानेर।** जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने देशनोक और नोखा नगर पालिका चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को संवेदशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और दोनों ही नगर पालिका के रिटर्निंग अधिकारी तथा पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मेहता ने देशनोक और नोखा नगर पालिका चुनाव हेतु मतदान दलों की रवानगी,उनकी वापसी तथा मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान के पश्चात ईवीएम जमा करवाने के स्ट्रॉग रूम में इवीएम की सुरक्षा के बारे में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर से जानकारी ली।

उन्होंने देशनोक नगर पालिका चुनाव के लिए राजकीय करणी उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापित स्ट्रॉग रूम में इवीएम रखने की व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही इस विद्यालय में बने 3 मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा कासर विद्यालय में बने संवेदशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश किए मतदान के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर कोविड-19 के लिए जारी एडवाईजरी की पालना सुनिश्चित करवाई जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ मतदाताओं से पालिका चुनाव के संबंध में जानकारी ली तथा मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि बिना भय के शत प्रतिशत मतदान करना है। उन्होंने इस दौरान देशनोक कस्बे का कानून व्यवस्था के मद्देनजर भ्रमण,कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मेहता ने नोखा नगर पालिका चुनाव के लिए राजकीय बागड़ी महाविद्यालय में बनाए गए मतदान दल रवानगी तथा मतगणना स्थल का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ वार्ड नम्बर 11 व वार्ड संख्या 13 के दो-दो संवेदशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदान केन्द्रों में प्रवेश व निकासी सहित कानून व्यवस्था के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर, चुनाव कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने पालिका चुनाव में निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण मतदान के लिए सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। सभी मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें इस बात का उन्हें भरोसा दिलाया जाए।

इस दौरान उनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक प्रीति चंद्रा, देशनोक नगर पालिका की रिटर्निंग अधिकारी मीनू वर्मा, सीओ पुलिस जगदीश सिंह शेखावत, भू-अभिलेख निरीक्षक देशनोक हरी नारायण सिंह और नोखा में रिटर्निंग अधिकारी नोखा सीता शर्मा, तहसीलदार द्वारका प्रसाद शर्मा, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार, जिला परिषद के मुख्यकार्यकारी अधिकारी ओम प्रकाश तथा उप अधीक्षक पुलिस नेम सिंह चौहान मौजूद थे।

### नए सत्र से 22 लाख विद्यार्थी पढ़ेगे नया सिलेबस

# 10वीं, 12वीं के विद्यार्थी पढ़ेगे एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम

**जयपुर @ जागरूक जनता।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 10वीं व 12वीं की परीक्षा देने वाले 22 लाख से अधिक विद्याथियों अगले साल नई पुस्तकों और नया सिलेबस पढने को मिलेगा। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2021-22 से सभी कक्षाओं के लिए एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि इस साल सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा छठी से 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के लिए एनसीईआरटी का पाठ्यक्रम शुरू किया जा चुका है। कक्षा 1 से 5वीं के पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं हुआ है। अब नए सत्र में 10वीं और 12वीं कक्षाओं के विद्यार्थी भी एनसीईआरटी का कोर्स पढ़ सकेंगे। सिलेबस में बदलाव को लेकर बोर्ड की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

### छह साल पहले बदला था सिलेबस

**बदला** हुआ सिलेबस बोर्ड की परीक्षाओं के बाद लागू होगा। बोर्ड परीक्षा मई में प्रस्तावित हैं। इससे पूर्व तकरीबन छह साल पहले सिलेबस बदला गया था। तब एनसीईआरटी की जगह राजस्थान बोर्ड का सिलेबस लागू किया गया था जिसे अब एक बार फिर बदला जा रहा है और सरकार ने 10वीं और 12वीं के पुराने सिलेबस को बदलकर वापस स्कूलों में एनसीईआरटी का सिलेबस पढ़ाने की तैयारी कर ली है।

### 15 मई के बाद होगी परीक्षाएं

**उल्लेखनीय** है कि राजस्थान बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं मार्च में होती हैं लेकिन इस बार कोविड के कारण स्कूल बंद रहे जिसका असर परीक्षा के आयोजन पर भी पड़ा। फिलहाल बोर्ड ने 10वीं और 12वीं के नियमित व स्वयंपाठी विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन भरवाए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि बोर्ड ने 8 जनवरी थी। अब बोर्ड को प्रायोगिक के साथ लिखित परीक्षा लेनी है और इसके लिए अभी तारीख घोषित नहीं की गई है। **प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलेगा फायदा :** एनसीईआरटी सिलेबस लागू करने का फायदा प्रतियोगी परीक्षाओं में मिलेगा। गौरतलब है कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में एनसीईआरटी सिलेबस से जुड़े सवाल ही पूछे जाते हैं ऐसे में जब 10वीं और 12वीं बोर्ड में ही विद्यार्थी इसे पढ़ेगे तो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आसानी होगी।

# ये गणतंत्र है?



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
**विचार**
पंकज शर्मा

**क्या** हाल हो गया मेरे देश का, हमारा अन्नदाता, हमारा किसान ऐसा उग्र नहीं हो सकता, जो किसान कड़ी धूप में, कड़ी ठंड में मेहनत करने वाला, कुदरत के पड़ने वाले कहर को भी हँस के सहने वाला, शांत स्वभाव और विनम्र स्वभाव वाला हमारा किसान ऐसा उपद्रवी? हर तरफ से आ रही तस्वीरें पर यही बोल रही है, शांतिपूर्ण रैली का वादा कर, इतना उपद्रव, अपनी ड्यूटी कर रहें पुलिस वालो और महिला पुलिसकर्मियों को पर दुश्मन सरीखे हमले, दिल दहल गया।

लेकिन इन सच्ची तस्वीरों को देखने के बाद भी पता नहीं मन अभी भी नहीं मान रहा की इस तरह का हिंसक कार्य मेरे किसान भाइयो का है। जरूत इसके पीछे गंदी राजनीति है, हमारे नेताओं के आह्वान पर हमारे भोले-भाले किसान भाई अपने ट्रेक्टरों के साथ दिल्ली कूंच करने गए और वो नेता कहा है जो इनको उकसा रहें थे, वे तो कहीं नहीं दिखे, इन उपद्रवो में, अच्छी बात है वे उपद्रवी नहीं है लेकिन उपद्रव होते देख बीच बचाव या उपद्रव को शांत कराने तो आ सकते थे, ये सिर्फ और सिर्फ गंदी राजनीति और मौका परस्त राजनीति का ही नतीजा है।

हमारा देश ऋषि-मुनियो का देश है यहाँ अनेको विलक्षण प्रतिभाएं जन्मी है, अवतारो ने जन्म लिया है, हमारी पूरे विश्व में शांतिप्रिय देश के रूप में पहचान है, हमने पहले भी देश के बाहर के कई विवाद शांतिपूर्ण ढंग से, बातचीत से सुलझाये है बल्कि ये तो हमारे देश के अंदर का मामला था, हम चाहते, हमारे प्रतिनिधि नेता चाहते तो बातचीत के दौर चाहे और अधिक बढ़ जाते पर एक दिन किसान-सरकार के बीच बात जरूर बनती पर नहीं बदले की राजनीति ने हमारे किसान भाइयो को बली का बकरा बना दिया। माना की केंद्र सरकार के तीनो कृषि क़ानून काले कानूनों की श्रेणी में है, हमारे किसान भाइयो को इससे नुकसान हो सकता है लेकिन जिन-जिन राज्यों के किसान भाई इस बिल के बिलकुल खिलाफ है वहाँ की राज्य सरकारों को आगे आकर इन कानूनों को अपने-अपने राज्यों में लागू नहीं करना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं किया गया बल्कि चिंगारी को और बढ़काया गया। आहत कौन हुआ,घायल कौन हुआ, नुकसान किसको हुआ, हमारे किसान भाइयो को, हमारे पुलिस के जवानो को, एक हमें खाने को अन्न देता है और दूसरा हमारी सुरक्षा और इस आग के बीच हाथ सेक रहें है हमारे नेता, वाह रे ! राजनीति। तूने तो जय जवान-जय किसान दोनों को ही लड़वा दिया, किसी को नहीं बक्शा ??

बस अब यही उम्मीद की आंदोलन कर रहें हमारे किसान भाइयो में से गन्दी राजनीति करने वाले नाम के किसान और उपद्रव फैलाने वाले किसान का मुखौटा पहने उपद्रवी लोग को ढूंढ-ढूंढ कर बाहर निकालकर उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जाएं, जिन्होंने हमारे गणतंत्र दिवस पर हम नागरिकों को ह्रदय तक आघात दिया है और असल किसान भाई लोग इस बात को समझे और उनकी बात सरकार भी समझे और कोई सर्वहित का समाधान आपसी बातचीत से शांतिपूर्वक निकल सकें।

जय भारत-जय संविधान, जय जवान- जय किसान
वन्दे मातरम।।

ANCHOR | बयान

# प्रदेश में जंगलराज, नागौर हैवानियत मामले में गिरफ्तारी नहीं होना इसका प्रमाण-राठौड़

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने नागौर के परबतसर में महिला के साथ सामूहिक बलात्कार पर गहरा रोष जताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में बेखौफ अपराधियों ने कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर बहन-बेटियों के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी है। मामले में अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जंगलराज का जीता-जागता प्रमाण है।

राठौड़ ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार महिलाओं के साथ दुष्कर्म में देशभर में राजस्थान का पहला स्थान है। कांग्रेस राज में महिलाओं के साथ लगातार हो रही दुष्कर्म की घटनाओं से आज पूरा राजस्थान शर्मसार है और राष्ट्रीय स्तर पर शांतिप्रिय प्रदेश की छवि महिला असुरक्षित प्रदेश के रूप में धूमिल हो रही है। हाल ही में नागौर ही नहीं बल्कि दौसा व सीकर में भी महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटनाओं का सामने आना शर्मनाक है।

राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस के दो वर्षीय शासनकाल में प्रदेश में आपराधिक कृत्यों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है विशेष रूप से महिलाओं व मासूम बच्चियों के साथ बढ़ रही दुष्कर्म की घटनाएं रिकॉर्ड तोड़ रही है जो राज्य सरकार की लचर कानून व्यवस्था को प्रदर्शित कर रही है। किसी सरकार के लिए मातृशक्ति की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि गहलोत जो गृह विभाग के मुखिया भी हैं वह महिला सुरक्षा को लेकर बिल्कुल भी गंभीर नहीं है और उनके राज में राज्य की विधि व्यवस्था मृत प्राय हो चुकी है। प्रदेश की महिलाओं के साथ दुष्कर्म व अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम की दिशा में प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत का कोई नियंत्रण नहीं है।

## पिलानी के बिरला सर्वाधिक अस्पताल में लगा कोरोना का टीका



**पिलानी/ झुंझुनूं @जागरूक जनता।** पिलानी में कोरोना टीकाकरण का शुभारंभ डॉ आर के जैन , डिप्टी डायरेक्टर डॉ राजेन्द्र प्रसाद (govt हॉस्पिटल) , डॉ. विकास, बीसीएमओ शैलेश, व एस.एच.ओ.पिलानी थाना इंद्रप्रकाश, गोविंद सैनी बिरला सर्वाधिक अस्पताल प्रबंधक ने दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। सबसे पहले बिरला अस्पताल के डॉ आर के जैन को टीका लगा कर टीकाकरण की शुरूआत की गई, उसले बाद अस्पताल के समस्त कर्मचारियों को टीका लगाया गया, इसी के साथ नर्सिंग स्टाफ व नर्सिंग छात्रोंओ को टीका लगाया गया, साथ ही पिलानी में निजी अस्पतालों के कर्मचारियों को भी बिरला अस्पताल में टीका लगाया गया, यह टीकाकरण का कार्यक्रम तीन दिवसीय 27,28 व 29 जनवरी रखा गया है जिसमे पिलानी में कोरोना काल मे फ्रंट लाइन वर्कर को टीका लगाया जाना है, आज लगभग 170 लोगो को बिरला सर्वाधिक अस्पताल व 30 लोगों को राजकीय अस्पताल पिलानी में टीका लगाया गया। नवीन सैनी, विनोद, नीतू प्रेमलता, मिथिलेश, आदि स्टाफ उपस्थित थे।



## बियानी गर्ल्स कॉलेज में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में 72वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूनम अंकुर छाबड़ा, श्याम मसाले से निदेशक रामअवतार अग्रवाल शामिल हुए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर छाबड़ा ने गणतंत्र दिवस पर बधाई देकर नशामुक्ति की बात रखी। इस अवसर पर कॉलेज के चैयरमेन राजीव बियानी, संस्था के डायरेक्टर संजय बियानी, डॉ. गोठवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में संध्या, नितिन, जैमिनी के अलावा प्रिंसिपल, अध्यापक शामिल हुए।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नन्हीं बालिका राजश्री योगी ने किया गुरुदेव फैशन हब का उदघाटन



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** कस्बे के नगर पालिका तिराहा पर स्थित श्रीराम प्लाजा में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर नव प्रतिष्ठान गुरुदेव फैशन हब का बेटी राजश्री योगी के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रवीण कुमार योगी ने कहा कि जहां वर्तमान समय में लोग नेताओं एवं अभिनेताओं से अपने नव प्रतिष्ठानों का उद्घाटन करवा कर गर्व महसूस करते हैं। वहीं मैं राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मेरी बेटी के हाथों से मेरे प्रतिष्ठान का शुभारंभ करवा कर गर्व महसूस कर रहा हूँ। योगी ने कहा कि इस दिन पूरे देश भर में बेटियों के सम्मान के लिए उन्हें एक दिन के लिए राजकीय एवं निजी कार्यालयों में कार्यभार सौंपा जाता है तो हम क्यों इस परम्परा में अपना दायित्व निभाने में पीछे रहें।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दिन देश भर में बेटियों के सम्मान को लेकर किये गए कार्यक्रम के क्रम में हरिद्वार की रहने वाली सृष्टि गोस्वामी को एक दिन के लिए उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बनाया गया, जिसकी मंजूरी वहां के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दी। दूसरी ओर आकांक्षा प्रजापति को एक दिन के लिए बिजनौर जनपद का पुलिस कप्तान(एसपी)बनाया गया।वहां के एसपी डॉ. धर्मवीर सिंह ने आकांक्षा प्रजापति को एसपी के द्वारा किये जाने वाले दिनभर के कार्यों के बारे में बताया।गुरुदेव फैशन हब के उद्घाटन के अवसर पर बैद्य हरिराम, ज्ञानचंद सोनी,रोशन सोनी,युवा नेता प्रदीप गुर्जर,मंगल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सैलूट तिरंगा टीम ने मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सैलूट तिरंगा राजस्थान टीम ने 72 वां गणतंत्र दिवस" गिरधर पार्क, विद्याधर नगर में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पारीक, वार्ड 21 की पार्षद प्रियंका अग्रवाल वार्ड 24 के पार्षद प्रतिनिधि हरीओम, वार्ड 26 के पार्षद और वार्ड 27 के पार्षद प्रतिनिधि शेखर शर्मा, शंकर कोलोनी अध्यक्ष अरुण शर्मा भी मौजूद रहे। इनका मोमेंटो भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर हमारे छेत्र के कोरोनो स्वच्छता सिपाही सुरेंद्र, सुभाष, सचिन, रफीक पठान, मोहित और मुकेश का शॉल ओढ़ा कर स्वागत किया गया । गणतंत्र दिवस पर ही सैलूट तिरंगा राजस्थान टीम ने आनंद कुंज वृद्धा आश्रम में गिफ्ट एवं शॉल वितरित किए गए। जिसमें सैलूट तिरंगा के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, महासचिव अमित आजाद, महासचिव मुकेश तिवाड़ी, उपाध्यक्ष हेमंत जांगिड़, सचिव जयंत बाहेती, सचिव राकेश शर्मा, संगठन मंत्री मुकुल सिंह सांचोरा, संगठन मंत्री अनीस निगम एवं शहर अध्यक्ष नरेश सोनी उपस्थित रहे।

## हर्ष उल्लास से मनाया गणतंत्र दिवस



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मातृ शक्ति फाउंडेशन ने गणतंत्र दिवस को हर्ष उल्लास से मनाया। इस दिन हमारे देश का संविधान लागू हुआ था इसी परंपरा को निभाते हुए संस्था के सभी पदाधिकारियों ने संस्था के ऑफिस में ही इस कार्यक्रम को मनाया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष सुनीता भारद्वाज ने बताया कि हमने कार्यक्रम के दौरान बेस्ट ड्रेस अवार्ड भी दिया जो कि रश्मि त्रिवेदी को दिया गया। साथ ही आगामी मार्च में आने वाले महिला दिवस के बारे में भी चर्चा की । कार्यकम में संस्था के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें प्रदेश सचिव पिंकी गुप्ता, उपाध्यक्ष ममता शर्मा, महानगर अध्यक्ष मानसी गुप्ता, महानगर महामंत्री मालती शर्मा, आयोजन सचिव निहारिका शर्मा, प्रेमलता प्रजापति, ज्योति माहेश्वरी, नीलम शर्मा, निशा घोड़ेला, नीलम घोड़ेला, एकता शर्मा, सविता, मंजू शर्मा, सीमा गुप्ता, अंजु शर्मा, निशा कानूनगो, भगवती कुमावत एवं अनीता आदि मौजूद रहे।

### आदर्श सामाजिक संस्थाओं का हुआ बीएमडी क्लब के मंच पर सम्मान

# समाज गौरव सम्मान से विभूतियां सम्मानित

### मीडिया पार्टनर के तौर पर जागरूक जनता रहा शामिल

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com





**कनीना।** बीएमडी क्लब द्वारा मीडिया पार्टनर जागरूक जनता के सहयोग से 72 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीएमडी ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स कनीना में समाज गौरव सम्मान 2021 समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाइफ वीवा वेलनेस के एमडी जयवीर सिंह थे। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र कुमार नायक जिला यूथ अधिकारी यूएनवी महेन्द्रगढ़,पत्रकार मनोज रोहिल्ला, सूबेदार मेजर महिपाल सिंह, कृष्ण कुमार, दलीप सिंह नगर पार्षद कनीना थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमडी क्लब चेयरमैन लक्की सीगड़ा एवं सचिव इंद्रजीत शर्मा ने की जबकि मंच संचालन रोनिका यादव ने किया। कार्यकम सयोंजक की भूमिका कोर्डिनेटर नरवीर सिंह ने निभाई। इस कार्यक्रम के दौरान सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल को भी प्रमोट किया गया और अतिथियों द्वारा बीएमडी ग्रुप संस्थान के वार्षिक कैलेंडर का भी उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत महिला सशक्तिकरण, प्रौढ़ शिक्षा, झुग्गी झोपड़ियों में निःशुल्क शिक्षा देना, खेल-कूद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, युवा नेतृत्व,मानवीय एवं पारिवारिक मूल्यों का संरक्षण, जल संरक्षण आदि सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली सामाजिक संस्थाओं का चयन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदर्श सामाजिक संस्थाओं को एक मंच प्रदान करना था ताकि भविष्य में उन्हें समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिल सके ।

मुख्य अतिथि जयवीर सिंह ने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं हैं। समाज सेवा अगर निस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है। हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है। लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मियता का अभाव होता जा रहा है। समाज में बहुत लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं और साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। समाजसेवा एक शैक्षिक एवं व्यावसायिक विधा है जो सामुदायिक सगठन एवं अन्य विधियों द्वारा लोगों एवं समूहों के जीवन-स्तर को उन्नत बनाने का प्रयत्न करता है। सामाजिक कार्य का अर्थ है सकारात्मक, और सक्रिय हस्तक्षेप के माध्यम से लोगों और उनके सामाजिक माहौल के बीच अन्तःक्रिया प्रोत्साहित करके व्यक्तियों की क्षमताओं को बेहतर करना ताकि वे अपनी ज़िंदगी की ज़रूरतें पूरी करते हुए अपनी तकलीफ़ों को कम कर सकें। इस प्रक्रिया में समाज-कार्य लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति करने और उन्हें अपने ही मूल्यों की कसौटी पर खरे उतरने में सहायक होता है।

विशिष्ट अतिथि जिला यूथ अधिकारी यूएनवी महेन्द्रगढ़ महेन्द्र कुमार नायक ने कहा की जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। सभी युवाओं को समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए एवं बीएमडी क्लब की तरह सामाजिक गतिविधियों को निरन्तर आगे बढ़ाना चाहिए।सेवा धर्म ही मनुष्य का अनमोल गहना हैं। समाज सेवा के माध्यम से ही मानव जीवन के मूल्यों को मजबूत किया जा सकता हैं। युवा एक ऐसा शब्द है,जिसको सुनते ही जेहन में जोश, जुनून और जज्बे से भरे नौजवानों की तस्वीर उभरती है। जो देश के भविष्य हैं और ऐसी शक्ति हैं जो एक बुद्धिवादी और सुदृढ़ समाज की रचना कर सकते हैं। समाजसेवा का गुण युवाओं में होना अति आवश्यक है। आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। युवाओं को अपनी शक्ति सामाजिक निर्माण एवं राष्ट्रसेवा में लगानी चाहिए। युवा एक ऐसा शब्द है, जिसको सुनते ही जेहन में जोश, जुनून और जज्बे से भरे नौजवानों की तस्वीर उभरती है। जो देश के भविष्य हैं और ऐसी शक्ति हैं जो एक बुद्धिवादी और सुदृढ़ समाज की रचना कर सकते हैं। समाजसेवा का गुण युवाओं में होना अति आवश्यक है। आज का युवा कल का राष्ट्र निर्माता है। युवाओं को अपनी शक्ति सामाजिक निर्माण एवं राष्ट्रसेवा में लगानी चाहिए।

इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में सूबेदार मेजर महिपाल सिंह, रवि राव भड़फ,कृष्ण कुमार,एचआर डिजिटल डायरेक्टर नवीन यादव ढाणा,दलीप सिंह नगर पार्षद कनीना,पत्रकार मनोज रोहिल्ला,नरवीर सिंह ने भी अपने ओजस्वी विचार रखे। क्लब चेयरमैन लक्की सीगड़ा एवं सचिव इंद्रजीत शर्मा ने भी सभी संस्थाओ को एक मंच पर आने का आह्वान कर आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया । संयोजक नरवीर सिंह ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । गौरतलब हैं की सामाजिक संस्था बीएमडी क्लब 14 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रही हैं। संस्था लगातार समाज सेवा में विभिन्न क्षेत्रों में देश के कोने-कोने में बढ़-चढ़कर भाग ले रही हैं । समय-समय पर संस्था को कई जगह पुरुस्कृत भी किया जा चुका हैं।

समाज गौरव सम्मान से सम्मानित होने वाली संस्था शहीद भगत सिंह जनसेवा ग्रुप पाथेड़ा से कुलदीप यादव, सती माता स्पोर्ट्स क्लब भड़फ से सतीश कुमार युवा शक्ति समाज सेवी संस्था बाघोत से सुनील अत्री,बाबा भैया सेवा दल ककराला से नवीन कुमार डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन जागरण समिति कनीना से कृष्ण कुमार,डॉ. अम्बेडकर युवा समिति भड़फ से सचिन रंगा, बाबा खेतानाथ युवा जागृति समितिअटाली से मणिप्रकाश, युवा शक्ति संघ दौंगड़ा अहीर से अशोक यादव, जय बाबा दयाल युवा क्लब धनोन्दा से अमित प्रजापत,प्रयास श्री बालाजी संगठन मेघनवास से मनोज कुमार ने भी अपने विचार रखें।

इस कार्यकम में जागीराम कोटिया, ओमप्रकाश छितरोली, शिव कुमार भड़फ, सत्यनारायण, रामेश्वर, शुभराम, सत्यपाल, बलजीत दौंगड़ा अहीर, दिनेश कुमार दौंगड़ा अहीर, अनिल कुमार, नरेंद्र ,अरविन्द, नरवीर, इंद्रजीत, जगत, अमित कुमार, महिपाल, आशीष, ललितजोशी, नवीन कुमार सहित अन्य युवा साथी भी उपस्थित थे।

### इनका रहा सहयोग

**समाज** गौरव सम्मान कार्यक्रम एचआर डिजिटल क्रिएशन डायरेक्टर नवीन यादव, डिज़ाइन एंड प्रिंट विमलचन्द्र, उत्थान फाउंडेशन सचिव कृष्ण कुमार, जिला यूथ अवार्डी कर्मपाल यादव, कुलदीप यादव, अशोक यादव, सतेन्द्र चौहान, अजीत सिंह, रचना शर्मा, एमडी पिंकी उर्फ़ डिम्पल यादव, कार्यक्रम सयोंजक नरवीर सिंह, प्रियंका प्रजापति, स्वीटी यादव, रोनिका यादव, मनीषा, कविता, आरती, प्रवीण शिशोठ, रविप्रकाश, ज्योति यादव सहित बीएमडी क्लब अन्य सदस्यों का भी सहयोग रहा ।

### इन सामाजिक संस्थाओं का बीएमडी क्लब के मंच पर हुआ सम्मान

» शहीद भगत सिंह जनसेवा ग्रुप पाथेड़ा
» सती माता स्पोर्ट्स क्लब भड़फ
» युवा शक्ति समाज सेवी संस्था बाघोत
» बाबा भैया सेवा दल ककराला
» डॉ. भीमराव अम्बेडकर जन जागरण समिति कनीना
» डॉ. अम्बेडकर युवा समिति भड़फ
» बाबा खेतानाथ युवा जागृति समिति अटाली
» युवा शक्ति संघ दौंगड़ा अहीर
» जय बाबा दयाल युवा क्लब धनोन्दा
» प्रयास श्री बालाजी संगठन मेघनवास।

### हाथोज धाम में पौषबड़ा महोत्सव आयोजित

## पौष बड़ा कार्यक्रम में जीमे बड़ी संख्या में भक्तजन



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**जयपुर।** रियासत काल के प्राचीन मंदिर श्री दक्षिण मुखी बालाजी महाराज हाथोज धाम में श्री बाला जी जन कल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वधान में 26 जनवरी प्रदोष मंगलवार के शुभ अवसर पर बालमुकुंद आचार्य एवं महंत पुरुषोत्तम दास महाराज के सानिध्य में पौष बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंद आचार्य ने बताया कि प्रातः बालाजी महाराज व भगवान सीतारामजी का पंचामृत अभिषेक किया गया एवं बालाजी महाराज को चांदी का चोला धारण कराया गया तथा पूर्व आचार्यों का चरण, चित्र पूजन किया गया। बालाजी महाराज की फूल बंगला झांकी सजाकर दोपहर 12 से 4 बजे तक राम नाम संकीर्तन के अलावा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महा आरती का आयोजन कर बालाजी महाराज और सीतारामजी के हलवा, पुडी, पौष बड़े का भोग लगाया गया। सर्वप्रथम साधु संतों को पंगत प्रसादी कराने के पश्चात भक्तों को पंगत प्रसादी कराई गई। यह क्रम देर तक चला।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें
अपडेट जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## एनयूजे और डीजेए ने की मीडिया पर हमले की निंदा

### सरकार से पत्रकारों से हुई बदसलूकी की जांच की मांग

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**नई दिल्ली।** नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) संबद्ध इंटरनेशनल फेडरेशन आफ जर्नलिस्ट्स (आईएफजे) और दिल्ली जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (डीजेए) ने किसानों के प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों पर हुए हमले की घोर निंदा की है। सोशल मीडिया पर भी कई महिला पत्रकारों ने अपने साथ हुई छेड़खानी और बदसलूकी की शिकायतें की है। एनयूजे (आई) के अध्यक्ष रासबिहारी ने कहा, हम मीडिया पर हमले की निंदा करते हैं और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं। पत्रकारों को उनका काम करने दिया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस के जवानों पर जानलेवा हमले किए, यह घटना निंदनीय है। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। कई महिला पत्रकारों ने अपने साथ हुई बदसलूकी की शिकायतें की है।

प्रेस काउंसिल के सदस्य और एनयूजे (आई) के संगठन सचिव आनंद राणा, डीजेए के अध्यक्ष राकेश थपलियाल और महासचिव के पी मलिक ने कहा कि उपद्रवियों को मीडियाकर्मियों से बदसलूकी और महिला पत्रकारों के साथ अभद्रता करने वाले प्रर्दशनकारियों की पहचान कर पुलिस को उनके खिलाफ खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। दोनों संगठनों की तरफ से कहा गया है कि मीडियाकर्मियों से साथ बदसलूकी की शिकायत प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री और भारतीय प्रेस परिषद से की जाएगी।

## चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर में 72 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**चित्तौडगढ़।** ज़िंक नगर स्थित खेल मैदान मे 72वॉं गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास पूर्वक मनाया गया। चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के यूनिट हेड हाइड्रो सी चंद्रु ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की वजह से हम भारतीयों को संवेधानिक अधिकार मिले, जिनको प्राप्त करने के लिए कई वर्षो तक स्वाधीनता के लिए संग्राम चला। हमारे लिए भी गत् वर्ष 2020 किसी संग्राम से कम नही था।

कोविड की गाइडलाईन की पालना करते हुए हमने चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर का संचालन किया। अपने संयंत्र और कॉलोनी के लोगो को सुरक्षित रखने के साथ ही आस पास के समुदाय के लोगो को भी कोविड के प्रति जागरूक करने और सुरक्षित रखने के लिए सहयोग किया। इसके लिए उन्होंने हिन्दुस्तान ज़िंक की टीम को बधाई दी। चंदेरिया युनियन के महासचिव घनश्याम सिंह राणावत ने सभी उपस्थित आगंतुको को कोविड की परिस्थिति में भी गाइड लाईन का पालन करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान परेड कमाण्डर पीनल प्रजापति ने सुरक्षा प्रहरियों के दल के साथ मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि को सलामी दी। हिन्द ज़िंक विद्यालय के विद्यार्थियों ने ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रीय गीत एवं ज़िंक गीत प्रस्तुत किया।

गणतंत्र दिवस के समारोह को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए ज़िंक प्रबंधन और कामगारो के बीच रस्साकस्सी के मैच का आयोजन किया गया जिसमें प्रबंधन की टीम विजेता रही। उपस्थित कॉलोनी के बच्चों के लिए 100 मीटर की रेस का आयोजन किया गया। समारोह में कोविड के दौरान उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए मेडिकल टीम, पर्यावरण, प्रशासनिक एवं सिक्योरिटी टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऑपरेशन हेड पायरो सुमित गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया, कार्यक्रम का संचालन अरूणा चीता ने किया। समारोह में चंदेरिया लेड ज़िंक के अधिकारी,कर्मचारी, परिवार एवं ज़िंक विद्यालय प्रबंधन उपस्थित थे।

ANCHOR | चुनाव

# नगरपालिका चुनाव में 1 लाख 3671 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

### 39 मतदान केन्द्र संवेदनशील घोषित, अतिरिक्त पुलिस जाब्ते की रहेगी तैनाती

### आज प्रातः 8 से शाम 5 बजे तक डाले जाएंगे वोट

**नारायण उपाध्याय @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.net/.com

**बीकानेर।** जिले की तीन नगरपालिकाओं में गुरूवार को होने वाले मतदान में 1 लाख 3 हजार 671 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने यह जानकारी दी। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित मतदान के लिए 5 रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, वही संवेदनशील मतदान केंद्रों पर पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता तैनात रहेगा। मतदान प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि देशनोक नगरपालिका क्षेत्र में 29 मतदान केन्द्रों पर 14 हजार 748 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 7 हजार 662 पुरूष मतदाता एवं 7 हजार 86 महिला मतदाता शामिल हैं। इसी प्रकार श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में 79 मतदान केन्द्रों पर 42 हजार 636 मतदाता वोट डाल सकेंगे, जिसमें 22 हजार 115 पुरूष मतदाता एवं 20 हजार 519 महिला मतदाता तथा 02 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि नोखा नगर पालिका क्षेत्र में 82 मतदान केन्द्रों पर कुल 46 हजार 287 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे, जिसमें 23 हजार 732 पुरूष मतदाता एवं 22 हजार 555 महिला मतदाता हैं।

### 39 मतदान केन्द्र है संवेदनशील

**मेहता** ने बताया कि तीनों नगरपालिका क्षेत्रों में 39 मतदान केन्द्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में प्रत्येक केन्द्र पर 5 पुलिस कार्मिक सुरक्षा के मद्देनजर तैनात किए जाएंगे।

### 3 एरिया मजिस्ट्रेट, 23 सेक्टर अधिकारी करेंगे भ्रमण

मेहता ने बताया कि नगर पालिका चुनाव में निष्पक्ष एवं भयुक्मत मतदान हेतु एरिया मजिस्ट्रेट एवं सैक्टर अधिकारियों एवं रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति भी की गई है। उन्होंने बताया कि देशनोक नगरपालिका क्षेत्र में 1 एरिया मजिस्ट्रेट, 1 रिटर्निंग अधिकारी एवं 6 सैक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका क्षेत्र में 1 एरिया मजिस्ट्रेट, 2 रिटर्निंग अधिकारी एवं 8 सैक्टर अधिकारी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि नोखा नगरपालिका क्षेत्र में 1 एरिया मजिस्ट्रेट, 2 रिटर्निंग अधिकारी एवं 9 सैक्टर अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

### मतदान हेतु फोटोयुक्त पहचान पत्र होगा आवश्यक

जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने बताया कि सभी मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी हो चुके है। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान मतदाताओं को अपनी पहचान स्थापित करने के लिए यह पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। मेहता ने बताया कि यदि कोई मतदाता किसी कारणवश मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो वह आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्राईविंग लाईसेंस, आयकर पहचान पत्र, सांसदो व विधानसभा सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, केन्द्र सरकार, राज्य सरकार व राज्य पब्लिक लिमिटेड कम्पनी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपrम द्वारा कर्मचारी का फोटोयुक्त पहचान पत्र, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन कार्ड, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान पत्र, सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी फोटो युक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र और बैंक तथा डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक प्रस्तुत कर सकता है।

### दो पर्यवेक्षक नियुक्त

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नोखा तथा देशनोक नगरपालिका चुनाव के लिए अजीतसिंह राजावत (मोबाईल नं. 9828590000) तथा श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका चुनाव के लिए गोपालराम बिरदा (मोबाईल नं. 9414222165) को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। निर्वाचन सम्बंधी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित के मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# जवानों ने दिल जीता, किसानों ने शर्मसार किया

72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मंगलवार को देश की राजधानी में एक तरफ जहां राजपथ पर देश अपने गणतंत्र की ताकत का प्रदर्शन कर रहा था, दूसरी ओर ट्रैक्टर रैली के दौरान किसानों के हिंसक प्रदर्शन ने पूरे देश को शर्मसार कर दिया।


शौर्य
नई दिल्ली में मंगलवार को राजपथ पर हमारी सशस्त्र सेनाओं ने गणतंत्र दिवस परेड में दुनिया को अपनी शक्ति की झलक दिखाई।


शर्म
नई दिल्ली में मंगलवार को नांगलोई के पास कृषि कानूनों के विरोध में किसानों ने पुलिस बैरिकेड को बलपूर्वक हटाया और उत्पात मचाया। • प्रेट्र

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की मौजूदगी में देश की संस्कृति के रंगों और सैन्य ताकत का हुआ प्रदर्शन

# राजपथ पर दिखी आन-बान-शान की तस्वीर

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.in/.com

**नई दिल्ली।**

गणतंत्र दिवस पर मंगलवार को ऐतिहासिक विजय चौक पर देश की आन-बान-शान का शानदार नजारा देखा गया। एकता में पिरोई विविधताओं वाली भारत की अनूठी विरासत, आधुनिक युग की उसकी उपलब्धियां, भविष्य के राष्ट्र का खाका और फौज की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। सीमा सुरक्षा बलों के ऊंट सवार दस्ते और बैंड ने अद्भुत नजारा पेश किया।

राजपथ पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य नेताओं के साथ भव्य परेड देखा। परेड के दौरान गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर समेत ज्यादातर मंत्री इस मौके पर मौजूद रहे। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित कई अन्य नेता भी मौजूद थे। सलामी मंच पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की मौजूदगी में राजपथ पर भारत की संस्कृति के रंगों और रक्षा क्षेत्र की ताकत का प्रदर्शन किया गया।

**कई मायनों में अलग रहा गणतंत्र दिवस :** कोविड-19 के कारण इस बार गणतंत्र दिवस समारोह में कोई विदेशी शासनाध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में नहीं था। परेड के पथ की दूरी कम कर दी गई। परेड का समापन विजय चौक से शुरू होकर लालकिले की बजाए इंडिया गेट के पास नेशनल स्टेडियम में किया गया। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार करीब 10 बजे तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान की धुन के बीच 21 तोपों की सलामी के साथ परेड शुरू हुई।

**बांग्लादेश सशस्त्र सेना के जवानों ने भाग लिया :** राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में बांग्लादेश सशस्त्र सेना के 122 जवानों के मार्चिंग दस्ते ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश की इस टुकड़ी का नेतृत्व कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अबू मोहम्मद शाहनूर ने किया। इस वर्ष भारत और बांग्लादेश के बीच राजनयिक संबंधों के पचास साल पूरे हो रहे हैं।

**बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था :** दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत हजारों सशस्त्र कर्मी कड़ी निगरानी कर रहे थे। अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों के विकास के अपने भरोसे को बनाए रखते हुए डीआरडीओ एक बार फिर प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस परेड 2021 के लिए दो महत्वपूर्ण झांकियां लेकर आया।

### नरेंद्र मोदी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी

पारंपरिक कुर्ता पाजामा और जैकेट पहने प्रधानमंत्री इंडिया गेट पर स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक पहुंचे और देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका पर संदेश भी लिखा। गणतंत्र दिवस परेड समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उपस्थित दर्शकों का अभिवादन किया। वह कुछ दूर तक पैदल चले।


राजपथ पर मंगलवार को देश के 72वें गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद मौजूद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। • प्रेट्र

**96** कर दी गई इस बार मार्चिंग दस्तों की संख्या 144 से घटाकर

### जामनगर की विशेष पगड़ी में दिखे मोदी

प्रधानमंत्री मोदी राजपथ पर आयोजित 72वें गणतंत्र दिवस समारोह में गुजरात के जामनगर की विशेष पगड़ी धारण कर पहुंचे। वह स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के समारोह में विशेष पगड़ी पहन कर शिरकत करते हैं। जामनगर के शाही परिवार ने प्रधानमंत्री को हलारी पगड़ी (शाही पगड़ी) उपहार में दी है, जिसमें लाल और पीले रंग की बिंदियां हैं। जामनगर की सांसद पूनाबेन मादाम ने ट्वीट किया कि पारंपरिक 'हलारी पगड़ी' क्षेत्र की समृद्ध विरासत का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, जामनगर को अपनी समृद्ध विरासत के लिए जाना जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पगड़ी के साथ पारंपरिक कुर्ता पायजामा पहना हुआ था। साथ में ग्रे रंग की जैकेट पहनी हुई थी एवं मास्क लगाया हुआ था।

### शुभकामनाएं

देशवासियों को गणतंत्र दिवस की ढेरों शुभकामनाएं। जय हिंद!
**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

मैं उन सभी महान विभूतियों का स्मरण करता हूं, जिनके संघर्ष से 1950 में आज के दिन हमारा संविधान लागू हुआ और साथ ही उन सभी वीरों को नमन करता हूं, जिन्होंने अपने शौर्य से भारतीय गणतंत्र की रक्षा की है।
**-अमित शाह**, गृह मंत्री

भारत का प्रत्येक नागरिक देश का भाग्य विधाता है चाहे वो सत्याग्रही किसान-मजदूर हो या लघु मध्यम व्यापारी, नौकरी तलाश करता युवा हो या महंगाई से परेशान गृहणी। गणतंत्र आपसे है, गणतंत्र आपका है। शुभकामनाएं !
**-राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता

जय जवान जय किसान। गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं, जन गण मन ज्यादा से ज्यादा मजबूत हो।
**-प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

### परेड में पहली बार


नई दिल्ली में मंगलवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर कोरोना महामारी पर केंद्रित बायोटेक्नोलॉजी विभाग की झांकी 'आत्मनिर्भर भारत की थीम पर थी'। • प्रेट्र


राजपथ पर परेड में राफेल ने पहली बार दुनिया के सामने अपना दम दिखाया।



गणतंत्र दिवस पर मंगलवार को परेड में पहली बार लद्दाख की झांकी नजर आई।


नई दिल्ली में मंगलवार को गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में बांग्लादेश की सशस्त्र सेना के 122 जवानों ने भी हिस्सा लिया। • प्रेट्र


**ताकत** | राजपथ पर मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेता एनएसजी कमांडो का दस्ता। • प्रेट्र

### बच्चों को प्रवेश नहीं

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस ने हर चीज को प्रभावित किया और इस महामारी से गणतंत्र दिवस भी अछूता नहीं रहा। गणतंत्र दिवस की परेड देखने के लिए हर साल बच्चे राजपथ पहुंचते हैं, लेकिन इस बार वे परेड नहीं देख सके। इस बार बच्चों को परेड घरों में टीवी पर देखनी पड़ी। उन्हें इस बार स्कूलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला, क्योंकि कोरोना वायरस की वजह से स्कूल बंद हैं। चंद स्कूलों ने गणतंत्र दिवस पर ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता और प्राथमिक कक्षाओं के लिए झंडे मे रंग भरने जैसी गतिविधियों का आयोजन किया था।

# देशवासी संविधान की प्रस्तावना पढ़ें : भागवत

**अहमदाबाद @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.in/.com

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को आज के दिन संविधान की प्रस्तावना पढ़नी चाहिए, क्योंकि उसमें बताया गया है कि नागरिक के तौर पर हमें अपने देश को कहां लेकर जाना चाहिए। भागवत तीन दिवसीय दौरे पर अहमदाबाद में हैं।

उन्होंने यहां मणिनगर में प्रांतीय संघ मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा, देशवासियों को संविधान की प्रस्तावना पढ़नी चाहिए, क्योंकि उसमें बताया गया है कि नागरिक के तौर पर हमें देश को कहां लेकर जाना है। भागवत ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर जब हम अपने झंडे को सलामी देते हैं तो राष्ट्रगान से हमारी आंखों के सामने देश की एक तस्वीर बनती है। उन्होंने कहा, जब हम जन गण मन गाते हैं तो तो पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा जैसे विभिन्न क्षेत्रों के दृश्य और उसकी (राष्ट्र) सीमाएं आंखों के सामने उभरती हैं।



उन्होंने कहा कि राष्ट्र गान विभिन्न नदियों और पर्वतों, निवासियों और भाषाओं के बारे में संकेत देता है। भागवत ने कहा, केसरिया रंग अग्नि से प्रेरित है। यह समावेश का रंग है, क्योंकि अग्नि सब कुछ अपने में समेट लेती है। यह त्याग और कर्म का रंग है। उन्होंने कहा कि झंडे में सफेद रंग का अर्थ है कि हमें देश की सेवा करने के लिए ऐसा चरित्र चाहिए, जिस पर दाग न लगा हो।

# महिला पायलट वायुसेना की झांकी का हिस्सा बनी

**नईदिल्ली @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.in/.com

फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ मंगलवार को गणतंत्र दिवस परेड के दौरान भारतीय वायुसेना की झांकी का हिस्सा बनने वाली पहली महिला फाइटर जेट पायलट बन गई।

परेड में भावना भारतीय वायुसेना की उस झांकी का हिस्सा थी, जिसमें हल्के लड़ाकू विमान, हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर, सुखोई -30 एमकेआई फाइटर जेट और रोहिणी रडार के मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। झांकी में भावना के साथ तीन अन्य पुरुष पायलट भी खड़े थे। भावना भारतीय वायु सेना में जून 2016 में शामिल हुई थीं। वह पहली तीन महिला फाइटर पायलट में शामिल हैं। उनके अलावा अवनी चतुर्वेदी एवं मोहना सिंह भी इसी दिन वायु सेना में शामिल हुई थी।

### 131 फुट ऊंचा तिरंगा


**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल ने मंगलवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जम्मू जिले में भारत-पाकिस्तान की सीमा पर 131 फुट ऊंचा तिरंगा फहराया। अफसरों बताया कि 131 फुट ऊंचे स्तंभ पर 30 फुट चौड़ा 20 फुट ऊंचा तिरंगा लहरा रहा है, जो जम्मू क्षेत्र में सबसे ऊंचा है। इसे पाकिस्तान की सीमा से भी देखा जा सकता है। उन्होंने बताया 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बीएसएफ के जम्मू फ्रंटियर के महानिरीक्षक एन. एस. जामवाल ने आर. एस. पुरा बेल्ट में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ऑक्टरोई सीमा की अग्रिम चौकी पर उत्साह के साथ तिरंगा फहराया।


लद्दाख में मंगलवार को पैंगोंग त्सो झील के किनारे बर्फ से ढकी चोटियों पर आईटीबीपी जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। • प्रेट्र

# मुश्किल वक्त में देश की सेवा करने वालों को सलाम : केजरीवाल

**नईदिल्ली @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.in/.com

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 72वें गणतंत्र दिवस के मौके पर अपने निवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने सभी डॉक्टर, नर्स और बॉर्डर पर तैनात वीर जवानों व किसानों समेत पूरे देश को शुभकामनाएं दी।



केजरीवाल ने कहा कि पिछले एक साल में दुनिया की सबसे बड़ी महामारी के बीच अपनी जान दांव पर लगाकर लोगों की सेवा करते डॉक्टर, नर्स, सफाई कर्मियों, वीर जवानों और अन्नदाताओं के समर्पणऔर उनके संघर्ष को देखा है। मुश्किल वक्त में देश की सेवा करने वाले इन सच्चे सेवकों को आज भारत सलाम करता है। उन्होंने टवीट कर कहा कि कोरोना वॉरियर, सफाई कर्मचारी, जवान और किसान, गणतंत्र दिवस पर देश के इन नायकों को सलाम।

### झांकी में अतुल्य भारत की झलक



**नई दिल्ली :** राजपथ पर लालकिले के रूप में सजी दिल्ली की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। • अजय अग्रवाल



**यूपी :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश की झांकी में अयोध्या में प्रस्तावित राम मंदिर के मॉडल को दिखाया गया। • एपी

# 2020 की तरह इस साल भी दिल जीतने को तैयार ये स्टार्स

कोरोना वायरस और फिर लॉकडाउन, इसके कारण साल 2020 में कई इंडस्ट्रीज को लाखों-करोड़ों का नुक्सान हुआ। इनमें से एक बॉलीवुड भी है जिस पर महामारी की जबरदस्त मार पड़ी। ऐसे में एंटरटेनमैंट की जिम्मेदारी ओ.टी.टी. प्लेटफॉर्म्स ने उठाई। पिछले साल अक्षय कुमार, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, अली फजल और विद्युत जामवाल समेत कई बड़े स्टार्स ने डिजीटल प्लेटफॉर्म पर दर्शकों का मनोरंजन किया। अब वे इस साल भी अपने कई बड़े प्रोजैक्ट्स के साथ तैयार हैं। यहां हम आपको ऐसे ही स्टार्स के बारे में बता रहे हैं जो 2020 में ओ.टी.टी. पर धमाल मचाने के बाद अब 2021 के लिए भी तैयार है :



## विद्युत जामवाल

विद्युत जामवाल साल 2020 में जी-5 की फिल्म 'यारा' और डिज्नी प्लस हॉटस्टार की फिल्म 'खुदा हाफिज' में नजर आए थे। दोनों ही फिल्मों को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब 14 जनवरी 2021 को विद्युत की फिल्म 'द पॉवर' जी-5 पर रिलीज हो रही है। इसमें उनके साथ श्रुति हासन लीड रोल में हैं। हिंदी के साथ फिल्म को तमिल, तेलुगू और कन्नड़ भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। डायरैक्टर महेश मांजरेकर की इस फिल्म में जबरदस्त रोमांस और एक्शन देखने मिलेगा।



## नवाजुद्दीन सिद्दीकी

नेटफिलक्स का जाना-माना चेहरा बन चुके एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी की 2020 में 'घूमकेतु', 'सीरियस मैन' और 'रात अकेली है' जैसी फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों की काफी तारीफ हुई। अब इस साल उनकी 'बोले चूड़ियां' और 'नो लैंड्स मैन' जैसी फिल्में रिलीज होंगी। नवाजुद्दीन और तमन्ना भाटिया स्टारर बोले चूड़ियां 2020 में ही आनी थी, लेकिन कोरोना के कारण शूटिंग शुरू नहीं हो सकी। वहीं, 'नो लैंड्स मैन' एक अमरीकन-इंडियन-बांग्लादेशी ड्रामा फिल्म है। यह एक साऊथ एशियन व्यक्ति की कहानी है, जिसकी जिंदगी एक अमरीकन महिला से मिलकर पूरी तरह बदल जाती है।



## अली फज़ल

'मिर्जापुर 2' और 'फॉरबिडन लव : अरेंज मैरेज' जैसी पॉप्युलर वैब सीरीज और फिल्म में नजर आए अली फजल साल 2020 में काफी लाइमलाइट में रहे। दोनों में उनके किरदार को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अब 2021 में वह हॉलीवुड फिल्म 'डेथ ऑन द नाइल' में दिखेंगे। इसकी कहानी 1937 की नॉवल 'डेथ ऑन द नाइल' पर बेस्ड है। कैनेथ ब्रनाग के डायरैक्शन वाली यह फिल्म 21 सितंबर को रिलीज होगी।




## अभिषेक बच्चन

2020 में अभिषेक बच्चन की 'ब्रीथ : इंटू द शैडोज' अमेजॉन प्राइम वीडियो पर और 'लूडो' नैटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। दोनों में उनके काम को पॉजिटिव रिव्यूज मिले। अब सितंबर 2021 में वह 'ब्रीथ' के तीसरे सीजन में नजर आएंगे। इसके अलावा इसी साल वह 'द बिग बुल' में भी दिखेंगे।

# बिग बी के साथ नजर आएंगी रश्मिका

5 अप्रैल 1996 को पैदा हुई रश्मिका मंदाना, अपनी खुबसूरती के दम पर तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों की सबसे अधिक लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी फिल्में वहां जबरदस्त कामयाब रहती हैं। 2016 में 'किरिक पार्टी' के साथ रश्मिका मंदाना ने एक्टिंग करियर की शुरूआत की। उसके बाद 2017 में उन्होंने 'अंजनी पुत्र' और 'चामक' जैसी दो और जबरदस्त हिट फिल्में दीं। 2018 में उन्होंने रोमांटिक ड्रामा वाली 'चालो' के साथ तेलुगू फिल्मों में डैब्यू किया। उसी वर्ष उन्होंने रोमकॉम फिल्म गीत गोविंदम' में काम किया जो तेलुगू सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इस फिल्म ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। रश्मिका मंदाना की तेलुगू फिल्म 'देवदास' बड़े बजट की मल्टी स्टारर फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रश्मिका को तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों की कामयाब अभिनेत्रियों में शुमार कर लिया गया। इन दोनों भाषाओं की अनेक फिल्मों में वह अब तक काम कर चुकी हैं। रश्मिका मंदाना साउथ सिनेमा से निकल कर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनूं' से बॉलीवुड में डैब्यू करने जा रही हैं। यह फिल्म भारत द्वारा पाकिस्तान की धरती पर 1970 में किए गए, सबसे प्रभावशाली ऑपरेशन की एक सच्ची घटना से प्रेरित देशभक्ति की कहानी है। इसमें यह दिखाया जाएगा कि रॉ एजैंट अपने देश के नागरिकों की हिफाजत के लिए किस तरह साहसिक कारनामों को अंजाम देते हैं। कई अवार्ड जीत चुके एड. फिल्म मेकर शांतनु बागची इस फिल्म के साथ निर्देशन में डैब्यू करने जा रहे हैं। 'उरी द सर्जिकल स्ट्राइक' के बाद रॉनी स्क्रूवाला के साथ अमर बुटाला और गरिमा मेहता इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। रश्मिका साउथ की बेहद खूबसूरत और टैलेंटिड एक्ट्रेसों में से एक हैं। वहां पर उनके नाम कई सफलताएं दर्ज हैं। इसलिए उम्मीद की जा रही है कि यह एक ऐसी फिल्म साबित होगी जो दर्शकों को फिर से सिनेमाघरों तक वापस लाने में कामयाब रहेगी। बोलती हुई आंखों वाली रश्मिका को हर भाषा के दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। 'मिशन मजनू' का हिस्सा बनकर वह बेहद उत्साहित हैं। एक लंबे समय से बॉलीवुड को भी उनके डैब्यू का इंतजार था जो अब पूरा होने जा रहा है। 'मिशन मजनू' के साथ रश्मिका का नाम जुड़ते ही, उन्हें एक और बॉलीवुड की बड़ी फिल्म 'डेडली' ऑफर हुई है। इसे एकता कपूर और रिलायंस द्वारा प्रोड्यूस करने जा रहे हैं। इसमें वह अमिताभ बच्चन के साथ नजर आएंगी। इसे विकास बहल निर्देशित करेंगे। मार्च 2021 से इसकी शूटिंग स्टार्ट टू फिनिश शैड्यूल में खत्म की जाएगी। इस फिल्म की कहानी पिता पुत्री के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आएंगी। नीना गुप्ता भी फिल्म का हिस्सा होंगी।





> रश्मिका मंदाना की तेलुगू फिल्म 'देवदास' बड़े बजट की मल्टीस्टारर फिल्म थी। इस फिल्म के बाद रश्मिका को तेलुगू और कन्नड़ फिल्मों की कामयाब अभिनेत्रियों में शुमार कर लिया गया। इन दोनों भाषाओं की अनेक फिल्मों में वह अब तक काम कर चुकी हैं। रश्मिका मंदाना साऊथ सिनेमा से निकल कर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'मिशन मजनू' से बॉलीवुड में डैब्यू करने जा रही हैं।



# सुर्खियों में हैं सोनल

**फिल्म** 'जन्नत' से बॉलीवुड में डैब्यू करने वाली एक्ट्रेस सोनल चौहान हाल ही के दिनों में अपनी खूबसूरत बिकीनी फोटोज के कारण चर्चा में आ गई थीं। सोनल की ये बिकीनी फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। अब सोनल ने अपनी शादी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि वह 2 बार शादी करना चाहती हैं। लोग सोनल के इस बयान से ताज्जुब में पड़ रहे हैं। सोनल ने कहा है कि वह नेचर से बहुत प्यार करती हैं और इसलिए वह 2 बार शादी करना चाहती हैं। एक बार वह समुद्र किनारे बीच पर जबकि दूसरी बार पहाड़ों पर शादी रचाना चाहती हैं। हालांकि सोनल ने यह जरूर साफ कर दिया है कि वह अभी किसी के साथ रिलेशनशिप में नहीं हैं और न ही उन्हें अपना मिस्टर राइट अभी तक मिला है। बीच पर अपनी तस्वीरें सामने आने के बाद सोनल ने कहा, 'हां, मुझे नेचर से प्यार है और यह हमारी जिंदगी में काफी वैल्यू रखती है। मेरे लिए नेचर के बीच रहने से ज्यादा खुश करने वाली कोई बात नहीं होती है। चाहे वह बाहर टहलना हो या पेड़ों के बीच चिड़ियों की चहचहाहट सुनना, इसीलिए मैं जल्दी जाग जाती हूं और क्योंकि उस समय काफी खामोशी होती है और आप नेचर की आवाज सुन सकते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनल चौहान ने इमरान हाशमी के अपोजिट 'जन्नत' से डैब्यू किया था। इसके बाद सोनल ने कई फिल्मों में काम किया, लेकिन कुछ खास सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद सोनल ने साऊथ की फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। सोनल पिछली बार हिंदी फिल्म 'जैक एंड दिल' में दिखाई दी थीं।

# अमेजॉन के साथ मेरी पांच फिल्मों की डील : शाहिद कपूर

पिछले दिनों इस तरह की चर्चा जोरों पर रही कि शाहिद कपूर ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'योद्धा' छोड़ दी है। इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं कि शाहिद फिल्म की स्क्रिप्ट से संतुष्ट नहीं थे। इस घटना पर टिप्पणी करते हुए इंडस्ट्री से जुड़े कुछ लोगों का कहना था कि 'कबीर सिंह' की कामयाबी के बाद शाहिद काफी घमंडी हो गए हैं और हर फिल्म के साथ वह सिर्फ अपनी चलाना चाहते हैं। उन्हें सिर्फ वही पसंद आता है जो उन्हें अच्छा लगता है। इस तरह की खबरें भी आईं कि फिल्म के लिए शाहिद कपूर द्वारा दी गई डेट्स को अचानक उन्होंने अपनी मर्जी से आगे बढ़ा दिया। उसके बाद ही यह विवाद पैदा हुआ। 'योद्धा' के लिए शाहिद कपूर और उनके अपोजिट दिशा पटानी के नामों का ऑफिशियली अनाऊंसमैंट होना बाकी था लेकिन उसके पहले ही इस तरह की बात सामने आ जाने से यह प्रोजैक्ट संकट में नजर आने लगा। सूत्रों के अनुसार फिल्म के डायरैक्टर शशांक खेतान और करण जौहर ने शाहिद को मनाने की पूरी कोशिश भी की लेकिन शाहिद तैयार नहीं हो रहे थे जबकि फिल्म की शूटिंग जल्दी ही शुरू होनी थी। शाहिद के न मानने पर करण जौहर किसी और एक्टर को प्रपोज करने का मन भी बना चुके थे, लेकिन तभी शाहिद ने अचानक से करण जौहर की सारी शर्तें स्वीकार करते हुए फिल्म में खुद के होने की खबर को कन्फर्म कर दिया। उम्मीद की जा रही है कि शाहिद कपूर के कन्फर्मेशन के बाद अब करण जौहर किसी वक्त भी फिल्म का ऑफिशियल अनाऊंसमैंट कर सकते हैं। प्रस्तुत हैं इसी मुद्दे पर शाहिद कपूर के साथ की गई बातचीत के मुख्य अंश :



**करण जौहर और निर्देशक शशांक खेतान की 'योद्धा' से आपने खुद को अलग कर लिया था। इसकी एक वजह आप दोनों के बीच क्रिएटिव डिफ्रैंसेज बताए जा रहे थे। फिर अचानक ऐसा क्या हुआ कि फिर से आप इस प्रोजैक्ट में आ गए?**

'कबीर सिंह' के बाद मैं कुछ ज्यादा ही बिजी चल रहा हूं। मैं समझ रहा हूं कि एक एक्टर को इतना ज्यादा भी बिजी नहीं होना चाहिए कि काम के लिए वक्त न मिले और काम पर कंसंट्रेट न कर सकें। ज्यादा काम के चक्कर में डेट इश्यू होना स्वाभाविक है लेकिन अब सब कुछ तय हो चुका है।

**'योद्धा' की शूटिंग जनवरी में शुरू होनी थी, लेकिन आपकी वजह से ऐसा नहीं हो सका। अब यह कब फ्लोर पर जाएगी?**

मैं इस महीने अपनी डैब्यू वैब सीरीज की शूटिंग के लिए गोवा जा रहा हूं। इसके बाद मार्च में इसका अगला शैड्यूल मुंबई में शुरू होगा। उसके बाद मैं 'योद्धा' पर काम शुरू करूंगा। यह कहना सही नहीं है कि यह फिल्म जनवरी से शुरू होनी थी और ऐसा न होने की वजह मैं हूं। शुरू से ही करण सर की मार्च 2021 से फिल्म की शूटिंग शुरू करने की प्लानिंग रही है।



**आप अपनी डैब्यू वैब सीरीज के बारे में कुछ बताएं?**

इसे 'हैप्पी एंडिंग' और 'स्त्री' जैसी शानदार फिल्में बनाने वाले निर्देशक राज निदिमोरू और कृष्णा डी.के. डायरैक्ट करेंगे। इसमें मैं विजय सेतुपति के साथ काम कर रहा हूं। यह एक एक्शन थ्रिलर प्रोजैक्ट है। इसका टाइटल 'गंवार' रखा गया है।

**आपने अमेजॉन प्राइम के साथ 5 फिल्मों की जो डील की है, क्या आपके डिजीटल डैब्यू की यह वैब सीरीज उसी का हिस्सा है?**

जी बिलकुल, यह उन्हीं पांच में से पहली है। बाकी 4 पर राइटिंग वर्क चल रहा है जिनमें से एक पर मैं 'योद्धा' के बाद जून से काम शुरू करूंगा।

**साऊथ की सुपर हिट फिल्म 'जर्सी' का हिंदी रीमेक कोरोना के कारण काफी लेट हो चुका है। अब यह फिल्म कब तक रिलीज हो सकेगी?**

इसका पोस्ट प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। फिल्म के डायलॉग्स शूटिंग के दौरान ही 'सिंक साऊंड मैथर्ड' में शूट किए जा चुके हैं। ऐसे में डबिंग थिएटर में जाकर अलग से डायलॉग रिकॉर्ड करने की जरूरत नहीं होगी। इसलिए उम्मीद है कि बहुत जल्दी इसका बचा हुआ काम पूरा कर, इसकी रिलीज डेट घोषित की जाएगी।



## नीना गुप्ता

एक्ट्रेस नीना गुप्ता के किरदार को अमेजॉन प्राइम वीडियो की सीरीज 'पंचायत' में काफी पसंद किया गया। इसके अलावा वह अपनी बेटी मसाबा गुप्ता पर बनी नैटफ्लिक्स की फिल्म 'मसाबा-मसाबा' और डिज्नी प्लस हॉटस्टार की 'परिवॉर' में भी नजर आईं। अब इस साल वह डायरैक्टर कबीर खान की मल्टीस्टारर फिल्म '83' में कैमियो रोल में दिखेंगी। इसके अलावा नीना थ्रिलर ड्रामा फिल्म डायल 100 में दिखाई देंगी, जिसमें मनोज बाजपेयी और साक्षी तंवर भी लीड रोल में हैं। यही नहीं, वह संजय मिश्रा स्टारर फैमिली ड्रामा 'ग्वालियर' में भी अहम रोल में नजर आएंगी।




## मनोज वाजपेयी

अपनी दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर मनोज वाजपेयी की साल 2020 में 'मिसेज सीरियल किलर' वैब सीरीज रिलीज हुई। इसके अलावा 13 नवंबर 2020 को उनकी फिल्म 'सूरज पे मंगल भारी' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अब फरवरी 2021 में उनकी मच अवेटेड सीरीज 'द फैमिली मैन 2' रिलीज होने जा रही है। इसके अलावा वह 'डायल 100' में भी दिखाई देंगे।



## बॉबी देओल

बॉलीवुड में कई हिट फिल्में देने के बाद बॉबी देओल एकदम से गायब हो गए थे लेकिन ओ.टी.टी. प्लैटफॉर्म के जरिए उन्होंने 2020 में जबरदस्त वापसी की। पहले वह 'क्लास ऑफ 83' में लीड रोल में नजर आए और उनके अभिनय की प्रशंसा हुई। इसके बाद वह एम.एक्स. प्लेयर की वैब सीरीज 'आश्रम' में एक ढोंगी बाबा के किरदार में दिखे, जिससे लोगों ने काफी कनैक्ट किया। अब 2021 भी बॉबी के लिए बड़ा साल साबित होनेवाला है। वह शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाऊस रेड चिलीज के बैनर तले बन रही फिल्म 'लव हॉस्टल' में विक्रांत मेसी और सान्या मल्होत्रा जैसे एक्टर्स के साथ दिखेंगे। इसके अलावा वह सुपरहिट फिल्म अपने के सीक्वेल 'अपने 2' में भी नजर आएंगे।



## पंकज त्रिपाठी

अपनी एक्टिंग और डायलॉग डिलिवरी के लिए मशहूर एक्टर पंकज त्रिपाठी अब फिल्मों का जाना-माना नाम बन चुके हैं। फिल्मों या वैब सीरीज में उनकी मौजूदगी ही हिट की गारंटी बनती जा रही है। साल 2020 में वह 'एक्सट्रैक्शन', 'गुंजन सक्सेना : द करगिल गर्ल' और 'लूडो' जैसी सीरीज और फिल्मों में नजर आए। सभी में उनके काम की सराहना हुई। 2021 की शुरु आत वह 'कागज' के साथ कर चुके हैं और अब वह 'मुंबई सागा', '83', 'संदीप और पिंकी फरार' और 'बच्चन पांडे' जैसी बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे।